RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 112
नई दिल्ली, शनिवार, 25 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



इस हार से उबरने में न जाने कितने दिन और लगेंगे

स्पोर्ट्स-12

# जी-20 वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता वापस लाएं: पीएम

## मोदी ने विकासशील देशों मे उच्च ऋण के खतरों से किया आगाह

- दुनिया के सबसे कमजोर नागरिकों पर ध्यान देने का आह्वान
- जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की दो दिवसीय बैठक शुरू



**एजेंसी।** बेंगलुरु

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-20 देशों से दुनिया के सबसे कमजोर नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कुछ विकासशील देशों के सामने असहनीय कर्ज के खतरे को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, यह अब आप (जी-20 के सदस्य देशों) पर निर्भर करता है जो दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं और मौद्रिक प्रणालियों के संरक्षक हैं कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता, भरोसा और वृद्धि वापस लाएं। यह आसान काम नहीं है।

उन्होंने जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की दो दिवसीय बैठक की शुरुआत में एक वीडियो संदेश में कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की तेजी से सुधार लाने में अक्षमता के कारण उनके प्रति विश्वास कम हुआ है।

उन्होंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का जिक्र किया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई सीधा संदर्भ नहीं दिया। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अभी भी महामारी के बाद के प्रभावों और व्यापक भू-राजनीतिक तनावों के असर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन घटनाक्रमों ने कई देशों की वित्तीय व्यवहार्यता को खतरे में डाल दिया है। (शेष पेज 8)

### विकासशील देशों की कर्ज को लेकर स्थिति नाजुक



**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कई विकासशील देशों की कर्ज को लेकर नाजुक होती स्थिति का विषय उठाया और इस भार से निपटने के लिए बहुपक्षीय समन्वय के बारे में जी-20 के सदस्य देशों से विचार आमंत्रित किए। जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीतारमण ने इस विषय पर भी विचारों को आमंत्रित किया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (शेष पेज 8)

# नहीं होगा कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव

- रायपुर में 85वें महाधिवेशन में सीडब्ल्यूसी सदस्यों को नामित करने के लिए पार्टी अध्यक्ष खड़गे को किया गया अधिकृत
- ताजा फैसले से विशेषकर काबिल युवा नेताओं को लग सकता है धक्का




**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर/नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के रायपुर में कांग्रेस के महाधिवेशन के पहले दिन बड़ा कदम उठाते हुए कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का चुनाव नहीं कराने का फैसला लिया गया है। संचालन समिति ने पार्टी की इस शीर्ष नीति निर्धारक इकाई के सदस्यों को नामित करने के लिए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अधिकृत किया है। इस निर्णय से विशेषकर युवा पंक्ति के नेताओं में नाराजगी बढ़ सकती है।

कभी कांग्रेस में आमूल-चूल परिवर्तन की मांग को लेकर उभरे जी-23 समूह का हिस्सा रहे एक सांसद ने कहा कि चुनाव के बजाय नामित सदस्यों के जरिए सीडब्ल्यूसी गठन का फैसला निश्चित रूप से उन नेताओं के लिए बड़ा धक्का है, जो काबिल हैं और पार्टी में जिम्मेदारी मिलने का सब्र के साथ इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि नामित प्रक्रिया से तो चापलूस नेताओ को ही इसमें जगह मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

तीन दिवसीय महाधिवेशन के पहले दिन सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं कराने के फैसले पर प्रतिक्रिया मांगने पर सांसद ने पायनियर से कहा कि उन्होंने सभी पत्ते गुप्त रखे हैं। संचालन समिति की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मौजूद नहीं थे। सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोपहर बाद करीब तीन बजे और शाम को प्रियंका वाड्रा रायपुर पहुंचीं। सूत्रों ने कहा कि गांधी परिवार संचालन समिति की बैठक से इसलिए अनुपस्थिति रहा, ताकि नेता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से अपनी राय रख सकें। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस ने अपने संविधान में इस संशोधन का प्रस्ताव दिया है कि पार्टी से ताल्लुक रखने वाले प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी के स्थायी सदस्य होंगे। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के साथ ही, मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी स्वत: पार्टी की नई कार्य समिति के सदस्य हो जाएंगे। लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस के नेताओं को भी कार्य समिति में स्थान देने का प्रस्ताव है। यदि संविधान में संशोधन के इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो सीडब्ल्यूसी में मौजूदा 25 स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ जाएगी।संचालन समिति की बैठक में कई सदस्यों ने इस संशोधन का प्रस्ताव दिया कि कांग्रेस सदस्यों के लिए वर्जित नशीले पदार्थों के सेवन की पाबंदी हो। हालांकि कुछ लोगों की राय थी कि शराब पीने पर रोक वाले प्रावधान को संशोधित किया जाए। खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद कार्य समिति के स्थान पर संचालन समिति का गठन किया गया था। संचालन समिति की करीब तीन घंटे की बैठक के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सीडब्ल्यूसी के चुनाव के संदर्भ में हुए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि संचालन समिति ने सर्वसम्मति से तय किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकार दिया जाए कि वह कार्य समिति के सदस्य नामित करें। उनका कहना था (शेष पेज 8)

# पूर्वोत्तर राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी

## कांग्रेस ने पूरब के इन प्रदेशों को एटीएम की तरह किया इस्तेमाल

- चुनाव से पहले पीएम का नगालैंड-मेघालय दौरा, विपक्ष पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** शिलांग/दीमापुर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए पूर्वोत्तर के आठ राज्य अष्टलक्ष्मी हैं और पार्टी यहां शांति एवं विकास के लिए काम कर रही है। चुनावी राज्य मेघालय और नगालैंड में रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने पूर्वोत्तर के राज्यों को हमेशा एटीएम की तरह इस्तेमाल किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय में एक रैली में अपने राजनीतिक विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन लोगों को देश ने नकार दिया और इस वजह से जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वे इन दिनों मोदी तेरी कब्र खुदेगी की माला जप रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता इस प्रकार के विकृत सोच वालों को करारा जवाब देगी, क्योंकि देश का हर कोना आज कह रहा है कि मोदी तेरा कमल खिलेगा।

रैली को संबोधित करने से पहले उन्होंने एक रोड शो भी किया। प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने मेघालय के हितों को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी और उन्होंने यहां के लोगों को छोटे-छोटे मुद्दों पर बांट दिया। इस राजनीति ने बहुत नुकसान किया है। (शेष पेज 8)

# देश में भ्रष्टाचार से आम आदमी त्रस्त: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- किसी भी सरकारी दफ्तर में चले जाइए आप खराब अनुभव के बिना बाहर नहीं आ सकते : न्यायाधीश

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत में आम आदमी भ्रष्टाचार से त्रस्त है। इससे निजात पाने के लिए सभी स्तरों पर जवाबदेही तय करने की जरूरत है। न्यायालय ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए की है, जिसमें उन लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने का अनुरोध किया गया, जिनके खिलाफ आपराधिक मामलों में आरोप तय किए जा चुके हैं।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि भारत में आम आदमी भ्रष्टाचार से त्रस्त है। किसी भी सरकारी दफ्तर में चले जाइए, आप खराब अनुभव के बिना बाहर नहीं आ सकते। प्रख्यात न्यायविद नानी पालकीवाला ने अपनी किताब वी द पीपल में इस बारे में बात की है। यदि आपको वास्तव में वैसा देश बनना है, जिसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं, तो हमें अपने मूल मूल्यों और चरित्र की ओर लौटना पड़ेगा। जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि जघन्य अपराध में जिस व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय किए गए हों, वह किसी सरकारी कार्यालय में चपरासी तक या पुलिस कांस्टेबल तक नहीं बन सकता, लेकिन वही व्यक्ति मंत्री बन सकता है, चाहे उस पर वसूली, अपहरण और हत्या जैसे अपराधों के मामले दर्ज क्यों न हों।न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र के (शेष पेज 8)

# स्थायी समिति चुनाव में तीसरे दिन भी भारी हंगामा, मारपीट

- पार्षदों ने एक-दूसरे पर लात-घूसे बरसाए, बोतलों से हमला किया, महिला पार्षदों के बाल खींचे गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**नगर निगम** की स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए मतगणना के बाद भारी हंगामा हो गया। भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के बीच जमकर मारपीट हुई। उन्होंने एक-दूसरे पर लात-घूसे बरसाए और बोतलों से हमला किया। महिला पार्षदों के बाल खींचे गए आप ने नवनियुक्त महापौर शैली ओबराय पर हमले का भी आरोप लगाया है। देर शाम तक अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका था।स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव में कुल 250 में से 242 सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जबकि कांग्रेस के आठ पार्षद मंदीप सिंह, अरीबा खान, नाजिया दानिश, समीर अहमद, शगुफ्ता चौधरी जुबैर, सबिला बेगम, नाजिया खातून और जरीफ ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस चुनाव में सात प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी के आमिल मलिक (श्री राम कॉलोनी वार्ड), रमिंदर कौर (फतेह नगर वार्ड), मोहिनी जीनवाल (सुंदर नगरी वार्ड) और सारिका चौधरी (दरियागंज वार्ड) को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं भाजपा की तरफ से कमलजीत सहरावत (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,463 | ↓ | 141 | |
| निफ्टी | 17,465 | ↓ | 45 | |
| सोना | 55,840 | ↓ | 80 | /10g |
| चांदी | 64,517 | ↓ | 767 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कट्टरपंथी अमृतपाल का सहयोगी लवप्रीत रिहा

**अमृतसर।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के सहयोगी तथा अपहरण के मामले में आरोपी लवप्रीत सिंह तूफान को शुक्रवार को यहां जेल से रिहा कर दिया गया। पंजाब के अजनाला की एक अदालत ने लवप्रीत सिंह को रिहा करने का आदेश दिया था और इसके कुछ घंटे बाद उसे अमृतसर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया।खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने लवप्रीत सिंह की रिहाई को लेकर बृहस्पतिवार को अजनाला पुलिस थाने पर धावा बोल दिया था। उपदेशक के समर्थकों ने बैरिकेड तोड़ दिए थे और यहां पुलिस थाना परिसर में बृहस्पतिवार को हंगामा किया था। इस दौरान कुछ समर्थकों के हाथों में तलवारें और बंदूकें थी। समर्थक मांग कर रहे थे कि लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान को रिहा किया जाए। पंजाब पुलिस ने लवप्रीत सिंह को उसे इस आधार पर रिहा करने के लिए अदालत में एक अर्जी दी थी कि वह उक्त मामले मे शामिल नही था और अपराध के समय मौजूद नही था। शुक्रवार को पुलिस थाने और अजनाला में कड़ी सुरक्षा की गई। जब लवप्रीत सिंह जेल से बाहर आया तो उसके समर्थकों ने उसका स्वागत किया।

### निर्माणाधीन छत गिरी सात मजदूरों की मौत

**मेरठ ।** मेरठ के जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर दौराला क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर कोल्ड स्टोरेज में निर्माणाधीन छत के गिर जाने से कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई तथा 30 अन्य घायल हो गए।मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि इस हादसे में सात मजदूरों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि 27 मजदूरों को मलबे के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रशासन के अनुसार हताहत मजदूर जम्मू के उधमपुर जनपद के थे। उन्होंने बताया कि मजदूरों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी गठित कर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।पुलिस और प्रशासन की टीम बचाव और राहत कार्य में जुटी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को भी बुलाया गया है। अभी आधा दर्जन से अधिक लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही हैं। इससे पहले दौराला के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष शर्मा ने बताया था कि पांच लोगों के मरने की सूचना है।

# दुहाई-साहिबाबाद खंड पर अप्रैल से दौड़गी रैपिड रेल

## पहले एक जून से शुरू होना था परिचालन लेकिन समय में किया गया बदलाव, मेट्रो से तीन गुना अधिक गति से चलेगी ट्रेन

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारा



**महत्वाकांक्षी** दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे दुहाई-साहिबाबाद प्राथमिकता वाले खंड का परिचालन अप्रैल तक शुरू होने की उम्मीद है, जिस पर मेट्रो ट्रेन की गति से तीन गुना अधिक गति से ट्रेन चलेंगी।

एक सूत्रों ने बताया, पहले जून से परिचालन शुरू होना था, लेकिन अब यह अप्रैल तक शुरू होने की उम्मीद है। आरआरटीएस गलियारे पर मेट्रो ट्रेन की गति से तीन गुना अधिक गति से रैपिड ट्रेन चलेंगी। ये ट्रेन, मेट्रो ट्रेन के समान ही दिखती हैं, लेकिन इनमें डिब्बों के अंदर मिनी स्क्रीन लगाने समेत कई अतिरिक्त सुविधाएं दी गई हैं।

गौरतलब है कि देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे का परिचालन दिल्ली और मेरठ के बीच होगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने कहा था कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस के पूरे गलियारे का परिचालन वर्ष 2025 तक शुरू किया जाना है।आरआरटीएस गलियारे की विशेषताओं में ट्रेन के डिब्बों में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए निर्धारित स्थान, प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे और स्टेशन पर पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ के लिए समर्पित स्थान शामिल होंगे। आरआरटीएस का परिचालन जल्द ही दिल्ली और मेरठ के बीच शुरू होगा।

आरआरटीएस कॉरिडोर के दुहाई डिपो-साहिबाबाद खंड के स्टेशनों को अब आरआरटीएस की विशिष्ट पहचान नीले रंग से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रेन के अलावा स्टेशनों पर भी कई नई सुविधाएं की जा रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने आरआरटीएस के विभिन्न घटकों का परीक्षण करने के लिए शुक्रवार को दुहाई डिपो-साहिबाबाद खंड में एक और परीक्षण किया। यात्रियों के लिए पहुंच बढ़ाने और यात्रियों को लिंक रोड तथा दिल्ली-मेरठ रोड जैसी व्यस्त सड़कों को सुरक्षित रूप से पार करने में मदद करने के लिए एनसीआरटीसी एलिवेटेड स्टेशनों के प्रवेश और निकास बिंदुओं का निर्माण आरआरटीएस कॉरिडोर के दोनों सड़कों के किनारों पर कर रहा है।

प्रवेश और निकास बिंदु न केवल आरआरटीएस यात्रियों के लिए, बल्कि पैदल यात्रियों के लिए भी सुलभ होंगे, जो आरआरटीएस स्टेशनों के भुगतान क्षेत्र में प्रवेश किए बिना प्रमुख सड़कों को पार करने के लिए उनका उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा पैदल चलने वालों के सुरक्षित आवागमन और स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन में भी मदद करेगी।

अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादातर आरआरटीएस स्टेशनों में तीन से चार मंजिल हैं और कई लिफ्ट तथा एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। आरआरटीएस स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन दरवाजे (पीएसडी) लगाए जा रहे हैं जो डबल-टेम्पर्ड शीशे वाले होंगे। ये ट्रेन, पटरी और यात्रियों के बीच एक सुरक्षा ढाल के रूप में कार्य करेंगे। ट्रेन के डिब्बों में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए एक निर्दिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। चिकित्सा जरूरतों के लिए स्ट्रेचर की आवाजाही की सुविधा के लिए स्टेशनों पर बड़ी लिफ्ट भी लगाई गई हैं।

# संरा ने यूक्रेन को लेकर गैर बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया, भारत मतदान से दूर रहा

**संयुक्त राष्ट्र, ।** (भाषा)। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रूस से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने और अपनी सेना को वापस बुलाने की मांग करने वाला गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव बृहस्पतिवार को पारित कर दिया और भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस प्रस्ताव में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थाई शांति तक पहुंचने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। भारत ने सवाल किया कि क्या युद्ध के एक साल बाद भी दुनिया ऐसे संभावित समाधान के थोड़ा भी करीब पहुंची जो रूस और यूक्रेन दोनों को स्वीकार्य होता। भारत उन 32 देशों में शामिल रहा, जिन्होंने 193 सदस्ईय महासभा में प्रस्ताव पर मतदान नहीं किया। महासभा ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन और उसके समर्थकों द्वारा पेश किए गए यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थाई शांति को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के सिद्धांत प्रस्ताव को अपनाया। प्रस्ताव के पक्ष में 141 और विरोध में सात मत पड़े। प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुरूप यूक्रेन में जल्द से जल्द, एक (शेष पेज 8)

# 1200 करोड़ में सुधरेगी विद्युत व्यवस्था





## होली के बाद शुरू होगा योजना पर काम, नए सब स्टेशनों का ओवरलोड कम होगा : वीके सिंह

### औद्योगिक क्षेत्रों को भी सप्लाई होगी बेहतर

योजना के पूरा होने से जिले की विद्युत व्यवस्था में काफी बदलाव होगा व नए बन रहे औद्योगिक क्षेत्रों को भी सप्लाई आसानी से मिल सकेगी। केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने योजना के तहत विभाग द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्धारित समय में योजना को शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता नीरज स्वरूप ने बताया कि इस योजना का सर्वे का काम पूरा हो गया है जिसमें बेसिक कार्य होली के बाद शुरू कर दिए जाएंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, शहर विधायक अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता महफूज आलम, अधीक्षण अभियंता एनके प्रसाद, अधीक्षण अभियंता नरेश भारती, कुलदीप चौहान, अनुज मित्तल आदि मौजूद रहे।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए 1200 करोड़ से विद्युत व्यवस्था की व्यवस्था करने का ऐलान हुआ है।

इस बाबत केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह ने जिला विद्युत समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने रीवैम्प डिस्ट्रब्यूशन रिफ र्मि स्कीम के क्रियान्वयन की समीक्षा की। होली के बाद इस योजना पर काम शुरू हो जाएगा। पांच साल में इस योजना में शामिल कार्य किए जाएंगे। योजना का लागत करीब 1200 करोड़ रखा गई है जिसमें से दो सौ करोड़ विद्युत विभाग को शासन से जारी हो गए हैं। इस योजना के तहत एलटी केबल, कंडेक्टर रिप्लेसमेंट, जर्जर एबी केबल, 11केवी लाइन के फीडर को अपडेट करना, एचटी लाइन डालना, 11 केवी एग्रीकल्चर फीडर को अलग करना, ओवर लोडेड फीडर का लोड कम करना, एक्स्ट्रा एलबी केबल और अतिरिक्त डीटीएस लगाना, 33 व 11 केवी के नए सब स्टेशन, नई 33 व 11 केवी लाइन निर्माण, नए सब स्टेशनों का ओवरलोड कम करना, इंस्टालेशन ऑफ कैपीसीटर बैंक, लाइन लॉस वाले क्षेत्रों में लाइन बदलना, पुराने स्विचगीयर, आईसोलेट बदलनान, कंट्रोल पैनल, बैटरी चार्जर, बैटरी सेट बदलना, फेंसिंग फ र पॉवर बदलना आदि काम किए जाएंगे।

## सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने की जी-20 की तैयारी की समीक्षा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने जी-20 समिट की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना विभाग, उद्यान विभाग, विद्युत अभियांत्रिकी और जनस्वास्थ्य विभाग को जी-20 को ध्यान में रखते हुए कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि जी.20 से पहले सिर्फमुख्य सड़कों और गोलचक्करों को ही नहीं, बल्कि पूरे शहर को चमकाना है। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा की सभी सड़कों अभियान चलाकर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जरूरत के हिसाब से पैच रिपेयर करने या फिर री-सर्फेसिंग करने को कहा है। बैठक के दौरान एसीईओ अदिति सिंह, मेधा रूपम, अमनदीप डुली व आनंद वर्धन समेत सभी वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।



## अवैध निर्माण के लिए क्षेत्रीय अवर अभियंता की होगी जवाबदेही: वीसी

गाजियाबाद। जीडीए वीसी आरके सिंह अवैध निर्माण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने की कोशिश में जुटे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर अवैध निर्माण होता कहीं पाया जाता है तो इसके लिए अंवर अभियंता जिम्मेदार होंगे। ताकी शहर का विकास मास्टर प्लान और जीडीए से पास ले.आउट के हिसाब से हो सके। हाल ही में लोनी में एक निर्माणाधीन फैक्ट्री का लेंटर गिर गया था। इस घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में जीडीए स्तर पर भी जांच चल रही है। अभी तक इस प्रकरण में एक सुपरवाइजर को निलंबित किया जा चुका है। कई और अधिकारियों पर भी कार्रवाई की आशंका बनी हुई है।

# महिला बैंक अधिकारी को लगी गोली

● हालत गंभीर, नन्दग्राम थाने में मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नन्दग्राम थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन की हाईराइज सोसाइटी फॉरच्यून रेजिडेंसी के डी-ब्लाक में रहने वाली महिला बैंक अधिकारी को देर रात रहस्यमय हालात में गोली लग गई।

वॉक करके अपने फ्लैट पर पहुंची 41 वर्षीय महिला आरती गाबा ने अपने पति मोहित गाबा को बताया कि उसकी छाती से खून निकल रहा है। खून निकलता देख मोहित गाबा के होश उड़ गये। उसके बाद उन्होंने उक्त घटना की सूचना अपने व पत्नी के परिजनों के देने के साथ.साथ नन्दग्राम थाना पुलिस को भी दे दी। गंभीर रूप से घायल महिला बैंक अधिकारी आरती गाबा को उनके पिता कुलदीप सिंह नेगी ने सेक्टर-23 में स्थित यशोदा अस्पताल में लगभग सवा बजे के आसपास भर्ती करवाया, जहां महिला की हालत नाजुक बताई जा रही थी।

सूत्रों के मुताबिक चिकित्सकों का कहना है महिला की चेस्ट में कोई वस्तु फंसी हुई है, वह छर्रा या गोली भी हो सकती है। डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि राजनगर एक्सटेंशन की फ रिच्यून रेजिडेंसी सोसायटी में हर्ष फ ायरिंग की घटना हुई है। इस वारदात के दौरान फ रिच्यून सोसाइटी के डी ब्लॉक की 12वीं मंजिल के फ्लैट संख्या सी 1202 में रहने वाली आरती गाबा पत्नी मोहित गाबा को गोली लगी है। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई प्राथमिक जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य नहीं मिले जिससे यह पता चले कि उक्त सोसायटी में हर्ष फायरिंग हुई।

अग्रवाल ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि महिला जब वॉक कर रही थी तो किसी ने एयर पिस्टल चला दी होगी और उसका छर्रा शायद महिला को लग गया होगा।

डीसीपी ने बताया कि महिला का उपचार चल रहा है। ऑपरेशन के बाद ही यह पता लग पायेगा कि महिला को गोली लगी है या लगा एयर पिस्टल का छर्रा अथवा किसी और वजह से चोट लगी। इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिये पुलिस हर ऐंगल पर जांच कर रही है।

# प्रोफेसर की पत्नी ने 11वीं मंजिल से कूदकर जान दी

गाजियाबाद। गाजियाबाद की शालीमार सिटी सोसाइटी में गुरुवार शाम को एक महिला ने 11वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतका की पहचान ऐश्वर्या पत्नी विवेक के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली थी। पति विवेक हावड़ा यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। जबकि ऐश्वर्या पूर्व में एक मीडिया संस्थान में कार्यरत थी।

दोनों की करीब 2 साल पहले शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि तीन महीने पहले पैदा हुए बच्चे की मृत्यु से ऐश्वर्या तनाव में थी। पुलिस भी खुदकुशी की यही वजह मान रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ऐश्वर्या 14 फरवरी को गाजियाबाद के शालीमार सिटी सोसाइटी में अपनी दोस्त प्रीति श्रीवास्तव के घर आई थी। तब से यहीं रुकी हुई थी। बताया जाता है कि प्रीति श्रीवास्तव ने ही ऐश्वर्या का कन्यादान किया था। इस वजह से दोनों में अच्छी दोस्ती थी। ऐश्वर्या बी.ब्लॉक टॉवर से बाहर निकली और ईबोनी टॉवर में पहुंच गई। इसके बाद वह 11वीं मंजिल से से नीचे कूद गई।

# नोएडा में 30 झोपड़ियां जलकर खाक

● लोगों को सामान खाक, जान बचाकर भागे पीड़ित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-138 स्थित इलाहबास गांव में बनी झुग्गी बस्ती में सुबह करीब पौने तीन बजे अचानक आग लग गई और फैलती गई। इसमें तीन दर्जन से ज्यादा झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं।

सूचना मिलते ही थाना 142 की पुलिस और एक दर्जन फायर टेंडर्स को बुलाया गया है। जिन्होंने कड़ी मशक्त के बाद आग पर आग पर काबू पाया। अभी तक किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। झुग्गी-झोपड़ियों में भीषण आग उससे निकलती चिंगारियों का दृश्य सेक्टर 138 के इलाहबास गांव का है। यहां सुबह पौने तीन बजे करीब अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप लेती चली गई और इसकी चपेट में तीन दर्जन से ज्यादा झोपड़ियां आ गईं। आग लगने से चारों तरफचीख-पुकार मच गई। आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही देर में सभी झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। हवाओं ने आग को और भी फैला दिया, जिसके चलते दमकल विभाग की डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को भी आग पर काबू पाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सभी झुग्गीवासी बेफिक्री से सो रहे थे, अचानक आग कैसे लगी इसका कुछ पता ही नहीं चला। अचानक आग से सभी लोग बचने के लिए बाहर आए।

देखते ही देखते आग ने सबकुछ जलाकर राख कर दिया। हम लोग खुद ही बाहर आ सके, कुछ भी सामान नहीं निकाल पाए। आग में सबकुछ जलकर खाक हो गया।

आग की सूचना मिलते ही पुलिस और एक दर्जन फायर टेंडर मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने में जुट गईं।


**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है,को **31.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLNOD00269763**, के लिए **रु. 22,18,418/- (रुपए बाईस लाख अठारह हजार चार सौ अठारह मात्र)** के लिए **21.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.02.2023** से प्रभावी जो **विनोद शर्मा** और **नीलम शर्मा** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 17,00,000/- (रुपए सत्रह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,70,000/- (रुपए एक लाख सित्तर हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**तीसरी मंजिल, छत के अधिकार के साथ निर्मित प्रॉपर्टी नं. के 50, क्षेत्रफल 75 वर्ग गज यानी 62.71 वर्ग मीटर, रेक्टेंगल नं. 91 (91/5) में से (आकार 22.5' द 30') खसरा नं. 5, हस्तसाल दिल्ली क्षेत्र के रिवेन्यू एस्टेट में स्थित अबादी जिसे के-ब्लॉक उत्तम नगर के नाम से जाना जाता है, सामान्य सीढ़ी के साथ जमीन सहित नीचे जमीन के उपयोग के आनुपातिक अधिकारों के साथ अलग पानी और बिजली कनेक्शन (दक्षिणी भाग), ब्लॉक के-50 के साथ प्रवेश पनडुब्बी कनेक्शन, बाल उद्यान रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059। द्वारा परिबद्ध:**

**पूर्व : गली 15' चौड़ी**
**पश्चिम : प्लॉट नं. के 51**
**उत्तर : प्लॉट का हिस्सा**
**दक्षिण : गली 15 'चौडी**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**दिनांक: 22.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **21.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLRHN00312768** के लिए **रु. 16,22,684/- (रुपए सोलह लाख बाईस हजार छह सौ चौरासी मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **स्वाधीन कुमार पांडा** और **रश्मिता पांडा** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 9,65,000/- (रुपए नौ लाख पैंसठ हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 96,500/- (रुपए छियानवे हजार पांच सौ मात्र)** यानि यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**बिना छत/बरामदा के ऊपरी तल मंजिल के अधिकार, निर्मित संपत्ति के पीछे की ओर प्लॉट नंबर ठन-ढ्अ-58, 40 वर्ग गज यानी 33.45 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 18/5 के बाहर, रिवेन्यू एस्टेट, गांव मटियाला एक्सटेंशन में स्थित ब्लॉक-सी, अब टीए-ब्लॉक, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 के रूप में जाना जाता है, जिसके नीचे जमीन के आनुपातिक अधिकार, सामान्य सीढ़ी, लिफ्ट की सुविधा, प्रवेश और पैसेज, संबंधित अधिकारों सहित, भवन के सभी सामान्य अधिकारों के साथ, सामान्य एक के साथ उक्त संपत्ति के तल मंजिल पर दोपहिया पार्किंग की जगह और यह निम्नानुसार परिबद्ध है: -**

**पूर्व : अन्य की संपत्ति**
**पश्चिम : अन्य की संपत्ति**
**उत्तर : अन्य की संपत्ति**
**दक्षिण : संपत्ति का हिस्सा**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**दिनांक: 22.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **16.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HDHLROH00485571 (पूर्व डीएचएफएल का एलएएन कोड 00001027)** के लिए **रु. 25,90,895/- (रुपए पच्चीस लाख नब्बे हजार आठ सौ पंचानवे मात्र)** के लिए **16.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **17.02.2023** से प्रभावी जो **रॉयमोन जे** और **बिंसी के जोस** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 18,00,000/- (रुपए अठारह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,80,000/- (रुपए एक लाख अस्सी हजार मात्र)** यानि यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**पहली मंजिल के पीछे की ओर मध्य/पूर्वी भाग, छत के अधिकार के बिना, 60 वर्ग गज का क्षेत्र जिसमें प्राइवेट नंबर 11 है, फ्रीहोल्ड निर्मित प्रॉपर्टी नं. सी-23 और सी-23-ए से बाहर, 400 वर्ग गज के क्षेत्र में निर्मित (200+200) गाँव नवादा, मटियाला रोड, किरण गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059, दिल्ली के रिवेन्यू एस्टेट में स्थित खसरा संख्या 923 में से, सामान्य प्रवेश, मार्ग, सीढ़ी, लिफ्ट, सबमर्सिबल, ओपन शाफ्ट क्षेत्र के सामान्य अधिकारों के साथ, सामान्य पार्किंग क्षेत्र में एक बाइक पार्किंग अधिकार के साथ-साथ उक्त प्लॉट के तहत भूमि के आनुपातिक अविभाजित अविभाज्य और गैर-विभाजित फ्रीहोल्ड अधिकार उपलब्ध है और यह निम्नानुसार परिबद्ध है:**

**उत्तर : प्लॉट नं. सी-22**
**दक्षिण : प्लॉट नं. सी- 24**
**पूर्व : गली**
**पश्चिम : रोड**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**दिनांक: 22.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **21.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLNOD00496129** के लिए **रु. 18,73,534/- (रुपए अठारह लाख तिहत्तर हजार पांच सौ चौंतीस मात्र)** के लिए **17.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **18.02.2023** से प्रभावी जो **मंजू (गारंटर) के साथ कुंवर पाल सिंह उर्फ कुंवर पाल सिंह** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 13,50,000/- (रुपए तेरह लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,35,000/- (रुपए एक लाख पैंतीस हजार मात्र)** यानि यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**आवासीय निर्मित संपत्ति संख्या 226, पुराना एमपीएल नंबर 1438-पी/20-ई/1, प्लॉट नं. 2 का हिस्सा, 40 वर्ग गज का क्षेत्रफल यानि तीसरी मंजिल पर 33.44 वर्ग मीटर (छत के अधिकार के साथ) इसकी पूरी संरचना के साथ बलबीर नगर एक्सटेंशन, इलाका शादरा, दिल्ली - 110032 की आबादी में गांव सिकंदरपुर में स्थित खसरा नंबर 972/109 के हिस्से के साथ, सीढ़ी, मार्ग, गैलरी और एक मोटर के सामान्य अधिकारों के साथ साइट पर निर्मित, सभी फिक्स्चर और फिटिंग के साथ स्टिल्ट फ्लोर में साइकिल पार्किंग, सामान्य प्रवेश द्वार के साथ-साथ, नीचे की जमीन के आनुपातिक, निष्पक्ष, अविभाज्य, अविभाजित स्वामित्व अधिकारों के साथ स्थित है. उक्त संपत्ति की परिबद्धता निम्न प्रकार है:**

**उक्त संपत्ति की सीमाएं निम्नानुसार हैं:**

**पूर्व : सड़क**
**पश्चिम : दूसरों की संपत्ति**
**उत्तर : संपत्ति संख्या 225**
**दक्षिण : उक्त संपत्ति का हिस्सा**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**दिनांक: 22.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Vivek Ranjan Shrivastava is the owner of Entire First Floor, without Roof/Terrace Rights (hereinafter referred to as the "Said Floor") built on Property bearing No. 82, area measuring 25.90 Sq. Mtrs., in Block-B, Pocket-7, Sector-17, situated at Rohini, Delhi vide a Relinquishment Deed dated 22.12.2022, Doc No. 15016. All persons are here by informed that above owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Sharmila is the owner of Built up area measuring 150 Sq., Yds., part of Property bearing No. 20/21, area measuring 350 Sq., Yds., out of Khasra No. 514, Situated in the area of Village Nasirpur, in the colony known as Gali No. 20, Near Pal Factory, Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi., vide GPA, ATS & Will dated 21.07.1993. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **21.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLRHN00294609** के लिए **रु. 20,98,975/- (रुपए बीस लाख अठानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **श्रीमती आरती गुप्ता** और **श्री अमित मोहन गुप्ता** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 11,50,000/- (रुपए ग्यारह लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,15,000/- (रुपए एक लाख पन्द्रह हजार मात्र)** यानि यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**निर्मित संपत्ति वाला प्लॉट नं. ए-22, बिना छत के अधिकार के दूसरी मंजिल, (पीछे की ओर/उत्तरी भाग), (एस/जी + यूजीएफ + 3 संरचना), क्षेत्रफल 50 वर्ग गज यानी 41.81 वर्ग मीटर, गली नं. 2, ब्लॉक -ए, खसरा नं. 104/1 के बाहर, गांव-पालम कॉलोनी, राजा पुरी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**दिनांक: 22.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**

नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **एडलवाइज एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** [CIN: U67100MH2007PLC174759] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है,को **31.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है '',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HDHLGRG00490354**, के लिए **रु. 30,60,415/- (रुपए तीस लाख साठ हजार चार सौ पन्द्रह मात्र)** के लिए **21.02.2023** तक बकाया मूलधन ,बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.02.2023** से प्रभावी जो **अशोक कुमार शर्मा** और **रीना शर्मा** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड **(आईएचएफएल)** द्वारा अचल संपत्ति सहित इसकी अंतर्निहित सुरक्षा(ओं) के साथ उपर्युक्त ऋण खाता, असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक **30.09.2021** द्वारा **ईएआरसी ट्रस्ट एससी439 के ट्रस्टी** के रूप में कार्य करने वाले सुरक्षित लेनदार को और उसके पक्ष में सौंपा गया था।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 14,60,000/- (रुपए चौदह लाख साठ हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी)** रु. **1,46,000/- (रुपए एक लाख छय्यालीस हजार मात्र )** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर आरजेड - 19, पहली मंजिल, सामने की तरफ बिना छत के अधिकार, खसरा नंबर 33/5 गांव डाबरी, पश्चिम सागरपुर, नई दिल्ली, दिल्ली - 110046.**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.edelweissarc.in पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही**
**अधिकृत अधिकारी**
**दिनांक: 22.02.2023** **एडलवाइज एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
**स्थान: नई दिल्ली** **ईएआरसी ट्रस्ट एससी 439 के ट्रस्टी**




अखिलेश यादव पहुंचे नोएडा शादी में आशीर्वाद देने सोरखा गांव में सपा नेता लखन यादव निवर्तमान जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी के भतीजे व सुभाष यादव की पुत्री की शादी थी, जिस में शिरकत करने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। साथ ही परिवार के संग वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## समाजवादियों से सीखे कैसे लाये निवेशः अखिलेश

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोएडा में बीजेपी को महंगाई और जतीय जनगणना के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले जाने कहां से रटकर आ गए हैं वन ट्रिलियन इकोनॉमी। सीएम से लेकर नेताओं से पूछे कि कैसे, मैं नहीं समझता हूं कि ये हो सकता है। जापान, अर्जेंटिना, अमेरिका न जाने कहां-कहां गए। उन्होंने कहा कि सपा शासन ने खूब निवेश यूपी में आया। भाजपा वालों को समाजवादी पार्टी से सीखना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सेक्टर.63 स्थित हजरतपुर.वाजितपुर में सपा के वरिष्ठ नेता स्व राजपाल यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इंदर प्रधान, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, फकीर चंद नागर, निवर्तमान नोएडा महानगराध्यक्ष दीपक विग, निवर्तमान उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, टीटू यादव, रालोद महानगर अध्यक्ष विजेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## शुरू हुआ नोएडा का 35वां फ्लावर शो

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान में फ्लावर शो की शुरुआत हो गई है। सीईओ रितु माहेश्वरी ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नोएडा हाइराइज सोसासटी का शहर है। यहां किचन, टैरिस और बालकनी गार्डन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस तरह के आयोजन को और बड़ा किया जाए। नोएडा में हरियाली को बढ़ाने का और प्रयास किया जाए। इस मौके पर शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर सालों पुराने बोंसाई पेड़ों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके साथ नर्सरी और प्राइवेट फर्म ने भी हिस्सा लिया। शुभारंभ के मौके पर फ्लोरी कल्चरल सोसाइटी और प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकनृत्य संथल बना सरस मेले की शान



**नोएडा।** मध्य प्रदेश के लोकनृत्य संथल ट्राइब्स डांस पर थिरके कलाकार सरस मेले के आठवें दिन यहां मध्य प्रदेश के कलाकारों ने लोकनृत्य संथल ट्राइब्स डांस की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों नके माध्यम से भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले के नवें दिन शनिवार को यहां राजस्थान के कलाकार मंच पर प्रस्तुति देंगे। सरस मेले में सेल्स कम्युनिकेशन एंड बॉयर्स बिहेवियर एंड साइक्लॉजी विषय पर वर्कशॉप आयोजित कियानोएडा हाट स्तिथ सरस आजीविका मेले में छठे दिन एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के राज्यों आई समूहों की बहनों को क्रय.विक्रय से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोफेसर हेमंत जोशी ने बताया कि किस तरह हम अपने प्रोडक्ट्स की बेहतर डिजाइनिंग तथा पैकेजिंग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग में सेल्स कम्युनिकेशन का विशेष महत्व है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी से सीधे आदेश लेना बंद करें अधिकारी

## दिल्ली सरकार ने नौकरशाहों को दिया निर्देश, फिर बढ़ सकती है सीएम व उपराज्यपाल में तनानती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच टकराव कम नहीं हो रहा है। एलजी की ओर से सीधे अधिकारियों को आदेश दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार ने नाराजगी जाहिर की है। उसने सभी विभागों के सचिवों को निर्देश जारी किया है।

सरकार ने राज्यपाल की ओर से सीधे अधिकारियों को आदेश दिए जाने को संविधान और उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ बताया है। इस बाबत सभी मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग को भी पत्र लिखकर यह हिदायत दी है कि वह बिना मंत्री के निर्देश के उपराज्यपाल के आदेश को नहीं मानें।

अधिकारी ट्रांजेक्शन ऑफ बिजनेस रूल्स या कार्य संचालन नियम (टीबीआर) का सख्ती से पालन करें। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उपराज्यपाल की तरफ से दिया जाने वाला ऐसा कोई भी आदेश, संविधान और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सरासर उल्लंघन है। संविधान और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को लागू कराने के लिए सरकार की ओर से गंभीरता से काम किया जाएगा। सरकार की तरफ से जारी लिखित आदेश में कहा गया है कि भारतीय संविधान और सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के आदेश के मुताबिक दिल्ली सरकार के पास केवल भूमि, पुलिस और सार्वजनिक आदेश जैसे तीन विषयों को छोड़कर बाकी सभी पर अधिकार है। इन तीन विषयों को आरक्षित विषय कहा जाता है, जबकि दिल्ली सरकार के नियंत्रण वाले बाकी विषयों को स्थानांतरित कहा जाता है।

एलजी किसी भी स्थानांतरित विषय पर अलग राय रख सकते हैं

स्थानांतरित विषयों के मामले में, अनुच्छेद 239(4) का प्रावधान बताता है कि एलजी किसी भी स्थानांतरित विषय पर मंत्रिपरिषद के फैसले से अलग राय रख सकते हैं। हालांकि, इस मतभेद को टीबीआर के नियम 49, 50, 51 और 52 में निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। इन प्रावधानों का मूल यह है कि विचारों के अंतर को यांत्रिक रूप से प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए और नियम 51 और 52 के तहत निर्देश जारी करने से पहले उन मतभेदों को हल करने का हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए।

सिसोदिया ने बताया कि पिछले दिनों ऐसे कई उदाहरण देखने को मिले हैं, जब एलजी ने संविधान और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर दिया।

इसमें हज कमेटी के सदस्यों की नियुक्ति, एमसीडी में एल्डरमैन का मनोनयन, एमसीडी में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति, सीआरपीसी 196 के मामलों में अभियोजन स्वीकृति सहित अन्य फैसले शामिल हैं।

# 'अनुदान में कटौती से डीयू के 12 कॉलेजों की हालत खस्ता'

**● उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के 2 कॉलेजों में वेतन देरी का मामला फिर से तूल पड़ता जा रहा है। अब अनुदान में कटौती को लेकर उपराज्यपाल सचिवालय और मुख्यमंत्री कार्यालय के बीच तनातनी का माहौल है।

दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों को मिलने वाले अनुदान में कथित रूप से की गई कटौती के मामले को हल करने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय को पत्र लिखा है।

राजनिवास के अधिकारियों ने यह रेखांकित करते हुए कि अनुदान नहीं मिलने के कारण इन 12 कॉलेजों में बुनियादी ढांचे की हालत असुरक्षा के हद तक खस्ता हो गई है, उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इन कॉलेजों के परिसरों की सुरक्षा समीक्षा करने और उसकी रिपोर्ट उपराज्यपाल को सौंपने को कहा है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक शिक्षक मोर्चा और दिल्ली विश्वविद्यालय प्रधानाध्यापक एसोसिएशन (डुपा) ने उपराज्यपाल सचिवालय को अपनी समस्या बताते हुए आरोप लगाया है कि आप सरकार जानबूझकर दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों को मिलने वाले अनुदान में कटौती कर रही है। शिक्षकों के एसोसिएशन, एनडीटीएफ ने सात फरवरी को उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित 12 कॉलेजों में वेतन नहीं मिलने और अनुदान में कटौती की बात कही थी। एक अधिकारी ने बताया, इस पर संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल सचिवालय ने 17 फरवरी को मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा और मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने तथा संगठनों द्वारा इंगित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित कॉलेजों को अनुदान जारी करने का अनुरोध किया था।

# दो कारों में टक्कर, दो लोगों की मौत

**● इंद्रप्रस्थ आईपी एस्टेट मेट्रो स्टेशन के पास हुआ हादसा, अन्य दो लोग घायल**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंद्रप्रस्थ आईपी एस्टेट क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह दो कारों के आपस में टकरा जाने पर दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के करीब दुर्घटना की सूचना पुलिस को सुबह करीब एक बजकर 12 मिनट पर मिली।

अधिकारी ने कहा कि फोर्ड इकोस्पोर्ट कार आईटीओ से सराय काले खां की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी कार (होंडा सिविक) सराय काले खां से आईटीओ की ओर आ रही थी, लेकिन इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर दोनों में टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि इकोस्पोर्ट कार के चालक शिव पुरी एक्सटेंशन निवासी पुनीत कोहली (33) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दूसरी कार पर सवार हौज साई वाला निवासी मोहम्मद सुहैल (24) की भी इस दुर्घटना में मौत हो गई। होंडा सिविक में सवार दो अन्य यात्री जुनैद (21) और साईवालन (21) और रिहान (21) का लोक नायक जयप्रकाश नारायाण अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक ऐसा लगता है कि होंडा सिविक कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और इकोस्पोर्ट कार को टक्कर मार दी। अपराधा शाखा की टीम ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (सार्वजनिक सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाना), धारा 337 (दूसरों की निजी सुरक्षा या जीवन को जोखिम में डालकर उन्हें चोट पहुंचाना) और धारा 304ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत आईपी एस्टेट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## सकेश चंद्रशेखर की ईडी की हिरासत 3 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को सुकेश चंद्रशेखर की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत तीन और दिनों के लिए बढ़ा दी। जांच एजेंसी ने अदालत से कहा कि उसे दीपक रामदानी और अन्य जेल अधिकारियों को किए गए भुगतान के बारे में ब्योरा इकट्ठा करने की जरूरत है। ईडी ने हाल ही में उन्हें रेलिगेयर के पूर्व प्रमोटर मालविंदर की पत्नी जपना को धोखा देने से संबंधित पीएमएलए के तहत एक ताजा मामले में गिरफ्तार किया था। उसने कथित तौर पर जपना को 3.5 करोड़ की ठगी की।

वहीं धन शोधन रोधी जांच एजेंसी को सह-आरोपी दीपक रामदानी की पांच दिन की पुलिस रिमांड भी मिली। गिरफ्तार अपने पति को जमानत दिलाने के लिए जपना सिंह ने ये रकम सुकेश को दी थी। सिंह फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक हैं। चंद्रशेखर ने सरकारी अधिकारी बनकर जपना को फोन किया और जमानत पर रिहा कराने का वादा कर उनसे पैसे वसूले।

# निगम में एक वोट पर बिगड़ी बात



निगम सदन में आपस में भिड़े आप और भाजपा पार्षद। फोटो: रंजन डिमरी

**● भारी हंगामे और मारपीट के बीच निगम सदन में निर्वाचित सदस्यों के कृत्य से लोकतंत्र शर्मसार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम में लगातार चौथी कोशिश में बुधवार को मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव तो तो गया, लेकिन स्थायी समिति के सदस्यों को लेकर ऐसा पेंच फंसा कि तीसरे दिन भी कोई नतीजा नहीं निकला। लोकतंत्र के नाम पर भारी हंगामे, मारपीट और आरोप-प्रत्यारोप के बीच निगम सदन में निर्वाचित सदस्यों के ऐसे-ऐसे कारनामे सामने आए, जिसे देख किसी का भी सिर शर्म से झुक जाए। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी पूरे हंगामे का आरोप एक-दूसरे पर जड़ रहे हैं, लेकिन पूरी बात एक वोट को लेकर बिगड़ी, जिसका नतीजा स्वीकार करने को कोई तैयार नहीं हुआ।

भाजपा पार्षद कमलजीत सेहरावत ने बताया कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने परिणाम घोषित करते हुए तीन वोट भाजपा तो तीन आप के खाते में दिया। परिणाम घोषित करने के बजाय मेयर शैली भाजपा के एक वोट को अयोग्य करने पर आमादी रहीं। भाजपा नेता मांग करते रहे कि वह शीट दे दो, जो चुनाव आयोग ने दी है। भाजपा पर क्रॉस वोटिंग भी हुई होगी, लेकिन नतीजे तो बताएं, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। वहीं, भाजपा पार्षद हरीश खुराना ने कहा कि आप पार्षद मुख्यमंत्री अरवींद केजरीवाल के कहने पर वह गुंडागर्दी कर रहे हैं। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कोर्ट जाएगी।

दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी के पार्षद अशोक कुमार मानू अन्य पार्षदों के साथ मीडिया के सामने पेश हुए। उनका कहना है कि विपक्षी पार्षद इतने बेशर्म हैं कि महिलाओं और मेयर तक पर हमला कर दिया। यह भाजपा की गुंडई है। हंगामे पर आप विधायक आतिशी मर्लेना ने कहा कि भाजपा ने अपनी गुंडागर्दी का एक और उदाहरण दिल्ली वालों के सामने रखा है। जैसे ही इन्हें लगा कि ये लोग चुनाव हार रहे हैं, इन्होंने कुर्सी के ऊपर चढ़कर महापौर शैली पर हमला किया। वह किसी तरह जान बचा कर वहां से भागीं। इसके बाद बाहर भी उन पर हमला किया गया। ऐसी बूथ कैप्चरिंग तो 30 साल पहले बिहार में भी नहीं होती थी।

## आप पार्षद पवन सहरावत भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** निगम सदन की शुक्रवार को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले आम आदमी पार्टी के पार्षद पवन सहरावत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष पटका पहनाकर पवन सहरावत को भाजपा में शामिल किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने पवन सहरावत का स्वागत करते हुए कहा कि आप अपने नेता ही केजरीवाल की तानशाही रवैये और भ्रष्टाचार से परेशान है और एक-एक कर पार्टी छोड़ने को मजबूर हैं।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में जामिया के सहायक प्रोफेसर निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने मनोविज्ञान विभाग के एक सहायक प्रोफेसर को परिसर में कथित यौन उत्पीड़न और दुराचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने प्रोफेसर आबिद हुसैन के आचरण की मामले के पूर्ण तथ्यों पर जांच भी शुरू कर दी है।

हुसैन ने आरोपों को खारिज किया है और संकाय सदस्यों पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है। यह एक महीने में दूसरी बार है जब किसी संकाय सदस्य को परिसर में कथित यौन दुराचार के आरोप में निलंबित किया गया है। जामिया के रजिस्ट्रार नाजिम हुसैन जाफरी ने कार्यालय ज्ञापन में कहा कि मनोविज्ञान विभाग के सात संकाय सदस्यों द्वारा दायर एक लिखित शिकायत पर हुसैन के खिलाफ कार्वाई की गई।

संकाय सदस्यों ने शिकायत में आरोप लगाया कि हुसैन बहुत आक्रामक हैं और उन्होंने एक बैठक के दौरान विभागाध्यक्ष के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। जेएमआई ने प्रबंधन अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर एस वीरामणि को एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में निलंबित कर दिया था।

# नौ हजार शिक्षकों समेत 12 हजार से अधिक नई भर्तियां, सौंपे नियुक्ति पत्र

**● कर्मचारियों से अपेक्षा, ईमानदारी से करें काम: सक्सेना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग समेत विभिन्न विभागों, स्थानीय निकायों और स्वायत्त निकायों 12 हजार से अधिक नई स्थायी भर्तियां की गई हैं। इनमें केवल शिक्षा विभाग में ही पिछले आठ महीनों में 9369 नियुक्तियां की गई हैं।

यह वर्ष 2017-21 के बीच पिछले पांच वर्षों के दौरान की गई प्रति वर्ष औसत भर्ती से दोगुना से अधिक है, जो केवल 5880 थी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के सेवा विभाग द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नव नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को नियुक्त पत्र सौंपे। साथ ही कहा कि जल्द से जल्द सरकार में सभी स्थायी रिक्तियों को भरने के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने की कोशिश की जा रही है। वह व्यक्तिगत रूप से भर्तियों की प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। उपराज्यपाल ने नवनियुक्त सरकारी सेवकों को उनके ईमानदार प्रयास द्वारा नौकरी पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

नवनियुक्त सरकारी सेवकों से यह अपेक्षा की जाती है की वे दिल्ली और देश के लिए सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुये भविषय मे भी पूरी लगन, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करेंगे। एलजी ने कहा कि दिल्ली में मानव संसाधन बढ़ाने के लिए भर्ती की पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने विभिन्न विभागों में 18000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की है।


ये रिक्तियां शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग एवम अन्य विभागों में विभिन्न पदों से संबंधित हैं। डीएसएसएसबी आने वाले दिनों में 25000 से अधिक पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया में है।

## संक्षिप्त समाचार



जवाहर लाल स्टेडियम के पास दिनभर जाम रहा रहा। वाहनों की लंबी कतारें।

### श्रद्धा हत्याकांड की सुनवाई सात मार्च को होगी



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के चर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में डीएनए और फॉरेंसिक रिपोर्ट अदालत में दाखिल होने के बाद अब इस मामलेकी सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ को सौंप दी गई है। इससे पहले मामले की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला कर रहे थे। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का गला घोंटने और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोपों पर दलीलें सुनने के लिए सात मार्च की तारीख तय की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने पूनावाला को अदालत में शारीरिक रूप से पेश किए जाने के बाद आरोपों पर सुनवाई की तारीख तय की। इससे पहले, 21 फरवरी को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मामले को सत्र अदालत को भेज दिया था।

### उर्दू भाषा की खस्ता हालत पर चर्चा

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की एक बैठक दरियागंज में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सैयद अहमद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में दिल्ली उर्दू भाषा के हालात और दिल्ली उर्दू अकादमी के कार्यकलापों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ सैयद अहमद खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग करते हुए कहा है कि उर्दू अकादमी कि अकादमी की गवर्निंग काउंसिल में उर्दू भाषा का ज्ञान रखने वाले लोगों को ही सदस्य बनाया बनाया जाना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ लाल बहादुर ने अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखने वाले राजनेताओं को उर्दू भाषा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की नसीहत की है। बैठक में आरिफ़ इकबाल, हामिद अली अख्तर, डॉ जुनैद मलिक, डॉ तैय्यब अंजुम, डॉ लाल बहादुर, इमरान कन्नौजी, नईम अंसारी, अताउर्रमान अजमली,हकीम मुर्तजा देहलवी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### गजल महोत्सव में मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

नई दिल्ली। करीब आठ साल के लंबे अंतराल के बाद गजल महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत मिर्जा गालिब, फैज अहमद फैज और बशीर बद्र की लोकप्रिय गजलों की संगीतमय प्रस्तुति ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के एलटीजी सभागार में दर्शकों के समक्ष समा बांध दिया। दिल्ली सरकार की कला और संस्कृति शाखा, साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित यह उत्सव कविता के सबसे पुराने रूपों में से एक है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने महोत्सव के बारे में बात करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों को युवा और उभरते कलाकारों को देखने का मौका मिलता है।

### बेरोजगार साइडर्स की अपील, टैक्सी की अनुमति दें

**नई दिल्ली।** लगभग 140 बेरोजगार बाइक टैक्सी राइडर्स ने दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में शांतिपूर्ण मोर्चा निकाला। बेरोजगार बाइक टैक्सी राइडर्स आशीष महाजन के अनुसार कि हम बस इतना चाहते हैं कि सरकार हमें काम करने दे और अपना काम जारी रखे। रोहन शर्मा मिश्रा ने कहा वह 0 अपने परिवार के लिए एकमात्र कमाने वाला हूं। बाइक टैक्सी सवार सुमित मिश्रा ने कहा, कि पहले लगभग 1000-1500 प्रति दिन कमाता था। आरटीओ कमिश्नर को सौंपे गए ज्ञापन में बाइक टैक्सी सवारों ने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला दिल्ली के 2 करोड़ से अधिक नागरिकों की दिन-रात सेवा करने वाले सैकड़ों हजारों सवारों के रोजगार के लिए घातक साबित होगा। दिल्ली के नागरिकों को सस्ती और सस्ती परिवहन सेवाओं से वंचित करने के कदम के परिणाम विनाशकारी हैं और आजीविका कमाने के मौलिक अधिकार का घोर उल्लघंन है।



अपनी पीड़ा के बारे में बताते बाइक टैक्सी चलाने वाले।

# स्कूली छात्रों के बिना बेरंग न हो जाए पुस्तक मेला

## किताबों का महाकुंभ आज होगा शुरू, बोर्ड परीक्षाओं के चलते प्रभावित हो सकता है छात्रों को जोड़ने का मकसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुस्तकों का महाकुंभ 50वां विश्व पुस्तक मेला शनिवार से शुरू हो रहा है। पुस्तक प्रेमियों में इसे लेकर खासा उत्साह है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास व भारत व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा नौ दिवसीय मेला का प्रगति मैदान में आयोजन होगा।

पुस्तकों का मेला सज गया है। मेला दो वर्ष बाद अपने पुराने स्वरूप में नजर आएगा। इस बार दोगुने आकार में आयोजित किया जा रहा है। थीम पेवेलियन के अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और जी-20 पर भी विशेष पवेलियन बनाए गए हैं। इसमें चिल्ड्रन पवेलियन भी आकर्षण केंद्र होगा। हालांकि, मेला स्कूली छात्रों के बिना फीका रह सकता है, क्योंकि स्कूली छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं। वहीं, 10वीं-12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं भी आयोजित की जारी हैं और यह परीक्षाएं अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी।

इससे स्कूली छात्रों को पुस्तकों के महत्व व उनसे जोड़ने का उद्देश्य प्रभावित हो सकता है। छात्रों को मेला के लिए मुफ्त में प्रवेश की भी अनुमति दी गई है। इस पर कई अभिभावक भी शिकायत कर रहे हैं कि छात्रों की परीक्षा का ध्यान नहीं रखा है।



फाइल फोटो

मेला का शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लैना, नोबेल पुरस्कार विजेता आनी ओरनौ, आईटीपीओ के प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला, एनबीटी के अध्यक्ष प्रो. गोविंद प्रसाद शर्मा व एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक शुभारंभ करेंगे। मेला दो वर्ष बाद अपने पुराने स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। इसकी थीम आजादी का अमृत महोत्सव है। इस बार फ्रांस सम्मानित अतिथि देश के रूप में शामिल होगा। मेला में दो हजार से अधिक बुक स्टॉल व एक हजार के करीब प्रकाशक समेत 30 विदेशी प्रशासक और पुस्तक विक्रेता भाग ले रहे हैं।

मेले में राजकमल प्रकाशन के 75 वर्षों के सफर की यादों को ताजा करने के लिए अब तक की यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ावों के फोटोग्राफ डिजिटल माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। इसके अलावा स्टॉल पर पाठकों की सुविधा के लिए एक टीवी स्क्रीन भी लगाई जाएगी जिसकी मदद से पुस्तक प्रेमी अपनी पसंद की पुस्तकों को आसानी से ढूंढ पाएंगे साथ ही वहीं से ऑनलाइन ऑर्डर भी कर सकेंगे। वहीं, प्रभात प्रकाशन के स्टॉल पर अजीत डोभाल, डॉ हेडगेवार, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अनुपम खेर की जीवनी पर पुस्तकें आकर्षण का केंद्र होंगी।

### नक्षत्र मेले में शामिल होंगे हर्बल उत्पाद

आईटीपीओ और फ्यूचर पॉइंट द्वारा नक्षत्र के 16वें संस्करण का वार्षिक लोकप्रिय आयोजन तीन साल के अंतराल के बाद 25 फरवरी से शुरू हो रहा है। 100 से अधिक प्रदर्शकों के साथ, नक्षत्र (हॉल नंबर 7ए,बी,सी) समग्र विज्ञान, चिकित्सा और वैदिक ज्ञान पर एक प्रदर्शनी, ज्योतिषीय सॉफ्टवेयर और उपकरण, वास्तु, योग, वैदिक विज्ञान पर साहित्य, सहित आध्यात्मिक और उपचारात्मक वस्तुओं और रत्नों व फेंग शुई, मंत्र सीडी, हर्बल उत्पाद और वैकल्पिक उपचार समेत कई तरह के उत्पाद शामिल हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 25 फरवरी , 2023



# फीका रहा नप का अरावली में नये अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान

**एन. रोहिल्ला। सोहना**

### नप के एक कर्मचारी की लापरवाही या उसके ऊपर उठी अंगुली ने सब कुछ इशारों में ही कह दिया

### ड्यूटी मजिस्टेट लच्छीराम समेत बड़ी संख्या में भोंडसी थाना से पुलिस बल मौजूद रहा

**नगर** परिषद ने रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में नवनिर्माणों के खिलाफ एक बार फिर पीला पंजा चलाते हुए धराशाही किया। परिषद ने आज के अभियान में करीब तीन से चार अवैध फार्म हाऊसों में चल रहा नया निर्माण कार्यो की चार दीवारी और मुख्य गेटों को उखाड़ फेंका। जिससे फार्म हाऊसों में रह रहे चौकीदार, बाउंसर, मजदूर और ठेकेदारों में हडकंप मच गया।

नगर परिषद ने वर्ष 2023 में दूसरी बार रायसीना से लगती अरावली पहाड़ के अंसल क्षेत्र में नये अवैध निर्माणों को गिराने का अभियान चलाया। परिषद के इस अभियान की शुरुआत धमके से न होकर मामूली सी तू तड़ाक से हुई। परिषद प्रशासन का आज अपने अभियान की शुरुआत एफब्लॉक के फार्म हाऊस 42 से करनी थी, लेकिन यहां परिषद के एक कर्मचारी द्वारा बरती गई लापरवाही या उसके ऊपर उठी उंगली ने सब कुछ इशारों में ही कह दिया। मजबूरन परिषद प्रशासन को अपने अभियान की शुरुआत ही मामूली से विरोध का सामना करना पड़ा। परिषद प्रशासन ने विवाद में न पड़ते हुए अभियान को साथ लगते फार्म हाऊस की चार दीवार को गिराते हुए आखिर कर दी।

आज के इस अभियान में ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार सोहना लच्छीराम और भारी संख्या में भोंडसी थाना से पुलिस बल मौजूद था। आज रोजा होने के कारण पुलिस बल देर से मिला। जिसके कारण परिषद का अभियान समय से करीब डेढ घंटा देरी से शुरु हुआ।



शुक्रवार को नगर परिषद सोहना द्वारा रायसीना से लगती अरावली अंसल में नवनिर्माणों को ध्वस्त करती जेसीबी।

फिर भी परिषद प्रशासन ने अरावली अंसल के करीब 5 किलोमीटर के दायरे में 3 से 4 फार्म हाऊस में चल रहा नया निर्माण को ध्वस्त किया। परिषद आज का अभियान मात्र दोपहर बाद एक बजे से लेकर तीन बजे समाप्त कर दिया।

**अभियान से पहले बजने लगी फोन की घंटी :** नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारी एक्सइएन विक्की सिंह, एसडीओ धीरज कुमार व राजपाल खटाना, जेई ओमप्रकाश व दिगम्बर सिंह, पटवारी सुभाष खटाना समेत अन्य अधिकारी इस अभियान में मौजूद रहे, लेकिन जैसे ही अरावली पहाड़ी में पूरे दल-बल के साथ परिषद अधिकारियों की टीम ने चढ़ाई शुरू की। वैसे ही फार्म हाऊसों लगे चौकीदार से लेकर मजदूर, ठेकेदार और फार्म हाऊस मालिकों के फोन बजने शुरू हो गए। परिषद अधिकारियों को भी फार्म हाऊस में तैनात ठेकेदारों ने अपने आकाओं से बातें कराई।

> “आज के अभियान में लाई गई जेसीबी मशीन सही न होने के कारण परिषद प्रशासन को अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका। जल्द ही अभियान को फिर से चलाया जाएगा।
>
> **लच्छीराम**
> **( ड्यूटी मैजिस्टेट एवं नायब तहसीलदार सोहना )**

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम भाजपा की जिला सचिव बनी निधि राघव



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिला टीम का विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्य निधि राघव को जिला सचिव भाजपा नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूर्ण निष्ठा से कार्य करे। जिला सचिव बनने पर निधि राघव ने जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ एवं सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है। उस पर पूर्णता खरा उतरने का प्रयास करूंगी। इस दौरान जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, कार्यालय सचिव यादराम जोया, जिला सचिव जितेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

### भोंडसी की बीएसएफ कॉलोनी निवासी एक बच्चा लापता

**सोहना।** भोंडसी की बीएसएफ कॉलोनी में रहने वाला 7 वर्षीय बच्चा संदिग्ध हालात में लापता हो गया। लापता हुआ बच्चा के पिता ने स्थानीय पुलिस को लिखित में शिकायत देते हुए तलाश किए जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश का जिला रजौरा के मूल निवासी अजय यादव उर्फ बिजेन्द्र ने भोंडसी पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम 5 बजे उसका 7 वर्षीय बेटा आशु संदिग्ध हालात में घर से चला गया। जिसकी वह अपने स्तर पर अब तक तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने बच्चा लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

### गांधी नगर में सिंगला ने सीवर लाइन का काम शुरू कराया



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने गांधी नगर में नई सीवर लाइन डालने के काम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को हरियाणा के बेहतर बजट की बधाई देते हुए इसे जनता के हित में बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर वित्त मंत्री बड़ी ही सूझबूझ से बजट तैयार करके हरियाणावासियों का दिल जीता है इस अवसर पर पार्षद नीरज यादव, दिनेश यादव, पंकज यादव, नरेश यादव, हरीश शर्मा, राजेश, हरमीत, महेश यादव, अशोक कुमार, रतन यादव, करण सिंह, अनिल पंडित, राजू यादव, पूनिया, मुकुंद मिश्रा, रतन, सुरेश यादव, अरुण कुमार समेत क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विकास कार्यों के मामले में गुरुग्राम सदा आगे रहता है। केंद्र और राज्य सरकार के बड़े प्रोजेक्ट पर यहां काम चलता रहता है। शहर के अंदर भी खूब नए कार्य किए जा रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के सदा प्रयास रहता हैं। विधायक ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर वित्त मंत्री जितनी सूझबूझ के साथ बजट तैयार करके पेश किया है, वह ऐतिहासिक है। प्रदेश की जनता पर कोई नया टैक्स ना लगाकर बड़ी राहत दी है। किसी भी प्रदेश में नया टैक्स नहीं लगना वहां की जनता को राहत देने के साथ जनता का दिल जीतने का भी काम होता है। ऐसा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया है।

# नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने उखाड़े अनाधिकृत रूप से लगे यूनिपोल

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### वाटिका चौक, सोहना रोड व एसपीआर क्षेत्रों से उखाड़े गए अनाधिकृत यूनिपोल

### जल्द से जल्द अनुमति के लिए आवेदन करें विज्ञापन एजेंसियां

**नगर** निगम गुरुग्राम सीमा में विभिन्न स्थानों पर अनाधिकृत रूप से लगे यूनिपोल के खिलाफ नगर निगम गुरुग्राम की विज्ञापन शाखा ने सख्ती शुरू कर दी है। इसके तहत अनाधिकृत यूनिपोल हटाने की कार्रवाई चल रही है।

शुक्रवार को विज्ञापन शाखा द्वारा वाटिका चौक, सोहना रोड तथा एसपीआर क्षेत्रों में विभिन्न यूनिपोल उखाड़े गए हैं। इन यूनिपोलों पर अनाधिकृत रूप से विज्ञापन एजेंसियों द्वारा विभिन्न फर्मों के विज्ञापन प्रदर्शित किए गए थे। टीम ने हाईड्रा मशीनरी की मदद से 4 यूनिपोलों को उखाड़कर अपने कब्जे में ले लिया है तथा उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की, ताकि इनका पुन: उपयोग ना हो सके।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा द्वारा गत दिनों नगर निगम अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिए गए थे कि निगम सीमा में विभिन्न स्थानों पर लगे अनाधिकृत पोस्टर, होडिंग्ज़ व यूनिपोलों को हटाने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जिन विज्ञापन एजेंसियों ने विज्ञापन नियमों के तहत विज्ञापन लगाने की स्वीकृति के लिए आवेदन नहीं किया है, उनके यूनिपोल हटाए जाएं। विज्ञापन एजेंसियां अगर विज्ञापन प्रदर्शित करना चाहती हैं, तो वे जल्द से जल्द स्वीकृति के लिए आवेदन करें। आवेदन नहीं करने वाली एजेंसियों की विज्ञापन साईटों पर कार्रवाई के साथ ही जिन फर्मों के विज्ञापन लगे हुए हैं, उन्हें भी पत्र लिखने बारे निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए थे। निगमायुक्त के निर्देशों की पालना में अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह व संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में विज्ञापन शाखा द्वारा अनाधिकृत एवं अवैध विज्ञापन सामग्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



गुरुग्राम में अवैध यूनिपोल उखाड़ती नगर निगम की जेसीबी।

# निगम चुनावों को लेकर नियुक्त कर दिए हैं पालक: गार्गी कक्कड़



गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने नगर निगम चुनाव के निमित्त मंडलों में संगठनात्मक परिवर्तन करते हुए मंडलों के पालक एवं प्रभारियों की नियुक्तियां की गई है। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ द्वारा पटौदी मंडल के पालक सत्यप्रकाश जरावता, प्रभारी नरेश चौहान, मानेसर मंडल के पालक महेश चौहान, प्रभारी मनोज शर्मा, हेलीमंडी मंडल के पालक महेश चौहान भोड़ाकलां, प्रभारी प्रदीप जैलदार, बादशाहपुर मंडल के पालक समय सिंह भाटी, प्रभारी सोनाली मित्रा, फरुखनगर मंडल के पालक मनीष यादव, प्रभारी वेद प्रकाश यादव, डूंडाहेड़ा मंडल के पालक जीएल शर्मा, प्रभारी हरविंद कोहली, खेड़कीदौला मंडल के पालक गोपीचंद गहलोत, प्रभारी अरुण बंसल, नवीन मंडल के पालक शैलेंद्र पांडे, प्रभारी धर्मेंद्र यादव, अर्जुन मंडल के पालक सुमेर तवर, प्रभारी मनीष गाड़ोली, निधि राघव, दयानंद मंडल के पालक अनिल यादव, प्रभारी राजेश अरोड़ा, शीतला मंडल के पालक राव नरबीर सिंह, प्रभारी अर्जुन शर्मा, सरस्वती मंडल के पालक सूरजपाल अम्मू, प्रभारी महेश यादव, निधि कोटिया, सोहना मंडल के पालक तेजपाल तंवर, प्रभारी हरवीर अधाना, भोंडसी मंडल के पालक कल्याण सिंह चौहान, प्रभारी महेश यादव जमालपुर, तावडू मंडल के पालक संजय सिंह, प्रभारी सतीश नागर को नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जल्द ही नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के सभी 60 वार्डों के हिसाब से प्रमुख कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# जितेंद्र भारद्वाज समेत बच्चों और परिवार को बंधाया ढांढस




कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के निवास पर शोक प्रकट करने पहुंचे सोहना गांधी के निजी सचिव के माधवन।

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**कांग्रेस** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज के छोटे भाई सचिन भारद्वाज की मृत्यु उपरान्त उनके निवास पर शोक जताने के लिए पहुंचने वालों का ताता लगा हुआ है। गुरुवार को जितेन्द्र भारद्वाज के निवास पर सोनिया गांधी के निजी सचिव के माधवन समेत हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव व पूर्व मंत्री करण दलाल, विधायक कुलदीप वत्स, आईएएसके खंडेलवाल आदि शोक जताने पहुंचे।

मंगलवार की रात कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के छोटे भाई सचिन भारद्वाज की लंबी बीमारी के कारण गुरुग्राम के मेदान्ता अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। जिनका बुधवार को अंतिम संस्कार सोहना के दमदमा मार्ग पर स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया। गुरुवार को जितेन्द्र भारद्वाज के निवास पर शौक प्रकट करने वालां का ताता लगा रहा। शोक जताने वालों में मुख्य रुप से कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षता सोनिया गांधी के निजी सचिव के माधवन भी पहुंचे। इनके अलावा राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शोक व्यक्त करने पहुंचे। कैप्टन अजय यादव, पलवल के पूर्व विधायक करण सिंह दलाल, विधायक कुलदीप वत्स, सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, डॉक्टर के के खंडेलवाल, धीरा खंडेलवाल, डॉ केवी सिंह और जिला नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपतसे कांग्रेस के बड़े नेता व अन्य कार्यकर्ता भी पहुंचे। पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव,पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल,पूर्व मंत्री राव नरेंद्र, विधायक कुलदीप वत्स ,पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व विधायक प्रह्लाद सिंह गिल्लाखेड़ा, भाजपा से पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, डॉ. केके खंडेलवाल, धीरा खंडेलवाल, डॉक्टर के वी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी



**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग व भंडारण पर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देते हुए ना केवल नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान किए जा रहे हैं, बल्कि मौके पर पाए गए प्रतिबंधित प्लास्टिक आइटमों को जब्त भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने शीतला माता रोड तथा ओल्ड दिल्ली रोड पर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी। इस दौरान टीम ने नियमों की अवहेलना करने वाले 30 व्यक्तियों के चालान करते हुए उन पर 28 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही लगभग 125 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करने की कार्रवाई भी की। टीम में सफाई निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, दीपक डागर, जितेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, अमन कुमार, बलजीत कुमार व हरीश शर्मा शामिल हैं।

# सुनीता व तरुण बने सेक्टर-9 महाविद्यालय के बेस्ट एथलीट



गुरुग्राम के सेक्टर-9 राजकीय महाविद्यालय की एथलीट मीट में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में दो दिवसीय 18वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्यातिथि सुप्रसिद्ध महिला क्रिकेट कोच सुमन शर्मा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने खेल ध्वज लहराकर किया।

इस उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें व्हील बैरो दौड़ में नवीन और आयुष की टीम ने प्रथम, तरूण और सोनू की टीम ने द्वितीय तथा साहिल और अभिषेक की टीम ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। छात्रों की 800 मीटर दौड़ में सुनील ने प्रथम, विनीत ने द्वितीय तथा तरूण ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। छात्राओं की 800 मीटर रेस में रिया शर्मा ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय तथा भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की जैवलिन थ्रो में सुनीता ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा विधि ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। छात्रों की जैवलिन थ्रो में नवीन ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय तथा साहिल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। छात्राओं की 400 मीटर दौड़ में रिया शर्मा ने प्रथम,मानसी ने द्वितीय तथा निहारिका ने तृतीय पुरस्कार जीता।

छात्रों की 400 मीटर दौड़ में सुनील ने प्रथम, विनीत ने द्वितीय तथा रोहित ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में रिया शर्मा प्रथम, सुनीता द्वितीय तथा नेहा तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की 200 मीटर दौड़ में सुनील प्रथम, रोहित द्वितीय तथा विनीत तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की 1500 मीटर दौड़ में सुनील प्रथम, विनीत द्वितीय तथा दीपांशु तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की शॉटपुट प्रतियोगिता में गौतम प्रथम, हर्ष द्वितीय तथा जतिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की शॉट पुट में रिया शर्मा ने प्रथम, सुनीता ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। लड़कों की डिसकस थ्रो में हर्ष ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय तथा शुभम ने तृतीय पुरस्कार जीता।

# अनाज मंडी परिसर में आवारा पशुओं का आतंक

**सोहना।** सोहना की सब्जी व अनाज मंडी में आवारा घूमने वाली गाय व सांड का पूरा आतंक छाया हुआ है। आम नागरिकों को इनके आतंक से बचाना मुश्किल हो रहा है। वहीं मार्केट कमेटी प्रशासन अपनी आंखें बंद करके बैठा हुआ है।

एक तरफ प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों व सूअर पालन पर पूरी तरह से रोग लगाई हुई है। शहरी क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों को नगर पालिका से लेकर परिषद, नगर निगम और मार्केट कमेटियों को कड़ी कार्यवाही के आदेश जारी किए हुए है, लेकिन प्रदेश सरकार के आदेशों को स्थानिय मार्केट कमेटी प्रशासन दरकिनार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मंडी परिसर में आवारा घूमने वाली गाय व सांड कब किसी नागरिक को अपने गुस्सा का शिकार बना दे। इसका कोई अंदाजा नहीं है और यही कारण है आए दिन आवारा मवेशी आम नागरिकों पर हमला बोल रहे है। शुक्रवार की सुबह 8 बजे सब्जी की बोली लगने के दौरान भीड़ में 15 से 20 गाय व सांड घूस गए। जिससे सब्जी बेचने आए किसानों से लेकर आढ़ती, पल्लेदार और दुकानदारों में हड़कंप मच गया क्योंकि आवारा गाय व सांड लोगों की भीड़ में दौड़ने से भगदड़ मच गई।

# प्रदेश का अमृत काल का बजट सर्वहितकारी : बोधराज सीकरी



बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि मनोहर सरकार का अमृत काल का बजट केंद्र के बजट की तरह सर्वहितकारी बजट है। वर्ष 2023-24 का यह ऐतिहासिक बजट अमृत काल की मजबूत नींव पर हरियाणा को प्रगति की नई बुलंदियों पर ले जाने वाला है। राष्ट्र के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भी इसे सामाजिक सुरक्षा का बजट बताया है। इस बार 1 लाख 83 हजार 950 रुपये का बजट में प्रस्ताव किया है। यह पिछले वर्ष की अपेक्षा 11.6 फीसदी की वृद्धि है। नए बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। हरियाणा बजट 2023-24 में गुरुग्राम को कई सौगात भी मिली हैं। गुरुग्राम में करीब 26 एकड़ जमीन पर हेली हब विकसित किया जाएगा। गुरुग्राम और नूंह में अरावली सफारी पार्क बनाने की घोषणा हुई है। गुरुग्राम में सिटी इंटरचेंज टर्मिनल की स्थापना होगी। नए मल्टी-मॉडल बस पोर्ट की भी घोषणा की गई है। गुरुग्राम में 700 बेड का अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। गुरुग्राम मेट्रो का निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 में शुरू हो जाएगा। वर्ष 2023-24 में तीन अन्य मेट्रो लिंक शुरू करने का बजट में प्रस्ताव किया गया है। 2023-24 के लिए शिक्षा क्षेत्र को 20,638 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव, चालू वर्ष के संशोधित अनुमानों से 5.2 प्रतिशत अधिक है। गौ सेवा आयोग का बजट बढ़ाकर 400 करोड़ किया गया है। प्रदेशभर में 1000 नयी योग एवं व्यायामशाला स्थापित की जाएंगी। 2023-24 में हरियाणा कौशल विकास मिशन विशिष्ट प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों के माध्यम से दो लाख बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा। युवाओं को 5 करोड़ रुपये तक की लागत की परियोजनाओं में उद्यमी बनाने में सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनाया जाएगा। कौशल विकास के लिए 50 राजकीय विद्यालयों और बहुतकनीकी संस्थानों में कौशल स्कूल शुरू किये जाएंगे।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए मानेसर में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। 1 6 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के युवाओं के फॉरेन लैंग्वेज सर्टिफिकेशन टेस्ट का खर्च सरकार वहन करेगी। इस वित्त वर्ष में सीईटी के तहत ग्रुप-सी और डी की 65 हजार नई पक्की भर्तियां करने का ऐलान किया है।

# 10वें अंतरराष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 13-दिव्यांगजनों का दल फ्रांस में 23-26 मार्च-2023 के लिए तैयार

**पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम**

**भारत** से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 13 दिव्यांगजन 10वें अंतरराष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में भाग लेंगे, 23-26 मार्च, 2023 को मेट्ज़, फ्रांस में भारत की और से 13 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उनके अभ्यास सत्र के अंतिम चरण में देश भर में कई बूट कैंप आयोजित किए है। आईटी, कला और शिल्प, रेस्तरां सेवा और उद्योग के तहत देश भर से आई टीम कुल 45 प्रतिस्पर्धी कौशल श्रेणियों में भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना हे। इनमे सूरत, मुंबई, जबलपुर, विजयवाड़ा, चेन्ई, पुणे, मैसूर, भावनगर, गया और चंडीगढ़ से आने वाले राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 13 प्रतिभाशाली दिव्यांगजन अब मार्च 2023 में मेट्ज़, फ्रांस में होने वाले आगामी 10वें अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

एबिलिम्पिक्स फ्रांस एसोसिएशन द्वारा वर्ल्डस्किल्स फ्रांस के साथ साझेदारी में आयोजित इस प्रमुख कार्यक्रम में दुनिया भर से लगभग 1500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। एबिलिम्पिक्स कौशल में उत्कृष्टता के एक आंदोलन में व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जो विशेष रूप से दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) के लिए डिजाइन की गई हैं, आईटी, कला और शिल्प, रेस्तरां सेवा में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को स्क्रीन और प्रदर्शित करने के लिए विस्तार किया हैं। डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक सीईओ और एनएएआई के महासचिव ने बतया की हम देश में एबिलिम्पिक्स को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं और दिव्यांगजन के लिए विभिन्न व्यावसायिक, और जीवन कौशल में उन्नत प्रौद्योगिकियों के लिए जोखिम और समान अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। एबिलिम्पिक्स एक प्रतिस्पर्धी स्थिति में दिव्यांगजन की पेशेवर उत्कृष्टता को प्रदर्शित करता है। 2016 से, नेशनल एबिलिम्पिक एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट संयुक्त रूप से काम करके दिव्यांगजन समावेशिता के कारण के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।



बूट कैंप और प्रशिक्षण सत्र देश भर में आयोजित किए जाते हैं और प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए कई संगठनों और कॉर्पोरेट ने हाथ मिलाया है। लेडी इरविन कॉलेज में पेंटिंग, कढ़ाई प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है, एटीडीसी, गुरुग्राम में सिलाई और ड्रेस मेकिंग, एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में पोस्टर डिजाइनिंग, सेंट रेजिस होटल, मुंबई में बेकरी, एफ़सी सरोवर, भावनगर में रेस्तरां सेवा और बहुत कुछ है।

# परिवार पहचान पत्र: आसानी से कैंप में दूर होंगी त्रुटियां

### नप परिवार पहचान पत्र की खामियों को दूर करने के लिए लगाएगी शिविर

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**सोहना** नगर परिषद जल्द ही परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को दुरुस्त करेगी। जिसके लिए अलग-अलग वार्डों के अनुसार बारीकी से त्रुटियों का निपटान किया जाएगा। नगरपरिषद के अंतर्गत आने वाले नागरिक अब अपने परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को आसानी से दुरुस्त करा सकेंगे। जिसके लिए परिषद शिविरों का आयोजन करेगी। यह शिविर 24 फरवरी से लेकर 26 फरवरी तक लगाए जाएंगे।

जिसके लिए परिषद ने प्रशासन ने वार्ड के अनुसार कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया है। शहरवासियों को परिवार पहचान पत्रों में त्रुटियों होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें मुख्य रुप से जन्म तिथि से लेकर पता(निवास स्थान), आयु, नाम स्पेलिंग आदि शामिल हैं। परिवार पहचान पत्र की इन कमियों को दूर कराने के लिए नागरिक दर-दर की ठोकरने खाने को मजबूर हो रहा है।

**कब और कहां होंगी कमियां दूर :** नगरपरिषद के अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि परिवार पहचान पत्रों को दुरुस्त करने के लिए अपना तीन दिन का कार्यक्रम तय कर लिया है।

> **क्या कहते हैं अधिकारी**
>
> **परिवार** पहचान पत्रों में त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए लगाए जाएंगे। जो 24 फरवरी से 26 फरवरी तक लगेंगे। जिसके लिए कर्मचारियों की नियुक्तियां कर दी हैं। नागरिक ऐसे शिविरों में पहुंचकर परिवार पहचान पत्र में आ रही त्रुटियों को दूर करा सकते है।
>
> **अतर सिंह**
> **( कार्यकारी अधिकारी नप )**

# जी-20 को लेकर साइबर हब में हुआ फ्लैश मॉब इवेंट

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** में जी-20 की पहली से चार मार्च तक होने वाली एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक को लेकर नागरिकों में उत्सुकता नजर आने लगी है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन के समन्वय के राहगीरी फाउंडेशन की ओर से साइबर हब में फ्लैश मॉब इवेंट का आयोजन किया गया।

एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने इवेंट में पहुंच कर भारत की अध्यक्षता में पहली बार दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी-20 की बैठक को लेकर विस्तार से जानकारी दी। एडीसी मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता मिली है। इस साल देश के विभिन्न शहरों में जी-20 के एजेंडा में शामिल अलग-अलग विषयों को लेकर बैठक की जा रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात भी है कि हमारे शहर में इस महत्वपूर्ण संगठन की बैठक हो रही है। गुरुग्राम में भी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक पहली से चार मार्च को होगी। ऐसे में अपने शहर की ब्रांडिंग के लिए हर गुरुग्राम वासी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि दुनिया में भारत का अतिथि देवो भव: का संदेश पहुंच सके। उन्होंने कहा कि डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की ओर से जी-20 की बैठक को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। जी-20 को लेकर जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की ओर से मॉडल संवाद कार्यक्रम, राहगीरी व रन फॉर जी-20 मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा। एडीसी ने इवेंट में पहुंचे दर्शकों से आगामी 26 फरवरी की सुबह व्यापार केंद्र मार्ग पर आयोजित होने वाली राहगीरी के साथ-साथ लेजर वैली पार्क से रन फॉर जी-20 मैराथन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से रन फॉर जी-20 में भागीदारी करने के लिए रजिस्ट्रेशन का ओपन लिंक भी जारी कर दिया गया है। फ्लैश मॉब इवेंट में स्ट्रीट प्ले, कोरियोग्राफी व लाइव बैंड आदि एक्टिविटीज के जरिए जी-20 बैठक की महता, आवश्यकता, गुरुग्राम की इमेज बिल्डिंग आदि को लेकर दर्शकों को जानकारी दी गई। दर्शकों ने भी देर शाम तक चले इवेंट का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया, राहगीरी फाउंडेशन से सारिका पांडा आदि भी उपस्थित रहे।



गुरुग्राम के साइबर हब में जी-20 इवेंट को लेकर आयोजित फ्लैश मॉब इवेंट में प्रस्तुति देते कलाकार।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में जल्द बनेगा इंडोर स्टेडियम

कविता। फरीदाबाद

**पढ़ोगे-लिखोगे** तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब वाली लोकोक्ति अब दम तोड़ रही है। आज खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं, खेलों से तन और मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। वहीं सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है। खेलों के जरिए आज देश का नाम रोशन हो रहा है। इसे देखते हुए कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेक्टर-16 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग को जल्द पूरा किया जा रहा। यह बात



प्रिंसीपल डॉ. नरेन्द्र कुमार।

राजकीय महिला कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. नरेन्द्र कुमार ने पायनियर को बताई।

**खेलने से गंवार नहीं बनते :** प्रिंसीपल डॉ. नरेन्द्र कुमार ने कहा कि राजकीय महिला कॉलेज की छात्राएं खेलों में आगे निकल रही




है। कोई योगा में तो किसी ने एथलेटिक्स में कॉलेज का नाम रोशन किया है। जिसे देखते हुए कॉलेज में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग विधायक नरेन्द्र गुप्ता के सामने रखी थी। जिसे उन्होंने पूरा करने का वायदा करते हुए प्रोपजल तैयार करने को कहा है। डॉ. नरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुराने जमाने की कहावत को अब पीछे छोड़ा जा रहा है। अब खेलने-कूदने से बच्चे गंवार नहीं, बल्कि क्रिएटिव बनते हैं।

**प्रपोजल करेंगे तैयार :** डॉ. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कॉलेज में इंडोर स्टेडियम का प्रपोजल तैयार कर भेजने को कहा है। विधायक ने

### इंडोर स्टेडियम के लिए तैयार किया जा रहा प्रस्ताव : डॉ. नरेन्द्र कुमार

कहा कि प्रदेश की बेटियों ने विश्व स्तर पर हर प्रकार के खेलो में देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। ऐसी प्रतिभाओं की खोज के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

**आगे बढ़ रहीं छात्राएं :** डॉ. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक एवं खेल प्रतियोगिता के संयोजक बलवीर दहिया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की छात्राएं खेलो इंडिया की आठ बेस्ट टीम में शामिल हो चुकी हैं। वहीं कुछ नेशनल में और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी की टीमों के संग खेलों में भाग ले चुकी हैं। इसके संग ही बॉक्सिंग में भी कुछ अपना भविष्य संवार रही हैं। लेकिन उनके प्रेक्टिस के लिए कोई स्थान न होने के कारण अब इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है। जहां उन्हें सभी सुविधाएं मिलेंगी। इंडोर स्टेडियम को हम मल्टीपर्पज हॉल के रूप में इस्तेमाल कर सकेगे। जिसमें बॉक्सिंग, चेस, बेडमिंटन, बॉलीवॉल, कबड्डी इत्यादी खेलो के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे।

# प्रत्येक व्यक्ति तक मदद पहुंचाने को तैनात होंगे ग्राम व वार्ड पुलिस प्रहरी

### सीपी ने 127 गांव और 45 वार्डों में 344 पुलिस कर्मियों को प्रहरी नियुक्त किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** महानिदेशक पंचकूला के आदेश व पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन में अब फरीदाबाद में बीट सिस्टम की तर्ज पर ग्राम व वार्ड प्रहरी व्यवस्था की शुरूआत हो चुकी है। पुलिस की यह बहुत ही सराहनीय पहल है। जिसमें जिसके माध्यम से पुलिस समाज के हर वर्ग-हर व्यक्ति तक पुलिस संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही पुलिस एरिया में होने वाली हर छोटी से छोटी हलचल पर निगरानी रख सकेगी जिसके माध्यम से समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायता प्राप्त होगी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में आज पुलिस आयुक्त कार्यालय में सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारी तथा गांव/वार्ड प्रहरी के साथ बैठक आयोजित की गई। पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा पूरे हरियाणा में ग्राम व वार्ड एरिया में प्रहरी नियुक्त करने के आदेश दिए गए थे जिसके तहत फरीदाबाद के 127 गांव में 254 ग्राम प्रहरी तथा 45 वार्डों में 90 वार्ड प्रहरी नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक गांव/वार्ड में दो-दो प्रहरी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें एक प्रहरी तथा एक सहायक प्रहरी नियुक्त किया गया है। इसके माध्यम से पुलिस पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाकर कानून संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का कार्य करेगी। पुलिस आयुक्त ने इस बारे में सभी थाना प्रभारियों तथा ग्राम व वार्ड प्रहरियों को अहम दिशा निर्देश दिए। इन प्रहरियों को कुछ विशेष कार्य दिए गए। जिसमें प्रहरी के तौर पर नियुक्त पुलिस कर्मी अपने एरिया में शराब, स्मैक, गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन इत्यादि की नशा तस्करी करने वाले तस्करों, बदमाश, गुटबाजी बनाकर कानून व्यवस्था को खराब करने वाले अपराधिक तत्वों, धर्म जाति या संगठन के नाम पर लोगों को भड़काकर शांति भंग करने वाले व्यक्तियों, किसी गैंगवार या अपराधिक संगठन से संबंध रखने वाले गैंगस्टर, आतंकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों, थाने के हिस्ट्रीशीटर या जो व्यक्ति बार-बार जेल जाते हैं और जमानत पर बाहर आने के पश्चात फिर से आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं इस प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक गांव व वार्ड की जनसंख्या, मकानों की संख्या, क्षेत्रफल, सीसीटीवी कैमरों की जानकारी, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक संस्थान, हॉस्टल, धार्मिक पर्व, मेले इत्यादि का रिकॉर्ड रखा जाएगा।



344 पुलिसकर्मियों को प्रहरी नियुक्त करते सीपी।

प्रत्येक गांव/वार्ड के सरपंच/पार्षद, पंचायत मेंबर, नंबरदार, चौकीदार आशा वर्कर, सुरक्षा गार्ड, टैक्सी चालक, बस ड्राइवर, दुकानदार, प्रॉपर्टी एजेंट, गाड़ी के डीलर, आरडब्लूए मेंबर, साइबर कैफे संचालक, गेस्ट हाउस मालिक सहित समाज के प्रमुख व्यक्तियों के नाम का इंद्राज करने के बारे में निर्देशित किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर कानून व्यवस्था को सदृढ़ करने व शांति व्यवस्था कायम रखने में इनकी सहायता ली जा सके। इसके साथ ही एरिया में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सूची तैयार की जाएगी ताकि बुजुर्गों को समय पर सहायता पहुंचाई जा सके और उन्हें किसी प्रकार के परेशानी का सामना ना करना पड़े तथा उनकी देखभाल भी अच्छे से की जा सके।

# मांगों को लेकर सेवानिवृत कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**सेवानिवृत्त** कर्मचारियों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा जिला उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 के समक्ष न्याय उचित मांगों को लेकर धरना एवं प्रदर्शन किया। जिसमें वह पुरानी पेंशन बहाल करने, कैशलैस मेडिकल सुविधा लागू करने, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये करने, 65 की आयु पर 5 प्रतिशत, 70 की आयु पर 10 प्रतिशत एवं 75 वर्ष की आयु पर 15 प्रतिशत की पेंशन में बढ़ोतरी करने, फैमिली पेंशनर्स को एलटीसी सुविधा देने, कंमयूटेशन पीरियड 12 साल करने तथा ब्याज दर घटाने तथा पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार बातचीत कमेटी का गठन करें। ताकि समस्याओं का सुनने के बाद समाधान किया जा सके व अन्य मांगों के समाधान हेतु धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरने की अध्यक्षता ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर एसएस बांगा ने की तथा मंच का संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नेता लज्जाराम ने किया। प्रदर्शन के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा सिटी मजिस्ट्रेट ने कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से



मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। धरने में विशेष तौर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सतपाल नरवत, यू एम खान, हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान भजनलाल हरियाणा पुलिस रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सतवीर सिंह स्वास्थ्य विभाग की पूर्व राज्य प्रधान आशा शर्मा आदि नेताओ सहित सेंकडो स्वनिर्वित एव कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शास्त्री जिला प्रधान करतार सिंह, हरियाणा पावर कॉरपोरेशन के नेता कृष्ण कुमार शब्बीर अहमद मुंसिपल कॉरपोरेशन इंप्लाइज फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान वरिष्ठ उप प्रधान शाहबीर ने सेवनिर्वित कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से अपील की है कि उनकी मांगों का समाधान सरकार करें। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ने बजट में कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों का समाधान करे।

# सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाया जा रहा लोन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केन्द्र** सरकार की रोजगार नीति के तहत शुक्रवार को नीलम-बाटा रोड स्थित बालाजी मोटर्स परिसर में बेरोजगार युवाओं को एक कदम रोजगार के तहत पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सस्ते दामों पर लोन उपलब्ध करवाने के लिए एक लोन मेले का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बालाजी मोटर्स के संचालक मुकेश कौशिक, मैनेजर कैलाश गोयल, वर्कशॉप मैनेजर संजीत यादव, बजाज आटो के एएसएम डीपीएस कुशवाहा, आटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष वासुदेव अहेरिया, समस्त हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन के जिला प्रधान भोपाल सिंह के अलावा पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी विनय कुमार सिंह, वैभव जैन, तिलकराज कपूर, अनामिका आदि मौजूद रहे।

पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी विनय सिंह व बालाजी मोर्टस के संचालक मुकेश कौशिक ने बताया कि पहले आटो फाईनेंस के लिए आने वाले लोगों को प्राईवेट बैंक पर निर्भर रहना



लोन मेले में जानकारी देते अधिकारी।

पड़ता था तथा ब्याज दर भी प्राईवेट बैंकों की अधिक होती थी, लेकिन सरकारी बैंक पंजाब नेशनल के द्वारा प्रधानमंत्री की रोजगार नीति को आगे बढ़ते हुए अब बेरोजगार युवाओं को सस्ते दरों पर आटो लोन उपलब्ध होगा। जिससे ब्याज दर की किस्तों में कमी आएगी और बेरोजगार युवाओं को आसानी से लोन उपलब्ध हो जाएगा। इस मौके पर सैकड़ों बेरोजगार युवाओं ने लोन के बारे में जानकारी भी ली। मुकेश कौशिक ने कहा कि बालाजी मोटर्स में बेरोजगार युवा लोन लेने के लिए सरकारी बैंक से सम्पर्क करें। बालाजी मोटर्स का प्रयास है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवा आगे आए और अपना रोजगार शुरू करने की दिशा में सरकारी बैंकों के माध्यम से लोन लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करें और एक जिम्मेदार शहरी की तरह जीवन व्यतीत करें।

## परीक्षा के सफल संचालन की तैयारी पूरी: कौशल

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के साथ प्रदेश में होने वाली सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डीएलएड (री-अपीयर) परीक्षा फरवरी/मार्च-2023 के सुचारू रूप से संचालन हेतू समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में फ्लाइंग स्कवॉड टीमें गठित करें। यह टीमें परीक्षा से पूर्व और परीक्षा के दिनों में हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में 79 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जिनमे 26 सरकारी विद्यालय तथा 53 प्राइवेट विद्यालय हैं। परीक्षा के सफल संचालन और नकल रहित बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला में धारा-144 लागू कर दी गयी है व परीक्षा से पहले विद्यालयों के आस पास सभी फ़ोटोस्टेट की दुकानों को बंद करवा दिया जायेगा।

# प्रिस्टीन केयर ने हैल्थकेयर की एक हजार नौकरियों का किया निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रणी** हैल्थकेयर सैकेंडरी सर्जरी प्रदाता, प्रिस्टीन केयर ने पूर्वी भारत में अपनी स्थित और ज्यादा मजबूत कर ली है। इसने 60 से ज्यादा अस्पतालों के साथ साझेदारी की है। कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, गुवाहाटी और सिलिगुड़ी में 50 क्लिनिक्स लॉन्च किए हैं। पूर्वी क्षेत्र में 100 से ज्यादा सर्जंस के साथ कंपनी पिछले साल एक लाख से ज्यादा मरीजों को परामर्श प्रदान कर चुकी है।

कंपनी का उद्देश्य साल के अंत तक और ज्यादा शहरों में विस्तार करते हुए अपनी पहुंच को दोगुना करना है। प्रिस्टीन केयर 15 से ज्यादा सर्जिकल श्रेणियों में काम करता है, जिनमें सामान्य सर्जरी, ऑफ्थेल्मोलॉजी, ईएनटी, यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी आदि हैं। यह आईवीएफ, हेयर ट्रांसप्लांट और बैरियाट्रिक्स में विस्तार करने की योजना में है। प्रिस्टीन केयर के मरीज पर केंद्रित दृष्टिकोण ने खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में जीवन की

### 6 शहरों - कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, गुवाहाटी, और सिलिगुड़ी में कार्यशील

### आईवीएफ, हेयर-ट्रांसप्लांट, और बैरियाट्रिक्स विभाग लॉन्च करने की योजना

गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आवश्यक सर्जिकल केयर प्राप्त करना आसान बना दिया है।

इस विस्तार के बारे में हरसिमरबीर सिंह, को-फाउंडर, प्रिस्टीन केयर ने कहा, ''पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में सैकेंडरी हैल्थकेयर सेवाओं की मांग में स्थिर रूप से वृद्धि हो रही है। हमारी विस्तार योजना बेहतरीन सर्जिकल केयर प्रदान करने के हमारे उद्देश्य के अनुरूप है। इसके साथ ही हमने पिछले तीन सालों में क्लिनिकल और नॉन-क्लीनिकल क्षेत्रों में 1000 से ज्यादा नौकरियों का सृजन किया है। हम हैल्थकेयर सेवाओं को मजबूत करते रहेंगे और क्षेत्र में आधुनिक इलाज एवं टेक्नॉलॉजी प्रस्तुत करेंगे।''

कंपनी नई सर्जिकल टेक्नॉलॉजी, जैसे एडवांस्ड लेजर, लैपरोस्कोपी, माईक्रोडिब्राईडर्स, लेसिक आदि की मदद से हॉस्पिटल्स और क्लीनिक्स सहित मौजूदा हैल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी परिवर्तन ला रही है। प्रिस्टीन केयर ने अपना इन-हाउस क्लाउड-बेस्ड प्रोप्रायटरी टेक ईएमआर (इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स) अपनाया है, जिसे प्रिस्टीन केयर के 99 प्रतिशत डॉक्टर अपना चुके हैं। वर्तमान में प्रिस्टीन केयर एंड-टू-एंड मरीज-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है, और देश में 42 से ज्यादा शहरों में 400 से ज्यादा सर्जंस को डिजिटल रूप से समर्थ बनाता है। कंपनी 100,000 मरीजों का इलाज करते हुए 1.55 मिलियन से ज्यादा मरीजों के साथ बातचीत कर चुकी है।

# फीएवा ने प्रशासक को बताई प्लॉट धारकों की पीड़ा

### एचएसवीपी की लापरवाही से परेशान है कारोबारी और प्लॉट धारक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को एचएसवीपी के कार्यालय में प्रशासक गरिमा मित्तल से मुलाकात कर उन्हें प्लाट धारकों एवं रियल एस्टेट कारोबारियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इस विषय में उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा।

जिसमें आधार कार्ड को अपडेट करने की पावर प्लाट धारकों को दिए जाने एवं बायोमैट्रिक अटेंडेंस के दौरान फिंगरप्रिंट ना आने पर नई आई स्कैनिंग मशीन लगवाने के लिए भी कहा। मल्टीपल प्लॉटों अथवा



प्रशासक को मांग पत्र सौंपते फीएवा के सदस्य।

आरक्षित वर्ग में आवंटित किए गए प्लॉटों की एनओसी के बारे में जांच पिछले 10 साल से बिना वजह न लटका कर इसे विभाग अपने स्तर पर स्वयं करवाए, क्योंकि इस संबंध में विभिन्न संपदा कार्यालयों में महीनों इंतजार करने के बाद भी मेल की रिप्लाई नहीं भेजी जा रही। जिससे लोग काफी परेशान हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यालय स्तर पर भी जो मेल भेजी जाती हैं। उन्हें भी समयबद्ध किया जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के प्लाट धारकों द्वारा जो खरीदारों के हक में अलाटमेंट के बाद 10 साल की अवधि से पहले ही कन्वैस डीड करवाकर सेल डीड करवा दी गई है। उनको भी ट्रांसफर परमिशन व रि-अलाटमेंट लेटर यथाशीघ्र जारी किए जाएं।


आफ्टर सैल डीड रि-अलाटमेंट के लिए अप्लाई किए गए आवेदनों को मुख्यालय में भेजने की अपेक्षा उसका निर्णय प्रशासक द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर किया जाना चाहिए। हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार सभी आए हुए आवेदनों को सेंट्रलाइज ट्रैकिंग सिस्टम के तहत पीपीएम सिस्टम से जोड़कर ऑनलाइन किया जाना चाहिए। जिससे आवेदक अपने आवेदन का स्टेटस घर बैठे हुडा हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 180 0180 3030 पर भी कॉल करके जानकारी ले सकें।

प्रशासक गरिमा मित्तल ने सभी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और इनका आगामी दो सप्ताह में निवारण करने का आश्वासन दिया। अन्य समस्याओं के लिए मुख्यालय स्तर पर पत्र भेजने व मंजूरी लेने के लिए भी आईटी सेल के सिस्टम ऑफिसर विजयशंकर कौशिक एवं डिप्टी सुप्रीडेंट सुमेर सिंह को साथ तुरंत फाइल बनाकर लाने के आदेश दिए। प्रतिनिधि मंडल में फीवा महासचिव गुरमीत सिंह देओल के साथ लीगल एडवाइजर रोहताश फौगाट, जितेंद्र अरोड़ा, फीएवा ग्रीवेंस कमेटी सदस्य अशोक अरोड़ा मौजूद रहे।

# मोबाइल और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवम अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद विक्रम सिंह के निर्देशानुसार 20 फरवरी से 28 फरवरी तक जेसी बोस विश्वविद्यालय फरीदाबाद के प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन का आरंभ बिजेन्द्र सोरोत सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक के नेतृत्व में हुआ।

रिसोर्स पर्सन पुरुषोत्म वेरखया ने मोबाइल के दुषप्रभावों के बारे में सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया तथा परामर्शदात्री ज्योति शर्मा ने नशे के बारे मे बताते हुए कहा की युवा स्वाद चखने के लिए नशे का सेवन करते है फिर धीरे धीरे नशे की बुरी आदत का शिकार हो जाते है। नशे के प्रभाव में फसते ही चले जाते है। उचित परामर्श के अभाव मे नशे की आदत से छुटकारा पाना कठिन हो जाता है।



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते यूथ रेडक्रॉस के सदस्य।

जितेंदर कौशिक प्रवक्ता प्राथमिक चिकित्सा ने प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे मे बताया व उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सीखने के लिए प्रेरित भी किया। कृष्ण कुमार द्वारा प्रतिभागियों को अंग दान करने के फायदे व उसके प्रति जागरूक होने को कहा। अमृता लाल ने सैंटजॉन ब्रिगेड के साथ जुड़ने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया वे उसके फायदे बताए। मनोज बंसल ने रक्तदान करने के फायदे बताए। टीबी प्रोजेक्ट समन्वयक कुमारी मधु भाटिया ने टीबी के बारे में जानकारी दी व इसके लक्षणों के बारे में बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## बजट वृद्धि व अग्निवीर केंद्र के लिए जताया आभार



**फरीदाबाद।** हरियाणा के बजट में सरकार द्वारा 7 स्थानों पर एकीकृत सैनिक केंद्रों का प्रावधान करने, पूर्व सैनिक व अर्ध सैनिक विभाग के बजट में 14 प्रतिशत वृद्धि करने व 20-20 करोड़ की लागत से हरियाणा प्रदेश में युवाओं के लिए अग्निवीर परीक्षा की तैयारी के लिए प्रशिक्षण संस्थान खोलने का प्रावधान करने पर सीएम का आभार व्यक्त किया है। जिसमें सतिंदर दुग्गल, ज़िला संयोजक, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने गोपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष, मूलचंद मित्तल महामंत्री व मनजीत जांगड़ा विस्तारक फरीदाबाद भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी के सदस्यों फ्लाइंग ऑफिसर दया शर्मा, पी सी गौड़, अमन वत्स, नरेश गौतम, सुभाष कौशिक,कैप्ट चौहान, जय प्रकाश भाटी, समरपाल, आर पी चुग, कैप्टन सिंह, पूर्व वेटेरन राणा, रतनलाल व वरिष्ठ पूर्व सैनिक भीम सिंह के साथ मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## ट्रिपल ए फार्मा और इम्पीरियल ऑटो के बीच हुआ मैच

**फरीदाबाद।** एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट का मैच ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 76 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रिपल ए फार्मा और इम्पीरियल ऑटो के बीच खेला गया। ट्रिपल ए फार्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 193 /10 रन बनाए। ट्रिपल ए फार्मा के खिलाड़ी गौरव वर्मा ने 21 बॉल में 44 रन बनाए। जिसमें 3 छक्के और 4 चौक्के शामिल हैं। संदीप कुमार ने 17 बॉल में 37 रन बनाए। जिसमें 3 छक्के 3 चौक्के शामिल हैं। इम्पीरियल ऑटो के गेंदबाज सुनील सिंह ने 3 ओवर में 29 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इम्पीरियल ऑटो ने 17 ओवर में 149 /10 रन ही बनाए। जिसमें इम्पीरियल ऑटो के बल्लेबाज सुनील सिंह ने 35 बॉल में 59 रन बनाए। जिसमें 1 छक्का और 5 चौक्के शामिल हैं। वहीं ट्रिपल ए फार्मा के गेंदबाज सुजीत कुमार ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिया। जिसमें ट्रिपल ए फार्मा ने 44 रन से मैच में जीता और गौरव वर्मा को मैन ऑफ दी मैच दिया गया।

## 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के स्वर्ण जयंती वर्ष में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में आयोजित हुई। इस एथलेटिक मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद (एसडीएम, बल्लभगढ़) एवम अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा खेल ध्वजा फहरा कर एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। खेलकूद संयोजक डॉ. केएल कौशिक वरिष्ठ प्रवक्ता एवं शारीरिक शिक्षक नंदकिशोर, डा जगबीर सिंह और मोहित हुड्डा ने मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदय को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात खेल संयोजक डॉ केएल कौशिक ने खेल गतिविधियों का वार्षिक विवरण देते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों मनीष नरवाल एवं शिखा नरवाल की उपलब्धियों को बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत इसमें होती रहती है लेकिन निरंतर अभ्यास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर ध्यान देना चाहिए। खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका महत्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभाशीष एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 120 नशे के इंजेक्शनों के साथ पांच आरोपी किए गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के दिए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशा तस्करी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उन्हें नशा सप्लाई करने वाले उनके साथियों की भी धरपकड़ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इरफान, प्रदीप, संदीप, राकेश तथा जतिन का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के विभिन्न एरिया के रहने वाले हैं। 22 फरवरी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी इरफान को नशा तस्करी करते हुए तिकोना पार्क से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से नशे के 120 इंजेक्शन बरामद किए गए जिसमें प्रत्येक इंजेक्शन में 1द्रव्य दवा थी। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को कोतवाली थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई।

## कार्यशाला में दिया हीलिंग के सात चक्र पर व्याख्यान

**फरीदाबाद।** समग्र भलाई और आध्यात्मिक कल्याण केंद्र, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में 22-25 फरवरी 2023 तक जीवन जीने की राह पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला की शुरुआत 22 फरवरी को डॉ. विजाता आर्य-योग और प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सक, काया कल्प योग और नेचर क्योर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में उद्घाटन समारोह के साथ हुई। दूसरे दिन की थीम थी: ध्यान के पांच आयाम। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता आचार्य हरदीप सिवाच, योगाचार्य, आध्यात्मिक चिकित्सक, रेकी मास्टर, सम्मोहन चिकित्सक रहे। उन्होंने ध्यान और इसके विभिन्न लाभों पर अपने विचार रचनात्मक तथ्यों से प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि ध्यान तनावपूर्ण स्थितियों पर एक नया दृष्टिकोण हासिल करने और इसे प्रबंधित करने के लिए कौशल विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने आगे कहा कि ध्यान और योग नकारात्मक भावनाओं को कम करने में सहायता करते हैं और कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और सहनशीलता को बढ़ाते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी सभागणों को योग और ध्यान के अभ्यास सत्र दिए। इस चार दिवसीय कार्यशाला के संयोजक डॉ. इनायत चौधरी हैं। कार्यक्रम के इस सत्र में लगभग 50 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया।



## मनचलों को सबक सिखाने को रखें मिर्ची पाउडर या स्प्रे : गीता

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने अजरौंदा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा स्कूली छात्रों को समाज के मुख्य मुद्दों के बारे में जागरूक करके इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के तहत इंस्पेक्टर गीता आज अजरोंदा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं। जहां स्कूल प्रिंसिपल तथा शिक्षकगणों ने पौधे भेंट कर पुलिस टीम का स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए थाना प्रभारी को मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर गीता ने छात्राओं को समाज में महिलाओं विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि जब छात्राएं स्कूल कॉलेज या पार्क में जाती हैं तो कुछ मनचले किस्म के लड़के उनके साथ छेड़छाड़ करते हैं, भद्दे कमेंट पास करके सिटी बजाते हैं और कई बार तो लड़कियों का रास्ता रोककर उनके साथ जबरदस्ती करने की भी कोशिश करते हैं। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को इस प्रकार के मनचलों को सबक सिखाने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें बताया कि किस प्रकार आप अपने आप को इनसे सुरक्षित रख सकती हैं।

## उत्तर प्रदेश का बजट

### सर्व-समावेशी दिशा

**उत्तर प्रदेश** का बजट ढांचागत विकास, राजकोषीय व्यावहारिकता तथा सबके कल्याण पर केन्द्रित 'सर्व-समावेशी' बजट है। सरसरी तौर से देखने पर योगी आदित्यनाथ का बजट अन्य सभी भाजपा राज्य सरकारों की तरह ढांचागत विकास व जन-कल्याण पर केन्द्रित है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों की अभिव्यक्ति है जो इन दोनों क्षेत्रों पर लगातार जोर देते रहे हैं। इस दृष्टिकोण ने भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी को बहुत लोकप्रिय बनाया है। राज्य को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने को लक्षित राज्य बजट 2023-24 को 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नीव' कहा गया है। उल्लेखनीय रूप से यह ऐसे राज्य का बजट है जिसे लंबे समय तक भारत में नकारात्मक कारणों से जाना जाता रहा है। इनमें औद्योगिक गतिरोध, बेरोजगारी, खराब कानून व्यवस्था, राजनीति का अपराधीकरण व अपराध का राजनीतीकरण, जातीय तनाव, सांप्रदायिक टकराव, पर्यावरण क्षरण, शहरी परिस्थितिकी में गिरावट, आदि शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग सभी प्रकार की समस्यायें थीं। सालों तक प्रदेश के राजनेता जनता के कष्टों के प्रति संवेदनहीन रह कर अपने विभाजक एजेंडों के साथ एक-दूसरे से लड़ते रहे। निश्चित रूप से ऐसे में उत्तर प्रदेश वैश्विक व घरेलू निवेशकों की प्राथमिकता में बिल्कुल नहीं था। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब यह स्थिति पूरी तरह बदल गई है। सर्वोच्च स्तर पर बैठे लोगों के दृष्टिकोण व सोच का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे नीतियां व कार्यक्रम निर्धारित होते हैं। इसी परिवर्तन के चलते योगी आदित्यनाथ सरकार ऐसी 'लोकरंजक' योजनायें नहीं लागू कर रही है जो राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ऐसी योजनाओं के कारण बदनाम हो गई थी। उस समय सोनिया गांधी नीत राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में नासमझ विदूषक, पर्यावरण अतिवादी, अति-उदारवादी व छद्म बुद्धिजीवी शामिल थे। लेकिन अब इस स्थिति में व्यापक रूप से बदलाव आया है।




अब आर्थिक प्रगति व विकास की होड़ लगी है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य की सकल घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 19 प्रतिशत होगी। यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि उत्तर प्रदेश की वर्तमान वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दूनी है और भविष्य में इसके और तेज होने की पूरी उम्मीद है। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार अगले वित्त वर्ष में देश की आर्थिक प्रगति की दर 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वर्तमान मूल्यों पर यह 10.6 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह भी खुशी की बात है कि प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 690,242.43 करोड़ के बजट में खर्च पर नियंत्रण बनाए रखा है। वर्तमान वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा लगभग 3.96 प्रतिशत है जो 2023-24 में 3.48 तक आ जाएगा। यह भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की नीतियों के अनुसार है जो राजकोषीय व्यावहारिकता पर जोर दे रही है। स्वाभाविक रूप से उद्योग जगत ने उत्तर प्रदेश के बजट का स्वागत किया है। बजट निश्चित रूप से बहुत अच्छा है, लेकिन देखना होगा कि इसमें व्यक्त अच्छे इरादे व महत्वाकांक्षी घोषणायें कहां तक जमीन पर उतरने में सफल सिद्ध होती हैं। हालांकि, योगी आदित्यनाथ की सरकार पर 'चुनावी राजनीति' के दबाव कम नहीं हैं और किसानों की कर्ज माफी जैसी मांगें उठने लगी हैं। लेकिन अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की नीतियों पर चलते हुए सस्ती 'लोकरंजकता' से बचती रही है। पूरी उम्मीद है कि वह भविष्य में भी राजकोषीय व्यावहारिकता तथा जन-कल्याण में संतुलन बनाए रखने में सफल होगी।

# राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका

समय आ गया है कि सरकारिया आयोग की सिफारिशों को एक संवैधानिक प्राविधान में बदल कर राज्यपाल की भूमिका सुनिश्चित की जाए।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, लोकसभा के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)



हाल ही में सेवानिवृत्त नयायाधीशों तथा सक्रिय राजनेताओं की राज्यपालों के रूप में नियुक्तियों ने पुराने विवाद को हवा दी है। पद छोड़ने के बाद अनेक राज्यपालों की जितनी जल्दी नियुक्तियां हुई हैं, उनसे विलियम सेक शपियर के प्रख्यात नाटक में हैमलेट के शब्द याद आते हैं। नाटक का नायक व डेनमार्क का राजकुमार अपनी रानी मां द्वारा पिता की मृत्यु के बाद चाचा से विवाह करने पर व्यथित होकर कहता है, 'हे भगवान, तार्किक दृष्टिकोण से क्या कोई जानवर भी कुछ लंबे समय तक दु:ख न मनाता और मेरे चाचा से विवाह कर लेता'। उसने इसे 'सर्वाधिक दुष्टतापूर्ण गति' कहा था। स्वर्गीय अरुण जेटली ने एक संदर्भ में कहा था, 'सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभ सेवानिवृत्ति के पहले लिए जाने वाले निर्णयों के लिए प्रेरक हो सकते हैं।' सरकारिया आयोग तथा वैंकटचलैया आयोग की संस्तुतियों के बावजूद सक्रिय पार्टी राजनेताओं को राज्यपालों के रूप में नियुक्त किया गया है। परंपरा के अनुसार, उन परिपक्व नेताओं को राज्यपालों के रूप में नियुक्ति के लिए उचित माना जाता था जो चुनावी राजनीति से अलग हट गए हों तथा राजनीतिक रूप से तटस्थ माने जाते हों। संविधान सभा ने राज्यपालों के चयन के अनेक तरीकों पर विचार किया था। पहला तरीका वयस्क मताधिकार के माध्यम से निर्वाचन का था। दूसरा तरीका विधानसभा सदस्यों द्वारा चुनाव तथा तीसरा तरीका विधानसभा द्वारा प्रस्तुत एक सूची में से राष्ट्रपति द्वारा चयन का था। उपरोक्त प्रस्तावों की आलोचना इसलिए की गई थी कि इससे संभावित संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है, राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के लिए विधानसभा का तुष्टीकरण हो सकता है तथा पहला विकल्प न होने पर सूची में शामिल लोगों में टकराव की संभावना थी। व्यापक विचार-विमर्श तथा अनेक चीजों पर ध्यान देने के बाद अंततः राष्ट्रपति द्वारा राज्यपालों की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया गया था। राज्यपाल को अनेक काम करने होते हैं। लेकिन उस स्थिति को छोड़ कर जहां उसे अपने विवेकाधिकार से काम करना होता है, राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सहायता व सलाह पर काम करता है जो विधायिका के प्रति जवाबदेह होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य, 1974 मामले में दिए फैसले में इस दृष्टिकोण को मजबूत किया था। यह स्थिति राष्ट्रपति जैसी नहीं है जिसे एक निर्वाचक मंडल द्वारा चुना जाता है। इसमें निर्वाचित सांसद व विधायक शामिल होते हैं तथा उसे संसद द्वारा महाभियोग लगा कर हटाया जा सकता है। राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा पांच साल के लिए की जाती है, पर वह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद पर बना रह सकता है। यदि 'प्रसाद' बना रहे तो उसे राज्यपाल के दूसरे कार्यकाल के लिए भी नियुक्त किया जा सकता है। यह प्रसाद बनाए रखने के लिए यदि राज्यपाल बहुत जिद्दी प्रकृति का न हो, तो वह केन्द्र सरकार की इच्छा के समक्ष झुक जाता है।

ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है जब राज्यपालों ने केन्द्र सरकार के औजार के रूप में निर्वाचित राज्य सरकारों को उलट दिया था। 1953 में ही 166 विधायकों वाले यूडीएफ को आमंत्रित करने के बजाय मद्रास राज्य के राज्यपाल ने सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जिसके 152 सदस्य थे। इस प्रकार सी. राजगोपालाचारी के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। इसी वर्ष पूर्व पटियाला व पूर्वी पंजाब राज्य यूनियन-पेप्सू में सत्तारूढ़ दल में आंतरिक टकराव के चलते राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। अनेक अन्य उदाहरणों में केरल में 1959 में सरकार भंग करना, 1084 में एनटीआर व फारूक अब्दुल्ला सरकारें भंग करना, 1989 में बोम्मई सरकार भंग करना तथा इसके बाद बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश में सरकारें भंग करना शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बोम्मई मामले में फैसले ने एक प्रकार के प्रतिरोधक का काम किया। लेकिन इसके बाद उन राज्य सरकारों को हटाने के नए और खोजी तरीके निकाले गए जहां बहुमत कम था या जनादेश के विपरीत नए विधायी बहुमत तैयार किए जा सकते थे।

अतीत पर नजर डालें तो पिछले सात दशक में राज्यपाल की संस्था पर 1951 से ही विवाद शुरू हो गया था। इसका कारण राष्ट्रपति शासन लागू करना, मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति, सदन में बहुमत परीक्षण के लिए समयसीमा निर्धारण, विधानसभा का सत्र बुलाने में असाधारण विलम्ब, आदि हैं। केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त होने तथा राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद पर बने रहने के कारण राज्यपाल की संस्तुतियां प्राप्त की जाती हैं और उनको राष्ट्रपति शासन लागू करने का आधार बनाया जाता है। इन संस्तुतियों का आधार राज्य विधायिका में पार्टियों द्वारा स्पष्ट बहुमत न होने की स्थिति में सरकार बनाने का दावा करने में विफलता, सत्तारूढ़ पार्टी से दलबदल, सरकार का अल्पमत में आना, विपक्ष द्वारा विधानसभा में बहुमत के स्पष्ट समर्थन का समझ में आने वाला दावा करने में विफलता, सरकार गठन के बारे में राजनीतिक पार्टियों के दावे व जवाबी दावे, राज्य सरकार द्वारा संविधान लागू करने में विफलता, सदन में सरकार का पराजित होना, आदि हैं।

संविधान सभा के अनेक सदस्यों ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि के अनुसार प्रांतीय स्वायत्तता के खतरे का पूर्वानुमान लगाया था। संविधान सभा के सदस्य डा. एच.वी. कामथ ने उचित ही सावधान करते हुए कहा था, 'मुझे केन्द्र सरकार द्वारा प्रांतीय स्वायत्तता के विनाश तथा प्रांतीय स्वायत्तता में तोड़फोड़ का पूर्वानुमान है।' उन्होंने कहा था, 'संविधान का खतरा उन लोगों से उतना नहीं है जो सड़कों पर आंदोलन करते हैं, बल्कि उनसे अधिक है जो सत्ता में बैठे हों।' हालांकि, आज यह 'मृत शब्द' बन गय है, पर अनुच्छेद 356 को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लागू करने में अनेक राज्यपालों की कमियां और गलतियां 1951 से ही विवादों का कारण बन गई थीं। प्रशासनिक सुधार आयोग, 1968 ने इस मामले में अपनी चिन्ता प्रकट की थी। 1971 में राजामन्नार आयोग ने अनुच्छेद 356 हटाने की संस्तुति की थी। 1988 में सरकारिया आयोग ने इसके विरल उपयोग का सुझाव दिया था। उसने राज्यपाल की नियुक्ति तथा उसके पद को दुरुपयोग से बचाने के लिए अनेक दूरगामी सुझाव दिए थे। 2002 में जस्टिस वेंकटचलैया आयोग ने सुझाव दिया था कि अनुच्छेद 356 का उपयोग अंतिम विकल्प के रूप में ही किया जाए।

तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 28 अगस्त, 2003 को अंतर-राज्य परिषद बैठक में कहा था, 'सरकारिया आयोग की संवैधानिक संस्तुतियों पर आम सहमति है।' सरकारिया आयोग ने सुझाव दिया था कि राज्यपाल जीवन के किसी क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त व्यक्ति तथा राज्य से बाहर का होना चाहिए। उसके गहन राजनीतिक संपर्क नहीं होने चाहिए या उसने निकट अतीत में राजनीति में भाग न लिया हो। इसके साथ ही उसे सत्तारूढ़ पार्टी का सदस्य नहीं होना चाहिए। कार्यकाल समाप्त होने से पहले उसे केवल अपने पद से संविधान में वर्णित आधार पर अथवा नैतिकता, गरिमा, संवैधानिक निष्ठा भंग होने, आदि की स्थिति में ही हटाना संभव हो। उसकी नियुक्ति प्रभावी विचार-विमर्श के पश्चात होनी चाहिए। औपनिवेशिक युग में गवर्नर का पद अक्सर उस समय लोकतांत्रिक सुशासन में बाधा का काम करता है, जब प्रांतीय स्वायत्तता कमजोर हो गई हो अथवा निर्वाचित सरकार पटरी से उतर गई हो।

संघवाद हमारे संविधान की मूल संरचना का अभिन्न अंग है और यह अभिन्न रूप से देश की एकता व अखंडता से जुड़ा है। इसलिए समय आ गया है कि सरकारिया आयोग की संस्तुतियों को एक संवैधानिक प्राविधान में बदल दिया जाए। इसके साथ ही किसी सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को उसका पद छोड़ने से दो साल पहले राज्यपाल नहीं नियुक्त किया जाना चाहिए। राज्यपाल को चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। राज्यसभा द्वारा प्रस्तावित राज्यपालों के नामों पर सहमति अनिवार्य कर देनी चाहिए।

# सार्थक भूमिका के लिए छटपटाते क्षेत्रीय दल

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



लोकसभा चुनाव लगभग एक साल दूर है और आश्चर्य नहीं कि तमाम राजनीतिक दल अपने शस्त्रागार को दुरुस्त करने में लग गए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी मुख्य चैलेंजर कांग्रेस अपने सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के लिए मंथन कर रहे हैं वहीं कई क्षेत्रीय दलों के क्षत्रप भी अपनी महत्वाकांक्षाओं को अमली जामा पहनाने के लिए आतुर प्रतीत हो रहे हैं। अलग अलग कारणों से क्षेत्रीय दलों के लिए राष्ट्रीय राजनीति में अपने लिए सार्थक, सकारात्मक भूमिका व प्रासंगिकता तलाशना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है और फिलहाल इस चुनौती के और गहराने की संभावना है।

कांग्रेस के रवैये ने कई ऐसे क्षेत्रीय दलों को दुविधा व परेशानी में डाल दिया है जिन्हें कांग्रेस की ओर से गैर भाजपा फ्रंट बनाने की दिशा में कुछ नरम व रक्षात्मक रवैये की आशा थी। इस संबंध में सबसे तगड़ा झटका बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लगा है। हाल ही में नीतीश कुमार ने कांग्रेस से विपक्षी एकता के लिए पहल करने की अपील करते हुए यह भरोसा तक दिलाया था कि विपक्ष अगर ठीक से अपने पत्ते ठीक से खेले तो भाजपा के लिए सत्ता तो दूर, सौ सीटों का आंकड़ा पार करना भी दूभर हो जाएगा।

बहरहाल नीतीश कुमार ने विपक्ष का हितचिंतक बनने की अपनी आतुरता का जैसा परिचय दिया वैसी सकारात्मक व उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया उन्हें कांग्रेस से नहीं मिली। यहां तक भी गनीमत थी लेकिन कांग्रेस ने बेहद ठंडी प्रतिक्रिया दी और बाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह कहकर नीतीश कुमार के अरमानों को और ठंडा कर दिया कि कांग्रेस 2024 में अपने सहयोगी दोस्तों के साथ मिलकर सरकार बनाएगी।

अब यह तो सर्वविदित है कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने की अपनी वर्षों से पल रही महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए ही भाजपा से नाता तोड़ा था। उनको उम्मीद थी कि एक के बाद एक चुनावी असफलताओं से निराश परेशान कांग्रेस को उनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव इस बात के लिए राजी कर लेंगे कि कांग्रेस नीतीश कुमार को नरेंद्र मोदी के मुकाबले विपक्ष का चेहरा स्वीकार कर ले। इस बीच नीतीश कुमार ने भी विपक्षी खेमे में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विपक्षी नेताओं से मेलजोल भी बढ़ा दिया।

दरअसल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने विपक्षी दलों के अनुमान व गणित को गड़बड़ा दिया है। भारत जोड़ो यात्रा कितनी सफल हुई यह भले ही राजनीतिक प्रेक्षकों के बीच बहस मुबाहिसे का विषय हो, लेकिन इसने तेजी से



बिखर रहे कांग्रेस के मनोबल को अवश्य जोड़ा है और अब कांग्रेस विपक्षी खेमे में फिर से सबसे आगे और सर उठाकर बात करने की स्थिति में आ गयी है। राजनीतिक प्रेक्षकों के उस वर्ग के दावे को खारिज नहीं किया जा सकता कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असल मकसद विपक्ष को यह अहसास दिलाना था कि कांग्रेस विपक्ष में न केवल अग्रणी है बल्कि वह विपक्ष का नेतृत्व करेगी और वह भी अपनी शर्तों पर।

कांग्रेस के बदले रवैये से कुछ और भी क्षेत्रीय दल दुविधा व मुश्किल में हैं जिनमें सबसे प्रमुख हैं तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी जो खुद को सबसे बड़ा भाजपा विरोधी साबित करने का कोई मौका नहीं चूकतीं। हाल ही में मेघालय व नागालैंड में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी व ममता बनर्जी ने जिस प्रकार एक दूसरे के लिए जैसी तीखी भाषा का प्रयोग किया उससे दोनों के बीच मौजूदा तल्खी का पता चलता है। ममता बनर्जी विपक्षी खेमे की एक प्रमुख खिलाड़ी हैं और विपक्षी राजनीति भविष्य में कौन सी शक्ल अख्तियार करती है इसका दारोमदार बहुत कुछ उन पर भी निर्भर करता है। ममता की महत्वाकांक्षा जगजाहिर है लेकिन फिलहाल यह परवान कैसे चढ़ेगी यह एक सशक्त चुनौती अवश्य है। तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव की महत्वाकांक्षा तो पिछले काफी अरसे से जोर मार रही है और खास बात है कि उनकी विपक्षी एकता से फिलहाल कांग्रेस बाहर है। उन्होंने बीते दिनों एक विशाल रैली भी की थी जिसमें अरविंद केजरीवाल,भगवंत सिंह मान, अखिलेश यादव सहित अन्य नेता शामिल हुए थे। राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका तलाशने की केसीआर की आतुरता को इस तथ्य से भी समझा जा सकता है कि उन्होंने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर दिया है। अपने कांग्रेस विरोधी रुख के चलते केसीआर समान विचार धारा वाले दलों से मिलकर विपक्षी खेमे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में आम आदमी पार्टी के नेता व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को आमंत्रित ही नहीं किया गया, जिससे कांग्रेस से उनकी दूरी का अंदाजा होता है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव को कांग्रेस की यात्रा के समापन अवसर पर आमंत्रित किया गया था किंतु वह गए नहीं। अखिलेश यादव की ममता बनर्जी व केसीआर से नजदीकी जगजाहिर है और ऐसे में कांग्रेस को लेकर तीनों के निर्णय में समानता हो तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। कांग्रेस से अच्छे सम्बंध होने के बावजूद लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल, नीतीश कुमार के जनता दल (यू),उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला शिवसेना का धड़ा, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसे दलों की छटपटाहट भी अपनी जगह है। इन्हें आशंका है कि क्या कांग्रेस के साथ उनका सीटों का बंटवारा ऐसे सम्मानजनक फार्मूले के आधार पर हो जाएगा कि क्षेत्रीय दल भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका निभा सकें। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके के समक्ष कांग्रेस नतमस्तक है तो वहां उसे कोई दिक्कत नहीं है। लेफ्ट फ्रंट के साथ भी कांग्रेस को कोई दिक्कत नहीं है और यही हाल झारखंड मुक्ति मोर्चा, फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस और महबूबा की पीडीपी का भी है जिनके साथ कांग्रेस की बढ़िया ट्यूनिंग चल रही है। अलबत्ता पूर्व पीएम देवेगौड़ा की जनता दल एस किस करवट बैठेगी यह अभी कह पाना मुश्किल है।

जहां तक भाजपा के सहयोगियों की बात है तो फिलहाल उसके खेमे में गिने चुने सहयोगी ही हैं। उत्तर प्रदेश व बिहार में क्रमश: अपना दल व लोकजनशक्ति पार्टी व महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना को ही भाजपा का सम्भावित चुनावी साझीदार माना जा सकता है। हो सकता है स्थानीय स्तर पर भाजपा कुछ और राज्यों में भी छिटपुट गठबंधन कर ले लेकिन फिलहाल सत्ता में बने रहने के लिए उसे खुद की ताकत का ही सहारा है। कुल मिलाकर पीएम नरेंद्र मोदी या भाजपा विरोधी क्षेत्रीय दलों में समय बीतने के साथ ही कसमसाहट व अकुलाहट बढ़ती ही जाएगी कि आखिर लोकसभा चुनाव को लेकर उनकी सार्थकता या प्रासंगिकता क्या होगी? क्या कांग्रेस के साथ राष्ट्रीय क्षितिज पर उनकी भूमिका होगी या फिर कांग्रेस से इतर उनके लिए करने धरने को कुछ होगा और यदि दोनों ओर से बात न बनी तो फिर इनका क्या होगा ?

## आप की बात

### संसद रत्न पुरस्कार

**प्रधानमंत्री** ने हाल ही में संसद के उन सदस्यों को बधाई दी जिन्हें संसद रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की शिक्षाओं से प्रेरित होकर इस विधायी निकाय में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके काम के आधार पर पहचानने और सम्मानित करने के लिए 2010 में संसद रत्न पुरस्कार शुरू किए गए थे। प्रख्यात सांसदों और नागरिक समाज के सदस्यों से बनी ज्यूरी कमेटी संसद में सांसद के संचयी प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार विजेताओं का फैसला करती है। इनमें पूछे गए प्रश्नों की संख्या, निजी सदस्यों द्वारा पेश विधेयक, शुरू की गई बहस, संसद में उपस्थिति, उपयोग की गई धनराशि आदि के आधार पर होती है। संसद रत्न पुरस्कार भारत सरकार द्वारा नहीं बल्कि द प्राइम पॉइंट फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है। निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य परंपरा है जिसका विस्तार न केवल संसद सदस्यों बल्कि विधानसभा व विधानपरिषद सदस्यों के लिए भी होना चाहिए। देखना यह भी होगा कि ये संसद रत्न अपने क्षेत्रों की जनता की पसंद पर कितना खरे उतरते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसी पहलों से सांसदों व विधायकों तथा जनता के बीच संबंध मजबूत होंगे।

**रवि रंजन,** नई दिल्ली

### पंजाब में संकट

**पंजाब** से सोशल मीडिया व एलेक्ट्रानिक चैनलों पर जो चित्र दिखाई दे रहे हैं वे निसंदेह सभ्य समाज को विचलित कर रहे हैं। एक और विभाजनकारी सोच रखने वाले लोग देश के गृह मंत्री को धमकी दे रहे हैं और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा जी की हत्या जैसा प्रकरण दोहराने की बात कर रहे हैं और दूसरी और पुलिस बल को घेरने और हिंसा करने के तस्वीरों ने पूरे देश को झकझोर दिया है। ये घटनाएं पंजाब के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद से कुछ तत्व लगातार उग्र दिखाई पड़ रहे हैं जो आम जनसाधारण के लिए अच्छा नहीं है। पंजाब में खालिस्तानी तत्वों के उभार को विदेशों में भी ऐसे तत्वों के उभार तथा उनके द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमलों से जोड़ कर देखा जाना चाहिए। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि खालिस्तानी तत्वों का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से समर्थन पाकिस्तानी आईएसआई भी करती रही है। पंजाब की घटनाओं से आम आदमी पार्टी-आप नेता अरविंद केजरीवाल को भी सबक लेना चाहिए क्योंकि ऐसी घटनायें उनके राजनीतिक भविष्य को मिट्टी में मिला सकती हैं।

**मनोज शर्मा,** मेरठ

### रूस की खिंचाई

**एक साल** में शायद चौथी बार संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बहुमत से रूस को फटकार लगाते हुए उससे तुरंत यूक्रेन से बाहर निकल जाने को कहा है। गुरुवार को हुए मतदान में 141 देशो ने मसौदे के पक्ष में, 7 ने विरोध में मत डाले और भारत समेत 32 देश मतदान से अनुपस्थित रहे। विडंबना है कि भारत इस मामले में चीन, उत्तर कोरिया व सीरिया जैसे तानाशाहों के साथ खड़ा था। सवाल उठता है कि कहीं हम एक पुराने दोस्त के खातिर उस खेमे में तो नहीं जा रहे हैं जिसमें हमारा सबसे बड़ा दुश्मन चीन भी मौजूद है? भारत का यह तर्क है कि रूस ने बुरे समय में हमारा साथ दिया इसलिए हमें उसका अहसानमंद होना चाहिए। मगर कब तक? भारत पर निश्चित रूप से वर्तमान समय में लोकतांत्रिक पश्चिमी दुनिया तथा तानाशाही रूस, चीन व कोरिया के बीच चयन के लिए दबाव बढ़ रहा है। भारत सरकार उचित ही अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के पक्ष में खड़ी है, पर जल्द ही उसे रूस-यूक्रेन युद्ध में स्पष्ट रूप से अपना पक्ष चुनना होगा। आखिर दुनिया प्रधानमंत्री मोदी से बहुत उम्मीदें कर रही है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**अगले** पांच साल में यह बजट उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बना देगा।

**- योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**राहुल गांधी** ने देश की यात्रा की। उनका मजाक उड़ाया गया, पर वे चलते रहे और लोगों से मिलते रहे।

**- शरद पवार**
रांकापा प्रमुख





**एक** साल पहले दुनिया कीव के पतन की प्रतीक्षा कर रही थी, पर आज वह आजाद खड़ा है।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

## विधानसभा की कार्यवाही

# वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि कानून-व्यवस्थाः खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा में शुक्रवार को संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि वर्तमान सरकार की सबसे बडी उपलब्धि कानून व्यवस्था है। जिसके चलते प्रदेश की जनता भाजपा को दुबारा सरकार बनाने का मौका दिया है। दरअसल नियम 56 के तहत बसपा के वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर सिंहएतथा सपा के सदस्य लालजी वर्मा ने दो घटनाओं का उल्लेख करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था का सवाल उठाया। बसपा के उमाशंकर सिंह ने उन्नाव के असोहा थाने में एक युवती की गला रेतकर हत्या किए जाने और आरोपियों पर कार्रवाई न होने का मामला उठाया।

उमाशंकर सिंह ने कहा कि 22 फरवरी 2023 को उन्नाव के थाना असोहा के तहत एक गांव की निवासी युवती बुधवार दोपहर करीब 12 बजे घर से करीब 300 मीटर दूर असावर गांव में जमुना चौरसिया के बटाई पर लिए खेत से मवेशियों के लिए घास लेने गई थी। युवती जब घर नही लौटी तो उसकी चाची दोपहर दो बजे खेत पहुंची, खेत में अर्द्धनग्न अवस्था में युवती का शव पड़ा हुआ था। परिजनों को आशंका है कि युवती से दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास में उसकी हत्या कर दी गई। दूसरी घटना उन्नाव के सफीपुर के तहत परियर निवासी विमल की 15 वर्षीय पुत्र के साथ हुआ।



## जातिगत जनगणना राजनीतिक फार्मूला नही बल्कि भावनाओं से जुड़ा मामला

**लखनऊ।** सदन में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रही, चर्चा में बसपा और सरकार के दो मंत्रियों ने जातिगत जनगणना की बात तो कही लेकिन उन्होंने तत्कालीन सपा सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया। अपना दल सोनेलाल के नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि जातीय जनगणना की बात विपक्षी दल के लोग कह रहे हैं लेकिन समाजवादी पार्टी चार बार उत्तर प्रदेश की सत्ता में रही मगर उन्होंने कभी जातीय जनगणना नहीं कराई और जब सत्ता के बाहर होते हैं तो वह बार-बार जातीय जनगणना का मुद्दा उठाती है। आशीष पटेल ने कहा कि जातीय जनगणना अपना दल के लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि भावनाओं से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि जहां तक राजनीतिक विश्वास की बात है तो जनता ने हमें और हमारे सहयोगी दलों पर इतना भरोसा किया है कि 2017, 2019, 2022 में जनता ने मौका दिया और अब 2024 में भी परिणाम आपके सामने आने वाला है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जातिगत जनगणना का मुद्दा पिछले बीस साल से उठा रही है लेकिन चार बार सत्ता में रहने वाली सपा ने क्यों नहीं जातिगत जनगणना कराई। आशीष ने कहा कि सपा के लिए यह मुद्दा चुनावी फार्मूला है लेकिन हम लोगों के लिए भावात्मक मुद्दा है। सपा को यह मुद्दा विपक्ष में रहने पर ही याद आता है।

## हर विधान सभा में आयोजित होंगे रोजगार मेलेःश्रम मंत्री

**लखनऊ।** विधान सभा में प्रश्नकाल में प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार ने रात्रि पाली में महिलाओं को काम करने के लिए मानक निर्धारित किए हैं और निजी कंपनियां उस निर्धारित मानकों का पालन करते हुए रात्रि पाली में कार्य स्थल पर महिलाओं से काम ले सकती हैं और उनकी सुरक्षा को भी सुनिश्चित कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए एक करोड़ लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी। इसके अलावा सरकार ने सदन में यह स्पष्ट किया कि सरकार न्यूनतम मजदूरी का पुनरीक्षण करेगी और रोजगार सजन को लेकर जल्द आयोग का भी गठन करेगी। सपा सदस्य पूजा पाल और पंकज मलिक ने सरकार से जानना चाहा कि क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण पृष्ठभूमि की बेरोजगार महिलाओं, लड़कियों को रोजगार प्रदान करने के लिए वर्ष 2023 तक कोई कार्य योजना बनाई है? श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा कार्यालय परिसर, परिसर के बाहर यथा आवश्यक चयनित स्थान में रोजगार मेलों के आयोजन किये जाते हैं।

## बृजेश पाठक व शिवपाल में तीखी नोकझोंक

### लाल टोपी वाले नकली समाजवादीः डिप्टी सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा में शुक्रवार को प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। शिवपाल यादव द्वारा प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को खस्ता हाल करार देने पर स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जमकर पलटवार किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेताओं को घेरते हुए कहा कि लाल टोपी वाले नकली समाजवादी हैं और कानून को तोड़कर अराजकता फैलाना इनका काम है। इस पर शिवपाल यादव समेत सपा के सभी सदस्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। बाद में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा समझाए जाने पर 10 मिनट बाद सपा सदस्य वेल से लौट आए।

कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार को कटघरे में खडा किया। इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री बजेश पाठक और सपा सदस्य शिवपाल यादव के बीच तीखी नोकझोक भी हुई। सपा के सदस्य शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं वेटीलेटर पर हैं। जिला चिकित्सालयों में न तो डाक्टर हैं, न ही दवाएं है। कोरोना काल में जो वेंटीलेटर खरीदे गए थे, वे भी खराब पड़े हैं। सपा सदस्य का कहना था कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं इस समय पूरी वेटीलेटर पर है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मैंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री छापामार मंत्री बनकर रह गए है। उपमुख्यमंत्री जो कि स्वास्थ्य मंत्री भी है, का अपने अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। उन्होंने भाजपा सदस्यों को सीख दी कि उन्हें अटल बिहारी बाजपेयी और दीनदयाल उपाध्याय के व्यवहार और आचरण का अनुसरण करना चाहिए। जवाब में उपमुख्यमंत्री बजेश पाठक ने कहा कि सपा के कार्यकाल में मेडिकल कालेज पर दलालों का जमावड़ा रहता था, उनके स्वास्थ्यमंत्री के जेल जाने की नौबत आ गई थी। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में स्वास्थ्य विभाग में बड़े घोटाले हुए।

## भूखंड आवंटन में एमएसएमई मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** विधान सभा में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भूखंड आवंटन के मामले में प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान का कहना है कि फतेहपुर के लघु औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित हुए 72 भूखण्डों के बारे में उन्हें या उनके विभाग या प्रदेश सरकार को पिछले छह साल से कोई जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह 72 भूखण्ड समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में वर्ष 2012 से 2017 से पहले के बीच आवंटित किए गए। किन्हें आवंटित हुए और किन अधिकारियों ने आवंटित किए इस पूरे प्रकरण की जांच करवाई जा रही है। इसके लिए कमेटी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि उनकी जिन शिक्षण संस्थाओं पर आरोप लगाया जा रहा है वह बिल्कुल पाक साफ हैं और पिछले वर्षों में इन संस्थाओं से कई टॉपर विद्यार्थी निकल चुके हैं। भूखण्ड प्रकरण की पूरी जांच करवा कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इकाना स्टेडियम व जनेश्वर मिश्र पार्क बसपा की देनः उमा शंकर

**विधान** सभा में राज्यपाल के अभिभाषण में चर्चा करते हुए बसपा के उमाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी में एक्सप्रेसवे बनवाने की शुरुआत बसपा सरकार ने यमुना एक्सप्रेसवे से की थी। नेता प्रतिपक्ष ने गंगा एक्सप्रेसवे को हमारी योजना तो बताया लेकिन लखनऊ का इकाना स्टेडियम व जनेश्वर मिश्र पार्क भी बसपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि इकाना स्टेडियम के लिए जमीन से लेकर कंपनी तक हम लोगों के शासन में तय हुई। बसपा नेता मायावती अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जनेश्वर मिश्र पार्क को अम्बेडकर उद्यान के तौर पर विकसित किया था। इसके लिए जमीन का बसपा सरकार में इंतजाम हुआ था। अच्छा होता स्व जनेश्वर मिश्र के नाम पर सपा सरकार कोई दूसरा पार्क बनवाती। उन्होंने कहा कि बसपा जातिगत जनगणना का समर्थन करती है लेकिन उसकी मांग है कि पूरे देश में एक साथ जातिगत जनगणना कराई जाए।

## बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में एक समान बिजली उपलब्ध करा रही है सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विधान सभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए पहले सिर्फएक क्षेत्र विशेष में 24 घण्टे बिजली आती थी।

राज्य के 70 हजार गॉवों में से मात्र एक गॉव में 24 घंटे बिजली आती थी। बिजली का बिल भी नहीं देना पड़ता था, बिजली मुफ्त में जलती थी, बिजलेंस जॉच भी नहीं होती थी न कोई रेड पड़ती थी। इसी को ही वो सबसे अच्छी व्यवस्था मानते थे लेकिन योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में एक समान बिजली उपलब्ध करा रही है और जो विद्युत कर्मी कार्यो लापरवाही बरत रहे उनके खिलाफ भी कार्यवाही भी कर रहें है। अभी 22 फरवरी को 319 मीटर रीडर कर्मियों पर कार्यवाही हुई 2000 और ऐसे कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही होने जा रही है। उन्होने कहा कि जनता के हितों से जो खिलवाड़ करेंगे ऐसे कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही होगी। वैसे तो बिजली बदहाली के लिए विपक्ष जिम्मेदार है जिसको व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सपा ने की सिलेंडर पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** सपा सदस्य पिंकी सिंह यादव ने प्रश्नकाल में प्रदेश सरकार से मांग की उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को नि:शुल्क सिलेंडर कब दिए जाएंगे? साथ गैस पर मिलने वाली सब्सिडी को को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार क्या केंद्र सरकार को कोई पत्र लिखेगी? जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन की संकल्पना के क्रम में महिलाओं के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश में 13 फरवरी 2023 तक कुल 17502198 मुफ्त गैस कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किये गए। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 235.39 रूपए प्रति सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

## पड़ोसी देशों में अन्न का संकट जबकि यूपी में 14 करोड़ को दिया जा रहा निशुल्क आनाज

**लखनऊ।** विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि यूपी में 14 करोड़ परिवार को नि:शुल्क आनाज दिया जा रहा है जबकि पड़ोसी देशों में लोग आनाज के लिए राष्ट्रपति भवन में घुस रहे हैं और अन्य पड़ोसी देशों में अन्न का संकट है। मोदी-योगी की सरकार ने यूपी में खाद्यान्न संकट पैदा नही होने दिया और नि:आनाज महामारी से लेकर अभी तक दिया जा रहा है। सपा सदस्य डा रागिनी सोनकर ने सरकार से जानना चाहा कि क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई की रोकथाम के लिए सरकार ने कोई प्रभावी कार्य योजना बनाई है? जवाब देते हुए चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को मंहगाई से राहत प्रदान करने के लिये कटिबद्ध है।

## राशन कार्ड में पात्र व आपात्र की जांच कराए सरकारः स्पीकर

**लखनऊ।** विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान विधान सभा अध्यक्ष राशन कार्ड में पात्र व अपात्र को लेकर उठे सवाल पर कहा कि इस मामले में जांच कराई जाए कि कौन पात्र है अथवा कौन नहीं, दरअसल सपा सदस्य अभय सिंह ने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में नवीन राशनकार्ड जारी करने में खाद्य रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही देरी सरकार के संज्ञान में है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि वर्ष 2018 से 22 दिसंबर 22 तक प्रदेश सहित अयोध्या में राशन कार्ड जारी करने के आवेदन के सापेक्ष वर्तमान में कितने नवीन राशन कार्ड जारी हुये तथा कितने शेष हैं? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? सरकार की तरफ से जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जनगणना 2011 के आधार पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित किये जाने वाले अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों की अधिकतम संख्या निर्धारित की गयी है।

## सुरक्षित व साफसुथरी परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम कृतसंकल्पित

**लखनऊ।** विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षित एवं साफ-सुथरी परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए उप्र परिवहन निगम कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि बसों की सफाई के लिए प्रदेश के सभी डिपोज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आटोमोटिक वाशिंग प्लान्ट एवं मैनुअल व्यवस्था स्थापित की जा चुकी है। साथ ही मुख्यालय स्तर के नोडल अधिकारियोंए अपर प्रबन्ध निदेशक एवं स्वयं प्रबन्ध निदेशक द्वारा व्यक्तिगत रूप से बसों की सफाई के सम्बन्ध में स्वयं नियमित निरीक्षण करेंगे। इसके भी निर्देश दिये गये हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निगम की बसें व्यवस्थित सफाई के साथ ही संचालित हो इसके लिए उच्च प्रबंधन प्रयास कर रहा है। कार्यशालाओं में सफाई के लिए स्थापित आटोमोटिक वाशिंग प्लान्ट के अतिरिक्त बस स्टेशनों पर भी लघु सफाई प्रारम्भ की गयी है। सफाई की व्यवस्था को और सुद्बढ़ करने के लिए परिवहन निगम द्वारा संचालित निगम अथवा अनुबन्धित बसों की बॉडी कण्डीशन, सीटों, शीशों एवं साफ-सफाई आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है।

## धरना प्रदर्शन के भी अब निकल रहे गंभीर नतीजेः राजा भैया

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए विधान सभा सदस्य रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा है कि हम लोग तोड़-फोड़ व हिंसा का समर्थन नहीं करते लेकिन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने वाले जनप्रतिनिधियों को अदालत के कटघरे में खड़ा होना पड़ रहा है। इसके इतने गंभीर नतीजे निकल रहे हैं तो जनता की लड़ाई कैसी लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाषणों के स्तर में अब गिरावट आई है। सदस्यों का अस्त्रयास तभी होगा जब ज्यादा दिन सदन चलेगा। जब सदन ज्यादा दिन चलाने का मुद्दा उठाया जाता है तो सत्त्राा पक्ष व विपक्ष की ओर से यह कहा जाता है कि हमारे समय में आपसे से ज्यादा दिन सदन चला।

यों नहीं विधानसभा अब तक सबसे ज्यादा दिन सदन चलाने का अपना पुराना रिकार्ड से आगे निकलती है। उन्होंने मांग रखी कि विधायक निधि के पैसे से गरीबों को

## विधान परिषद की कार्यवाही

# किसानों के मुद्दे पर सपा का हंगामा, वेल में किया प्रदर्शन, धरने पर बैठे

### सदन की कार्यवाही रोककर दो घंटे की चर्चा कराए जाने की कर रहे थे मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में शुक्रवार को शून्यकाल के दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं के मुद्दे पर सदन की कार्यवाही रोक कर दो घंटे की चर्चा कराए जाने की मांग करते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। सपा सदस्यों ने भाजपा को किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि उसने किसानों के साथ पूरी तरह से छल किया है। सभापति द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार किए जाने से आक्रोशित सपा सदस्य वेल में आकर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे और धरने पर बैठ गए। काफी समझाने बुझाने के बाद भी जब सपा सदस्य शांत नहीं हुए तो सभापति को सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

इससे पहले शुक्रवार को सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होने पर शिक्षक दल के ध्रुकुमार त्रिपाठी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों पर डीपीसी के आधार पर हो रही पदस्थापना के संबंध में सवाल किया। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गुलाब देवी ने उत्तर देते हुये सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सपा के डॉ. मानसिंह यादव ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि किए जाने के बारे में सरकार से सवाल किया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार संदीप सिंह ने सदन को अवगत कराया कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने बताया कि 2017 में यूपी में उनकी सरकार बनने के बाद शिक्षा मित्रों के मानदेय को साढ़े तीन हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए किया गया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर मानदेय बढ़ाने की कोई कार्ययोजना होगी तो सरकार अवश्य विचार करेगी। उनके उत्तर से असंतुष्ट सपा विधायकों ने सदन से वाकआउट किया।

शून्य प्रहर में नियम 105 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के तौर पर सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, नरेश चन्द्र उत्तम, डॉ. मानसिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, शहनवाज खान एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश के किसानों की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट किया। मुकुल यादव ने कहा कि चुनाव के वक्त भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो वादा किया था वह पूरी तरह से छलावा साबित हुआ है। गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान नहीं हो रहा। बिजली, खाद और बीज के लिए किसान दर-दर भटक रहा है। जमीनी हकीकत और सरकार के आंकड़ों में बहुत अंतर है। नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार में सबसे ज्यादा किसानों को ही परेशान किया जा रहा है। प्रदेश में बालू महंगी और आलू सस्ता है। किसानों के साथ इस सरकार में बड़ा धोखा हुआ है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार विभिन योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के कारगर प्रयास कर रही है। धरातल पर परिवर्तन दिख रहा है। गन्ना किसानों का पिछले साल तक का 99 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि किसानों के सवाल पर जवाब देने के लिए विभागीय मंत्री का मौजूद न होना सरकार की संवेदनहीनता को दिखाता है। उन्होंने मांग की कि किसानों की विभिन्न समस्याओं पर सदन की कार्यवाही रोककर दो घंटे की चर्चा कराई जाए। नेता सदन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इनकी चिंता किसानों की आमदनी दोगुनी करने की नहीं है सपा को बचाने की है। ये जब सरकार में होत हैं तो किसानों, नौजवानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों की चिंता नहीं करते तब इन्हें गुंडे, अपराधी और माफिया याद रहते हैं। तब किसानों को याद रखते तो आज ये यहां और हम इनके स्थान पर बैठे होते। उन्होंने बताया कि सरकार ने अब किसानों के निजी नलकूपों को भी मुफ्त बिजली देने के लिए बजट में व्यवस्था की है। सभापति ने कार्यस्थगन की सूचना अस्वीकार करते हुए सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित कर दिया। इससे आक्रोशित सपा सदस्य वेल में आ गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। सभापति ने कहा कि सदन को अकारण अव्यवस्थित करना ठीक नहीं। आप पीठ पर दबाव बनाकर कोई निर्णय नहीं करा सकते। काफी समझाने के बाद भी सपा सदस्य नहीं माने और वेल में धरने पर बैठ गए। जिसके बाद सभापति ने 1.10 बजे सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। दोबारा कार्यवाही प्रारंभ होने पर बसपा के भीमराव अंबेडकर ने प्रदेश के विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को सरकारी भर्ती में प्राथमिकता देकर नियमित किए जाने की मांग करते हुए प्रकरण को कार्यस्थगन के रूप में उठाया।

## विशेषाधिकार हनन मामले में प्रतापगढ़ के डीआईओएस के खिलाफ होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में बीजेपी सदस्य उमेश द्विवेदी ने नियम-223 के अन्तर्गत प्रतापगढ़ के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा उनके साथ किए गए अशोभनीय व्यवहार के संबंध में विशेषाधिकार हनन की सूचना दी। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने इस नोटिस का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए डीआईओएस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इससे पहले द्विवेदी ने सदन को अवगत कराया कि प्रतापगढ़ के जिला विद्यालय निरीक्षक ने मोबाइल फोन पर जानबूझकर उनसे दुर्व्यहार किया और अपशब्द कहे हैं। उन्होंने मांग की कि डीआईओएस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उनकी इस मांग का शिक्षक दल व समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने भी समर्थन किया। सरकार की ओर से जवाब में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले भी अनुशासनहीन अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है और आगे भी करेगी।

संबंधित प्रकरण में हम पूरी संवेदनशीलता के साथ पूरे मामले की जांच कराएंगे और दोषी अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अधिकारी को सदन में तलब करने की मांग की। जिस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सरकार को निर्देश दिया कि पूरे मामले की जांच कर अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर सदन को अवगत कराएं। इसके बाद सदन उस पर निर्णय करेगा।

# राज्यपाल के अभिभाषण पर बीजेपी का धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में चली लंबी चर्चा के बाद बजट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर बीजेपी की ओर से प्रस्तुत किया गया धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वहीं सपा की ओर से अभिभाषण पर पेश किए संशोधन के प्रस्ताव संख्या बल के आधर पर खारिज कर दिए गए।

भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक 3 बजे अधिष्ठाता डॉ. सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा प्रारम्भ करते हुए हरी सिंह ढिल्लो ने अपने विचार व्यक्त किये एवं समर्थन में सहमति दी। अरविन्द कुमार शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन देते हुए सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को विकासोन्मुख बताया। वन्दना वमा ने भी धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुये अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात सपा के नरेश चन्द उत्तम, लाल बिहारी यादव एवं अन्य सदस्यों ने अधिष्ठाता पर सपा के सदस्यों को बोलने का अवसर न देने का आरोप लगाते हुए 4:30 बजे सदन का त्याग किया। धन्यवाद प्रस्ताव पर जारी चर्चा में भाग लेते हुए चन्द शर्मा, डॉ. सुधीर गुप्ता, मानवेन्द्र प्रताप सिंह (गुरुजी), दिनेश कुमार गोयल, अंगद सिंह, मंत्री नरेन्द्र कश्यप (राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार) ने अपने विचार व्यक्त किए।

इसी दौरान अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सदन का सभापतित्व प्रारम्भ किया। जारी चर्चा में भाग लेते हुए डॉ. सरोजनी अग्रवाल, निर्दलीय समूह के डॉ. आकाश अग्रवाल, अवधेश कुमार सिंह, डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. बाबू लाल तिवारी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, गोपाल अंजान, सुरेन्द्र चौधरी, सुभाष यदुवंश, विजय बहादुर पाठक रामचन्द्र प्रधान, अवनीश कुमार सिंह, उमेश द्विवेदी एवं मंत्री धर्मवीर प्रजापति जी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री अरविन्द्र कुमार शमा ने धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए कहा कि सरकार की तरफ से बिजली के अधिक से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं। पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। गौ और गंगा पर विशेष ध्यान हमारी सरकार द्वारा दिया गया है। देश में उत्तर प्रदेश तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था हो गयी है। दिन-प्रतिदिन हम इसमें सुधार कर और बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में निवेश में वृद्धि हुयी है।

### कानपुर-उन्नाव रेलवे ट्रैक पर बम रखने का मामला

# आतंकी संगठन आईएसएसआईएस के सदस्य दोषी करार, 27 को सजा पर होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एनआईए**/एटीएस के विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने आतंकी गतिविधियों के मामले में निरुद्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के आठ सदस्यों को दोषी करार दिया। इनमें मुल्जिम मोण् फैसलए गौस मोहम्मद खानए मोण् अजहरए अतिफ मुज्जफरए मोण् दानिशए सैय्यद मीर हसनए आसिफ इकबाल उर्फराकी व मोण् आतिफपर कानपुर.उन्नाव रेलवे ट्रैक पर बम रखने का भी आरोप है। उन्होंने मुल्जिमों की सजा की बिन्दू पर सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है।

आठ मार्च 2017 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में दर्ज हुई थी। एटीएस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के सदस्य देश में कई स्थानों पर बम ब्लास्ट की योजना बना रहे हैं। एटीएस कानपुर ने आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के शक पर मोण् फैसल को गिरफ्तार किया। फ्रि इसकी निशानदेही पर अन्य मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया। 14 मार्चए 2017 को इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक कौशल किशोर शर्मा के मुताबिक मुल्जिमों ने उन्नाव गंगा घाट के पास टेस्ट के लिए एक प्लाट पर विस्फोट भी किया था। जांच में विस्फोटक पदार्थ पीईटीएन की पुष्टि हुई थी। इस मामले में सैफुल्लाह के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था लेकिन वह दुबग्गा के हाजी कालोनी में एक इनकाउंटर में मारा गया था। 31 अगस्तए 2017 को मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 121ए 121एए 122ए 123 व विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 17ए 18ए 18एए 18बीए 23ए 38 एवं आर्म्स एक्ट के साथ ही एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था। इनमें अतिफमुज्जफरए मोण् दानिश व सैय्यद मीर हुसैन मध्य प्रदेश ट्रेंन ब्लास्ट मामले में भी आरोपी हैं।

**जानलेवा हमले के मामले में विधायक रविदास मेहरोत्रा बरी**

**लखनऊ**(विसं)। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज हरबंश नारायन ने 30 वर्ष पहले पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी रविदास मेहरोत्रा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। रविदास मेहरोत्रा मध्य लखनऊ विधान सभा से सपा विधायक है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिम पर लगाए गए आरोपों को अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका है।

रविदास मेहरोत्रा के वकील सूर्यमणि यादव के मुताबिक 20 मार्च 1993 को इस मामले की एफआईआर थाना चौक में दर्ज हुई थी। उस रोज रविदास मेहरोत्रा द्वारा उग्र भीड़ के साथ नक्खास तिराहे पर पुलिस बल, दुकानदार व राहगीरों पर ईट पत्थर व बम से हमला करने का आरोप था। विचारण के पश्चात विशेष अदालत ने साक्ष्य के अभाव में लगाए गए आरोपों से रविदास को बरी कर दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 25 फरवरी 2023



# एडीएम समेत सभी एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी** में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 को निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज व गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने यूपी बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को भी देखा। तथा परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, केंद्र व्यवस्थापक कक्ष सहित विभिन्न परीक्षा कक्षों का जायजा लिया, वहां सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल मिलीं। उन्होंने कंट्रोल कक्ष से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का अवलोकन भी किया। सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आसपास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता को बनाये रखने हेतु अपने उत्तरदायित्वों का संजीदगी के साथ निर्वहन करें। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान संबंधित डीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं को रखने, परीक्षा की निगरानी हेतु स्थापित किये गये क्लोज् सर्किट टीवी की क्रियाशीलता, प्रश्नपत्रों को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करते समय बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों इत्यादि के बारे में केन्द्र व्यवस्थापकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पूरी कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में एडीएम संजय कुमार सिंह ने भी जिला मुख्यालय के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सदर तहसील क्षेत्र में एसडीएम श्रद्धा सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज, अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज एवं पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने छाजू राम इंटर कॉलेज भीरा, तहसीलदार आशीष सिंह ने आदर्श इंटर कॉलेज, नायब तहसीलदार ने बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज, संपूर्णानगर पब्लिक इंटर कॉलेज सहित खजुरिया के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां अफसरों ने उपस्थित प्रधानाचार्यों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये। निघासन में एसडीएम राजेश कुमार ने राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज सिंगाही गांधी इंटर कॉलेज बेलरायां सरस्वती विद्या मंदिर बेलरायां, मोहम्मदी में एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने पीडी भारतीय इंटर कॉलेज, जेपी इंटर कॉलेजए रामाश्रय इंटर कॉलेजए नायब तहसीलदार लल्लूराम शुक्ला ने नालंदा शिक्षण संस्थान मछेछाए नालंदा शिक्षा निकेतन बनका, अमर निशा इंटर कॉलेज जसमणी, आप इंटर कॉलेज सहदेवा सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

## क्षय रोगियों को खोजने के लिए स्वास्थ्य विभाग चलाएगा अभियान

**लखीमपुर खीरी।** टीबी के मरीजों को खोजने के लिए सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान 24 फरवरी से चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत 8 लाख 96 हजार की आबादी को कवर किया जाएगा। इसे लेकर एक समीक्षा बैठक जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 24 फरवरी से 5 मार्च तक सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी। वहीं इस अभियान को व्यापक रूप से चलाने और इसकी मॉनिटरिंग को लेकर भी प्लान बनाया गया है। इस खोजी अभियान को सफल बनाने के लिए 302 टीमें लगाई गई हैं। जिसमें 60 सुपरवाइजर 22 सेक्टर सुपरवाइजर कार्य करेंगे। यह अभियान 22 टीबी यूनिट के अंतर्गत चलाया जाएगा और इससे जिले की 20 प्रतिशत आबादी को जोड़ा जाएगा।

# शहर कोतवाली पुलिस और आबकारी टीम ने पकड़ी 20 लाख की शराब

- पुलिस को आशंका, बिहार जा रही थी शराब
- शराब तस्करी का मास्टरमाइंड कौन, पता लगाना बना चुनौती
- चूनी चोकर की ओट में छिपाकर रखी गई थी शराब

संवाददाता। सीतापुर

**करीब** 20 लाख रुपए की शराब तस्करी के मामले का सीतापुर शहर कोतवाली पुलिस और आबकारी टीम ने भंडाफोड़ तो कर दिया है, लेकिन पकड़े गए ट्रक के चालक का एक बयान दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसके मुताबिक आजमगढ़ निवासी संचालक भानुप्रकाश ने पुलिस और आबकारी टीम को बताया है कि उसने यह शराब हरियाणा के अंबाला से लोड की थी, और उसे बिहार में कहीं पर इस खेप को पहुंचाना था, लेकिन कहां पहुंचाना है इसकी उसे कोई जानकारी नहीं दी गई थी, बल्कि यह सूचना उसे बीच रास्ते मोबाइल के जरिए मिलने वाली थी। अब पुलिस एवं आबकारी टीम इस धंधे के मास्टरमाइंड का पता करने में जुट गई है, इसके लिए ट्रक चालक के पास से मिले मोबाइल नंबरों और बैंक खातों को भी खंगाला जा रहा है। बताते चलें कि गुरुवार आधी रात के बाद शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक और आबकारी विभाग में आबकारी निरीक्षक सदर आरती यादव के नेतृत्व में एक संयुक्त कार्रवाई के तहत कनवाखेड़ा के पास से एक ट्रक को पकड़ा था। बताते हैं कि पूर्व सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। ट्रक को कब्जे में लेने के बाद शहर कोतवाली पहुंचा दिया गया था और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया था। सुबह आबकारी निरीक्षक सदर आरती यादव और शहर कोतवाल टीपी सिंह के निर्देशन में ट्रक का त्रिपाल खोलकर कर देखा गया तो उसमें पीछे की तरफचूनीचोकर और आगे की तरफमैकडाबेल नंबर 1 ब्रांड की 375 पेटियां छिपाकर रखी हुई पाई गई थीं। आबकारी निरीक्षक के मुताबिक बरामद शराब की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। बताते है कि बिहार प्रांत में शराब बंदी होने की वजह से वहां तस्करी कर लाई जाने वाली शराब महंगी दरों पर बेची जाती है। शराब तस्करी के हरियाणा कनेक्शन की वजह है कि हरियाणा में शराब काफी सस्ती दरों पर आसानी से मनचाही मात्रा में उपलब्ध हो जाती है। यही वजह है कि सीतापुर में भी कई बार हरियाणा से लाई गई शराब बरामद हो चुकी है।

# शारदा नगर में भी हटेगा अतिक्रमण डीएम का 3 मार्च तक का अल्टीमेटम

- स्वयं हटाए अतिक्रमण अन्यथा जेसीबी से हटेगा अतिक्रमण
- एसडीएम ने अफसरों के साथ बनाई रणनीति, आमजन से किया संवाद

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जनपद खीरी के सभी तहसीलों में व्यापक जनहित में अतिक्रमण हटाओ अभियान बदस्तूर जारी है, जिसकी तहसीलवार प्रतिदिन समीक्षा एवं अनुश्रवण डीएम स्वयं कर रहे हैं। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह ने शारदा नगर पहुंचकर वहां अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने राजस्व, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के आला अफसरों के साथ बैठक कर अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसने की रणनीति पर मंथन किया। बैठक में एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को 03 मार्च तक शारदा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का वक्त दिया। इसके बाद प्रशासन स्वयं जेसीबी के जरिए बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटवाएगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक के उपरांत अपर जिलााधिकारी श्रद्धा सिंह ने वहां के नागरिकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद किया। उन्हें अतिक्रमण से होने वाली दुर्घटनाओं, सुगम यातायात में अतिक्रमण के कारण आने वाली कठिनाइयों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसेगा। 3 मार्च के बाद प्रशासन अतिक्रमणकारियों से सख्ती से पेश आएगा।

## आकर्षण का केन्द्र बने 41 साल की जटाओं वाले बाबा

संवाददाता। सीतापुर

**जहां** साधु संतों का डेरा हो वहां आस्था के अलग अलग रंग नजर आ ही जाते है। पौराणिक एवं विख्यात मिश्रिख नैमिषारण्य की चौरासी कोसीय परिक्रमा का भी हाल कुछ ऐसा ही है। जब श्रद्धालुओं का जमावड़ा हजारों से लेकर लाखों में हो तो अलग अलग तरह की छटा दिखना स्वाभाविक है। ऐसे ही एक बाबा हैं जो इन दिनों चौरासी कोसीय परिक्रमा में आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। जटा वाले बाबा के नाम से मशहूर यह संत पिछले 35 वर्षों से लगातार परिक्रमा में शामिल होते आ रहे हैं। पत्नी के साथ पहले यह पैदल परिक्रमा करते थे लेकिन पिछले दो वर्षों से पति पत्नी बाइक पर परिक्रमा का आनन्द ले रहे हैं। इसी बाइक पर इनकी रसोई भी साथ में चलती है, जहां रात्रि विश्राम के लिए काफिला ठहरता है वहां पर पति पत्नी दोनों मिलकर भोजन बनाने में लग जाते हैं। इनका मूल नाम गुड्डू बाबा और यह पड़ोसी हरदोई जिले के सवायजपुर में ग्राम बरवल के रहने वाले हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 13 मार्च को 1313 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

- डीएम ने ओसीएफ रामलीला ग्राउंड का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं
- तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने हेतु किया निर्देशित

संवाददाता। शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत दिनांक 13 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु ओ0सी0एफ0 रामलीला मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पुनः वित्तीय वर्ष 2022-23 में अतिरिक्त नवीन 1313 जोड़ो को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिये कि सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी अपात्र जोड़ा कार्यक्रम में प्रतिभाग न करें। शिकायत मिलने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा। कहा कि मेगा इवेंट के रूप में कार्यक्रम का पूरी भव्यता के साथ आयोजित कराया जाये। कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित सभी एसओपी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने रामलीला मैदान को समतल करने, साफ सफाई तथा मैदान के गड्ढे भरवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तो अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पुनः इसवित्तीय वर्ष में अतिरिक्त नवीन 1313 जोड़ों का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है।

## क्विक न्यूज

### हज-2023 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च

**बरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डी कुमार ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य किये जायेंगे। हज-2023 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च, 2023 है। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र का प्रारूप इसी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं और ऑनलाइन/ ऑफलाइन/मोबाइल एप ''हज कमेटी ऑफइण्डिया'' पर आवेदन के पश्चात संलग्नकों सहित आवेदन पत्र सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, 10 ए विधानसभा मार्ग, लखनऊ को सम्बोधित कर हार्ड कॉपी उनके कार्यालय को डाक अथवा दस्ती जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि हज-2023 जिला स्तर पर हज यात्रियों की सुविधा हेतु मदरसा मंजरे इस्लाम सौदागरान बरेली, मदरसा जामिया नूरिया रजविया बाकरगंज बरेली मदरसा इशातुल उलूम सराय खाम बरेली, मदरसा जामाए मेंहदिया सेंथल नवाबगंज बरेली व बरेली हज सेवा समिति, मास्टर बन्ने खां इण्टर कालेज निकट के0जी0एन0 मस्जिद, ठिरिया निजावत खां, बरेली को हज ई-सुविधा केन्द्रध्हज फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है ताकि हज यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में सुविधा प्रदान की जा सके।

### पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का भ्रमण

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाइन खीरी का भ्रमण किया गया। एसपी द्वारा भ्रमण के दौरान क्वार्टर गार्दए आरमरीए आरआई कार्यालयए एमटी शाखाए मैसए बैरकए परिवार कल्याण केन्द्रए तालाब व पुलिस अस्पताल आदि का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन बैरकध्आवास निर्माण का अवलोकन किया गया तथा मरम्मत आदि कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।



### संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब पीने से विवाहिता की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब पीने से बीमार पड़ी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के उड़ला जागीर निवासी ट्रक चालक इलियास 28 वर्षीय पत्नी अंजुम की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि नवाबगंज निवासी इसराइल की बेटी अंजुम का विवाह सन 2017 में इलियास से हुआ था, जो ट्रक चालक है। इलियास अक्सर अंजुम से मायके से रकम मंगवाता था, मायके वाले इलियास को 50 हजार और 30 हजार रुपए दे चुके थे इसके बावजूद वह पत्नी से मारपीट करता था। दोनों पक्षों में कई बार समझौता भी हुआ था लेकिन इसके बावजूद इलियास उससे मारपीट करता रहा। उसके कोई बच्चा नहीं था इसी के चलते अंजुम को प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल पक्ष के लोग भी अंजुम का विरोध करते थे 21 फरवरी को उन्होंने मारपीट करके अंशु को तेजाब पिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई लेकिन मायके वालों को सूचना दिए बिना ही उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे मायके वाले अंजू को एक दूसरे अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पति अंजुम के शव को छोड़कर चला गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का समापन

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाटक,सात दिवसीय रिपोर्ट और पुरस्कार के साथ कमेटी हाल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहां कि एनएसएस भारत सरकार द्वारा चलाया जाने वाला एक समाज-सेवा का कार्यक्रम है, जिसे सन 1969 में गांधी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आरम्भ किया गया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य यह है कि स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कम समय में ही राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पता चल सके, ताकि वह राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए, साथ ही साथ लोगों के सुख दुख में शामिल हो और सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।के।एनएसएस के वालंटियर्स सामाजिक कार्यों को करते हैं और इमरजेंसी की अवस्था में बिना किसी लोभ लालच के लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसका सिद्धांत है हम नहीं बल्कि आप, जिसका अर्थ होता है कि हम आपकी सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध हैं।

# त्यौहारों में आपसी भाई चारा कायम रखें-डीएम

- पीस कमेटी की बैठक
- सुरक्षा के मद्देनजर जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शब-ए-बारात एवं होली पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने होली के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से निकाले जाने वाले लाट साहब के जुलूसों का प्रतिनिधित्व करने वाले गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के विषय में चर्चा की। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को जिलाधिकारी के साथ साझा किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले लटके हुए ढीले तारों को तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए, साथ ही उन्होंने खुले हुए ट्रांसफार्मरों को भी ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस मार्ग में पड़ने वाले गड्ढों तथा अवरोधों को जल्द ठीक किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र में बैरिकेडिंग के कार्य को जल्द पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि जुलूस में चलने के दौरान बिजली के खंभों तथा ट्रांसफार्मरों से दूरी बनाकर चलें जिससे कि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने होली पर्व पर निकाले जाने वाले जुलूस की सुरक्षा के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में छतों पर ईट, पत्थर, लोहे की रॉड आदि घातक वस्तुओं का एकत्रीकरण ना हो, यह सुनिश्चित कर लें। उन्होने छतों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर चेतावनी जारी करें एवं निरोधात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से होली के पर्व को मनाएं।

# पुलिस पर हमला करने वाले सुधीर पर राष्ट्रीय सुक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई

संवाददाता। शाहजहांपुर



**पुलिस** प्रशासन पर पथराव करने के मुख्य आरोपी सुधीर चौहान के विरुद्ध राष्ट्रीय सुक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की। डीएम की स्वीकृति के बाद जिला जेल में तामील किया गया। 7 फरवरी को खेती किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सुधीर चौहान पुत्र रामबाबू नि.ग्रा. हसनापुर थाना खुदागंज ने चीनी मिल प्रांगण में करीब 400-500 व्यक्तियों की भीड़ के साथ कच्छियानी खेड़ा मन्दिर को राष्ट्रीय राजमार्ग से न हटाने व आवारा गौवंशीय पशुओं के व्यवस्थापन हेतु गौशाला निर्माण के सम्बन्ध में महापंचायत का आयोजन किया गया था। इस मौके पर चीनी मिल ग्राउंड थाना तिलहर में खेतीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सुधीर चौहान एवं उनके समर्थकों ने महा पंचायत के दौरान अपनी गलत माँगो को लेकर कछियानी खेडा मन्दिर की तरफ कूच किया जिसके बाद पुलिस से झड़प हो गई जिसमें पुलिस वाहन के अलावा पुलिस कर्मी भी घायल हो गए थे पुलिस ने सुधीर स्थित एक दर्जन से अधिक आरोपिओं को जेल भेजा था। इस कार्यवाही के सम्बन्ध में सीनियर एसपी एस आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन पर पथराव करने के मुख्य आरोपी सुधीर चौहान के विरुद्ध राष्ट्रीय सुक्षा अधिनियम (एनएसए) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। सुधीर सिंह चौहान ने मौके पर आम जनमानस की धार्मिक भावनाओं को भड़काकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारियों व सामान्य जन को भयभीत व आतंकित करने का प्रयास किया था। सुधीर चौहान ने अराजकता की पूरी योजना तैयार कर पूरे थाना तिलहर क्षेत्र में अफरा-तफरी, भय व आतंक का वातावरण पैदा कर दिया। सुधीर चौहान व उसके समर्थको द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके वाहनों में लाठी, डण्डे व पत्थरो से हमला किया था। जिससे कई पुलिस कर्मी गम्भीर रुप से घायल हुए थे। सुधीर चौहान खेतीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष द्वारा किये गये कृत्य के दृष्टिगत इसके विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत निरुद्ध करने हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई थी जिसके क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 3 द्वारा प्राधिकृत अधिकारो का प्रयोग कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की है।

# पेज एक का शेष---

## जी-20 वैश्विक...

भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 के पहले बड़े कार्यक्रम में मोदी ने कहा, यह अब आप (जी-20 के सदस्य देशों) पर निर्भर करता है जो दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं और मौद्रिक प्रणालियों के संरक्षक हैं कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता, भरोसा और वृद्धि वापस लाएं। यह आसान काम नहीं है।

महामारी और उच्च ऋण के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान सहित भारत के आस पड़ोस के देश दिवालियापन की ओर जा रहे हैं। वे अब ऋण के पुनर्गठन के लिए वैश्विक ऋण देने वाले संस्थानों के दरवाजे खटखटा रहे हैं।प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि जी-20 भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता से प्रेरणा लेगा और वैश्विक परिदृश्य पर स्थिरता, भरोसा और वृद्धि को वापस लाने की दिशा में काम करेगा।

मोदी ने जलवायु परिवर्तन और उच्च ऋण स्तर जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। भारत ने पिछले साल दिसंबर में विकसित और विकासशील देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रतिभागी भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता से प्रेरणा लेंगे।

## विकासशील देशों...

और विश्व बैंक जैसे बहुपक्षीय विकास बैंकों को किस तरह मजबूत किया जा सकता है जिससे वे 21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सके, साथ ही सतत विकास लक्ष्यों और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित रख सकें। जी-20 एफएमसीबीजी बैठक के पहले सत्र में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे, सतत वित्त और अवसंरचना पर बात हुई।

वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री ने अनेक संवेदनशील देशों में कर्ज को लेकर बढ़ते अस्थिरता के हालात का जिक्र किया और बहुपक्षीय सहयोग पर जी-20 के सदस्य देशों से विचार मांगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक कर्ज अस्थिरता का प्रबंधन करना विश्व अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी होगा।

## नहीं होगा .....

कि कांग्रेस के संविधान के 16 प्रावधानों और 32 नियमों में संशोधन का प्रस्ताव है। उन्होंने यह भी बताया कि हम इस 85वें महाधिवेशन में कांग्रेस के संविधान में संशोधन ला रहे हैं, जिसके तहत पार्टी के संगठन में सभी स्तर पर अनूसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए सीडब्ल्यूसी में 50 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित और सुरक्षित करने का प्रस्ताव है।पिछले साल उदयपुर में हुए पार्टी के चिंतन शिविर में कांग्रेस संगठन के विभिन्न स्तरों पर इन वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रस्ताव दिया गया था, हालांकि आज महाधिवेशन के पहले दिन सीडब्ल्यूसी में भी कमजोर वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया।रमेश ने बताया कि संचालन समिति की बैठक में सीडब्ल्यूसी के चुनाव को लेकर करीब ढाई घंटे तक मंथन किया गया और इसमें करीब 45 सदस्य शामिल हुए। कई सदस्यों ने सीडब्ल्यूसी के चुनाव के संदर्भ में कई सदस्यों ने पक्ष तो कई ने विपक्ष में राय जाहिर की। चर्चा के दौरान सहमति थी, लेकिन अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से किया गया। रमेश के अनुसार, हमें पूरा विश्वास है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियां सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय को अपना समर्थन देंगी। उन्होंने कहा कि संचालन समिति के ज्यादातर सदस्यों ने दोनों हाथ उठाकर निर्णय समर्थन किया।

## पूर्वोत्तर राज्य...

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय आज परिवार प्रथम की बजाय जनता प्रथम वाली सरकार चाहता है। उन्होंने कहा कि मेघालय और नगालैंड में भी जनता विपक्ष को करारा जवाब देने वाली है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिल्ली-रायपुर की उड़ान से उतारे जाने के विरोध में पार्टी नेताओं ने नारेबाजी की थी। इस दौरान कथित तौर पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। दूसरी ओर, नगालैंड में दीमापुर के चोमूकेडिमा में भाजपा और सहयोगी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) की एक संयुक्त चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा क्षेत्र के आठ राज्यों को अष्टलक्ष्मी मानती है और यहां शांति एवं विकास के लिए काम कर रही है, जबकि कांग्रेस पूर्वोत्तर को एटीएम की तरह इस्तेमाल करती थी। देवी लक्ष्मी के आठ स्वरूपों को अष्टलक्ष्मी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नगालैंड में स्थाई शांति लाने का प्रयास कर रहा है ताकि राज्य से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 को पूरी तरह से हटाया जा सके।

## देश में ...

नाम पर जो हो रहा है, वह उस पर कुछ नहीं कहना चाहेंगे। इस मुद्दे पर संवैधानिक पीठ का फैसला है और अदालत ने कहा है कि वह कानून में कुछ भी जोड़ नहीं सकती और इस पर विचार करना सरकार का काम है। न्यायमूर्ति नागरत्न ने कहा कि सभी स्तरों पर जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है।भारत निर्वाचन आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता अमित शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने राजनीति के अपराधीकरण पर पहले ही चिंता व्यक्त की है और मौजूदा कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में दोषी पाया जाता है और उसे दो साल से अधिक की जेल होती है तो उसे चुनाव लड़ने से रोका जाता है। उन्होंने कहा, इस याचिका में एक व्यक्ति को आरोप तय होने के चरण पर चुनाव लड़ने से रोकने का अनुरोध किया गया है। हमारा रुख यह है कि इस पर फैसला लेने का अधिकार संसद के पास है।

## स्थायी समिति ...

(द्वारका-बी वार्ड) और पंकज लूथरा (झिलमिल वार्ड) चुनाव लड़ रहे हैं। निर्दलीय पार्षद गजेंद्र सिंह दराल भी उम्मीदवार हैं। वह बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे पहले निगम सदन सिविक सेंटर में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी हंगामे के साथ सदन की बैठक शुरू हुई। स्थायी समिति के चुनाव में किसी भी पार्षद को मोबाइल और पेन लेकर सदन में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। महापौर शैली ओबेरॉय अपराह्न करीब 2:30 बजे मतदान करने वाली अंतिम पार्षद रहीं। मतदान समापन के बाद महापौर ने घोषणा की कि मतगणना पूरी होने तक कोई भी सदस्य कक्ष नहीं छोड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 242 पार्षदों ने मतदान किया, जबकि आठ ने नहीं किया। इससे पहले, भाजपा के कुछ पार्षदों ने जय श्री राम और मोदी के समर्थन में नारे लगाए, जबकि आप सदस्यों ने आम आदमी पार्टी जिंदाबाद और अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। चुनाव संपन्न होने के दस मिनट बाद मतगणना शुरू हुई। जो दो घंटे से अधिक समय तक चली। महापौर शैली ओबेरॉय ने सदस्यों से कहा कि परिणाम में अवैध वोट को अमान्य करार दिया जाएगा।

## संरा ने .....

व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थाई शांति तक पहुंचने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के बाद वोट की व्याख्या के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महासभा यूक्रेन संघर्ष के एक वर्ष को रेखांकित करती है, तो यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम खुद से कुछ प्रासंगिक प्रश्न पूछें। कंबोज ने कहा, क्या हम दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य संभावित समाधान के करीब हैं? क्या कोई भी ऐसी प्रक्रिया जिसमें दोनों पक्षों में से कोई भी शामिल नहीं है, हमें एक विश्वसनीय और सार्थक समाधान की ओर ले जाती है? क्या संयुक्त राष्ट्र प्रणाली और विशेष रूप से इसका प्रमुख अंग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए समकालीन चुनौतियों का समाधान करने में अप्रभावी नहीं हो गया है? उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति पर चिंतित है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के परिणामस्वरूप अनगिनत लोगों की जान गई है, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और वे पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हैं। कंबोज ने कहा कि आम नागरिकों और असैन्य बुनियादी ढांचे पर हमलों की खबरें भी बहुत चिंताजनक हैं। प्रस्ताव में सदस्य राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से चार्टर के अनुरूप यूक्रेन में एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों के लिए समर्थन को दोगुना करने का आह्वान किया गया। कंबोज ने दोहराया कि भारत बहुपक्षवाद के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को मानता है। उन्होंने कहा, हम एकमात्र व्यवहार्य तरीके के रूप में हमेशा बातचीत और कूटनीति का आह्वान करेंगे।

# मोदी सरकार ने किया सभी वर्गों का विकास : साध्वी

संवाददाता। फतेहपुर



**केंद्र** सरकार ने अमृत काल के बजट के जरिए समाज केहर तबके के लिये काम किया है। किसानों मजदूरों युवाओ की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने समाज के सभी वर्गों की उम्मीदों खरा उतरने के साथ नया भारत बनाने के लिये कार्य किया है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। शुक्रवार को बजट सत्र की चर्चा में भाग लेने के बाद दिल्ली से जनपद पहुंची जनपद की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में पत्रकारों से रूबरू होते हुए केंद्र के बजट की जमकर सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी व आम जनता के लिये सौगात बताया। उनके केंद्र के बजट की जमकर तारीफ करते हुए किसान युवाओं, कमजोरों के लिये नये अवसरों के सृजन करने वाला ऐतिहासिक बजट बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है जो कि भारत की मजबूती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में ही संभव हो सका। उन्होंने जनपद के विकास की योजनाओ को गिनाते हुए केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कालेज व अमृत योजना में जनपद के चयन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 तक हर घर नल योजना के तहत गांव गांव पानी की टंकी व पाइप

**● केंद्रीय मंत्रालय की मंजूरी मिलते ही शुरू होगा सीवर लाइन का काम**

लाइन का कार्य पूरा हो जायेगा। जिससे गांव में भी शहरों की तर्ज पर नल से पानी मिलने लगेगा। सीवर लाइन की समस्या पर कहा कि जनपद के लिये सीवर लाइन की समस्या को देखते हुए उनके द्वारा लगातार केंद्र एव राज्य सरकार से सम्पर्क किया गया है।

जल्द ही औपचारिकता के बाद योजना शुरू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन यदि उनके कार्यकाल में संभव नहीं हो सका तो फिर शायद फिर कभी संभव भी न हो सकेगा क्योंकि सीवर समस्या को लेकर उनके द्वारा केंद्रीय मंत्रालय से सम्पर्क कर उसे राज्य सरकार से स्वीकृति के लिये भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू कराया जा सकेगा।

बांदा सागर बाईपास को लेकर कहा कि रेलवे से एनओसी मिलने के बाद नए ठेकेदार के जरिए कार्य शुरू करवा दिया गया है। जल्द ही बाईपास की समस्या भी हल हो सकेगी। केंद्र सरकार की योजनाओ के साथ जनपद के विकास के लिये कराये गये कार्यो का बखान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि नि:स्वार्थ भाव से जनता के लिये कार्य किया है। जनता ने उन्हें दिल्ली भेजकर उन्हें सेवा का मौका दिया है। जिसके लिये जनता की आभारी है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा आदि रहे।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया सड़कों का औचक निरीक्षण

संवाददाता। कालपी, जालौन

**बीते** कई दिनों से शहर के विकास कार्यों का धन बंदरबांट किए जाने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम कालपी अभिषेक कुमार आईएएस ने कालपी शहर की करीब आधा दर्जन सड़कों का औचक निरीक्षण किया जिसमें पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पीछे, मां गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप इंटरलॉकिंग सीसी रोड, कर्बला को जाने वाले सीसी मार्ग समेत आधा दर्जन सड़कों का भौतिक सत्यापन किया। नगर पालिका परिषद कालपी के कई ठेकेदारों का तो हलक सूख जाने की चर्चाएं तेज हो चली है। जानकार बताते हैं कि शहर में कई मार्ग ऐसे हैं जिन्हें बने बनाए होने के बावजूद दोबारा बना दर्शाकर पेमेंट कराये जाने की चर्चा नगरवासियों के बीच में चल रही है। आरोप है कि कई सड़कों को धरातल में बनाया ही नहीं गया और भुगतान हो गया।

एसडीएम कालपी का चार्ज लेने के बाद अभिषेक कुमार आईएएस ने जोल्हूपुर मोड़ में खेतों के जलभराव को खाली कराया। कई बार मीटिंग आयोजित कर किसानों के दर्द को अपना दर्द समझ कर तब तक शांत नहीं बैठे जब तक उसको जड़ से खत्म ही नहीं कर दिया। अवैध खनन के आरोप में जनपद में पहली बार इतनी सख्त कार्रवाई हुई कि पट्टाधारक को भी जेल की हवा खानी पड़ी उनकी इस तरह की कार्रवाई के बाद अब अवैध खनन और लोकेशन का कार्य करने वालों की हवा टाइट नजर आ रही है। ऐसे भू माफ़ियाओं को चिन्हित करवाया गया है जिन्होंने अपनी जमीन की आड़ में सरकारी जमीनों को भी बेच डाला है। इस तरह के सात भूमाफिया कालपी तहसील में चिन्हित किए गए हैं, जिन पर कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

## क्विक न्यूज

### डीएम व एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिला कारागार का शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में स्थित पाकशाला (रसोई घर) पुरुष/महिला बैरिकों को देखा। बैरक में उपस्थित निरुद्ध बन्दियों से कारागार में भोजन आदि की व्यवस्थाओ के बारे पूछताछ किया। बन्दियों ने बताया कि नियमित रूप से अनुमन्य व्यवस्थाएं दी जा रही हैं। साथ ही बन्दियों के बैग खोलकर जांच किया। जिसमें कोई अवांछित सामग्री नहीं पायी। निरुद्ध महिला बन्दियों के बच्चों को बिस्किट के पैकेट जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिये। कहा कि निरुद्ध बन्दियों को मीनू के अनुसार भोजन दिया जाये। जेल अधीक्षक ने बताया कि महिला बंदियों के बच्चों के शिक्षा के लिए आंगनबाडी केन्द्र व सुरक्षा के साथ जेल से बाहर स्कूल भी जाते है। इस मौके पर जिला जेल अधीक्षक मो0 अकरम खान, जेलर सुरेश चंद्र सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### सायर गांव में बीडीओ से की धांधली की शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के सायर गांव में मनरेगा के तहत कराये गये कार्यों में धांधली का मामला सामने आया है,ग्राम प्रधान ने तकनीकी सहायक पर कमीशन खोरी का आरोप लगाया था वही गांव के ग्रामीण ने प्रधान पर धांधली की शिकायत बीडीओ से की है। जानकारी के मुताबिक सायर गांव में तकनीकि सहायक व ग्राम प्रधान आमने सामने हो गये है,दो दिन पूर्व प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने तकनीकी सहायक के ऊपर कमीशन खोरी का आरोप मढ़ते हुए गांव में राजनीति करते हुए सरकारी कार्यों में रुचि न लेने का आरोप लगाया था। जिसके बाद शुक्रवार को गांव निवासी प्यारेलाल पुत्र नत्थू ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर विकास कार्यों में अनियमितताएं बरतने तथा मानक विहीन काम कराने की बात कही है। उसने बताया कि गांव में अतरार रोड से मेन नहर तक जेसीबी द्वारा रात में जलरोक बांध डलाया गया तथा मेन रोड से कन्या प्राथमिक विद्यालय तक 15 से 20 मीटर की सीसी डलवाई गई जिसका भुगतान लगभग ढाई लाख रुपए किया गया। इसी तरह गांव में बहुत ही कम मात्रा में हैंडपंप है लेकिन कई बार हैंडपंप रिबोर के नाम पर पैसा निकाला गया है।

### भदवां जन चौपाल में बीडीओ ने समस्याएं सुन किया समाधान

**जालौन, उरई।** विकास खंड के ग्राम भदवां में बीडीओ संदीप यादव की अध्यक्षता में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। बीडीओ संदीप यादव ने कहा कि सरकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को सुविधा दे रही है। अब ग्राम पंचायत स्तर पर भी मिनी सचिवालय में लोगों को तमाम सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र सहित ग्रामीणों के अन्य कागजात बनाने में लापरवाही व उदासीनता न बरतें। इस दौरान ग्रामीणों ने चक मार्ग, वरासत, दिव्यांग पेंशन, आवास, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि आदि के संबंध में शिकायतें दर्ज कराई। अंत में उन्होंने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने गौशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, पानी मिला। उन्होंने प्रधान को निर्देश दिए कि गौशाला में बंद गोवंशों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए। यदि कोई गोवंश बीमार होता है तो पशु चिकित्सक को सूचना देकर उपचार कराएं।

### 27 फरवरी को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य बीके तिवारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के पत्र के क्रम में 27 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट में रोजगार मेला होगा। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्रालि से व्यवसाय वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, पेन्टर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक के 2017 से 2022 तक उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार होना है। हिस्सा लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 24 वर्ष (23 वर्ष 11 माह तक) होनी चाहिए। इस रोजगार मेले में केवल पुरूष प्रशिक्षार्थी हिस्सा ले सकते हैं। हिस्सा लेने को आधार कार्ड या अन्य सरकारी पहचान पत्र, हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट एवं आईटीआई अंक पत्र व प्रमाण पत्र तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मौजूद रहें। प्लेसमेन्ट से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए आईटीआई के प्लेसमेन्ट प्रभारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण में कृषकों को दी कृषि संबंधित जानकारी

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषकों के प्रशिक्षण का आयोजन राजकीय अलंकृत उद्यान कम्पनी बाग में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने करते हुए कृषकों का अभिनन्दन कर विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने एवं अनुदान प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव के वैज्ञानिक डॉ0 पृथ्वीपाल ने कृषकों को फल वाली फसलों के साथ कृषकों को केसीसी के बारे में विस्तार से बताया। कृषको को उद्यान रोपण से संबंधित जानकारी प्रदान की। सहायक उनि सुनील कुमार ने कृषको को सरकार की मंशानुसार सब्जी एवं फलों की फसलों को जैविक कीटनाशक, जौविक जिंक व जैविक खाद से करने तथा जैविक खाद तैयार करने की जानकारी विस्तार से दी। कृषको को जीवामृत बनाये जाने की विधि भी बतायी। अगेती सब्जियों की खेती करने की जानकारी देते हुए आय में बढ़ोतरी करने का सुझाव दिया। किसानों को कहा कि नर्सरी को लोटनल पॉली हाऊस या एक्सीलेन्स सेन्टर से पौध तैयार कर समय से एक माह पूर्व ही रोपित कर लें जिससे बाजार में पहले पहुंचने से कीमत अच्छी प्राप्त होती है।

### छात्रा प्रेमी के साथ रफूचक्कर, भगा ले जाने का आरोप

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के एक गांव के निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी कायमगंज नगर के एक विद्यालय में कक्षा 12 की छात्रा है। इस समय उसकी परीक्षा चल रही है। पिता के अनुसार उसकी बेटी बीते दिन परीक्षा देने परीक्षा केंद्र कायमगंज गई थी। लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। हम लोगों ने सोचा कि देर हो गई होगी। इसलिए वह अपनी किसी सहेली के घर पर रुक गई होगी। लेकिन जब दूसरे दिन भी घर नहीं आई। तो खोजबीन की। हर संभावित स्थान पर पता लगाया। कहीं पता नहीं चला। इसी बीच मालूम हुआ कि उसकी नाबालिग बेटी को जनपद एटा थाना नयागांव के एक गांव का निवासी अपने कुछ साथियों के सहयोग से जिनके पास डबल बैरल 12 बोर बंदूक थी। उसकी बेटी को बहला.फुसलाकर साथ ही आशंका है कि धमका कर भगा ले गए। पिता का कहना है कि उसने अपनी बेटी के मोबाइल नंबर पर फोन करके पता करने का प्रयास किया। तो उसकी बेटी ने बताया कि यह लोग उसे रोके हुए हैं। और इसके बाद संपर्क टूट गया। कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन बात नहीं हो सकी।

### देहदान अभियान से जनपद को जोड़ेगा युग दधीचि संस्थान

**फतेहपुर।** युग दधीचि देहदान संस्थान सेवाभाव से मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को देहदान के जरिए देह उपलब्ध कराने का काम करता है। देहदान के जरिए अंगों की समस्याओ से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सकेगी। साथ ही चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को शोध में अहम सहायता मिलेगी। दधीचि देहदान संस्थान समाज हित में अब तक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों 253 मानव शरीर उपलब्ध करवा चुका है। अब जनपद को इस अभियान के से जोड़ने जा रहा है। जनपद में अभियान के प्रमुख भूतपूर्व सैनिक उत्थान संस्थान के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी होंगे। उक्त बातें युग दधीचि संस्थान के संस्थापक मनोज सेंगर ने कहीं। शुक्रवार को तांबेश्वर नगर स्थित प्रजापिता ईश्वरी विश्वविद्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संस्थान के संस्थापक मनोज सेंगर ने बताया कि देहदान बेहद पुण्य का काम है।

# हत्या का कारण बना प्रेम त्रिकोण दो प्रेमियों में से एक की गई जान



**चित्रकूट।** एक प्रेमिका और दो प्रेमी के बीच कुछ ऐसा हुआ कि एक प्रेमी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में प्रेमिका समेत हत्यारे प्रेमी को दबोचकर जेल भेजा है। ये मामला है कोतवाली कर्वी के बरवारा गांव का। बताया गया कि कोतवाली कर्वी में निखिल पटेल (22) पुत्र लखपत सिंह तीन जनवरी को घर से लापता हो गया था। इस बाबत आठ फरवरी को कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी दर्ज करने में पुलिस ने भारी लापरवाही बरती थी। 21 फरवरी को गुमशुदगी को तरमीम कर अपहरण के मामले में कमल पुत्र धर्मजीत उपाध्याय व शनि पुत्र पप्पू डॉक्टर निवासी बरवारा को नामजद किया था। पुलिस ने कृपाशंकर उपाध्याय उर्फ कमल पंडित पुत्र धर्मजीत की निशानदेही पर नहर किनारे बांस कोठी के नीचे गड्ढे से निखिल का शव बरामद किया। पूछताछ में कमल पंडित ने बताया कि गांव की सीमा वर्मा से पहले निखिल पटेल के नाजायज सम्बन्ध थे। बाद में उसके भी सीमा से सम्बन्ध हो गये। तीन जनवरी की रात 11 बजे सीमा गांव के बाहर मानसिंह के खेत में थी, वहां निखिल के पहुंचने पर सीमा ने उसे फोन कर बुला लिया। निखिल के नशे में होने के चलते दोनों ने निखिल की हत्या कर दी। बांस की कोठी में गहरा गड्ढा खोदकर चार जनवरी की रात एक बोरी नमक डालकर निखिल को दफना दिया। एफआईआर देर से लिखने पर पूर्व कोतवाल एके मिश्रा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। दरोगा राधेश्याम सिंह को निलम्बित कर दिया गया है।

# उमेश चंद्र गुप्ता बने 'आप' व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद।** सिंह वाहिनी कॉलोनी फतेहगढ़ में आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य जिला अध्यक्ष ने ठाकुर सर्वेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जाने.माने व्यापारी उमेश चन्द्र गुप्ता को आप व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष गोपाल वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मोहम्मद साजिद खान जी को महासचिव मनोनीत किया। इस अवसर पर जिला महासचिव ठाकुर कुलदीप सिंह एआईटी सेल प्रभारी अंकित शाक्य ,युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमन सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ अजीत सिंह, सुनील सिंह ,किशन कुमार,विनीत दुबे, राहुल दुबे, रघुराज सिंह ,फौजी सुधीर कुमार, माजिद खान, शाहनवाज हुसैन, कुंदन सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निरीक्षण में चकाचक मिले जिले के परिषदीय विद्यालय

**● खनिज निदेशक संजीव वर्मा व एमएनआरई निदेशक असीम कुमार ने स्कूलों की स्थिति देख जताई खुशी**

संवाददाता। चित्रकूट




**भारत** सरकार की योजना लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के तहत मौके पर अध्ययन करने के लिए खनिज निदेशक संजीव वर्मा व एमएनआरई निदेशक असीम कुमार व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय बंभिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैया, इंग्लिश मीडियम विद्यालय सोनार का पुरवा शिवरामपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर का निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बंभिया निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या 4/5 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कक्षा अध्यापक से पूछा कि स्मार्ट क्लास के लिए बिजली मिलती है कि नहीं इसके लिए क्या बैकअप है। जिस पर कक्षा अध्यापक ने बताया कि सोलर सिस्टम के द्वारा बैकअप लिया जाता है। इसके बाद उन्होंने मॉडल क्लास देखें। निर्देशक ने एसएमसी रजिस्टर भी देखें व अटेंडेंस, मिड डे मील, मैथ कीट, कैम्पस, किचन रूम, मेडिकल के बारे में जानकारी लिए। कैंपस के बारे में उन्होंने सराहना किए कि छोटा है लेकिन बहुत ही अच्छा है। निर्देशक खनिज ने बच्चों के अभिभावकों से वार्तालाप किए यह जानकारी लिए की स्कूलों में सुधार हुआ है कि नहीं। जिस पर अभिभावकों ने उत्तर दिया कि बहुत ही अच्छा है व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मेडिकल जांच भी बच्चों का कराते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल के मैदान भी मनरेगा के द्वारा बनवाया जा रहा है । सरैया पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर स्कूल के स्थापना के बारे में पूछे व कक्ष संख्या 7 व 8 का निरीक्षण किये। उन्होंने एमडीएम व हैंड वास स्थल, बालक बालिका शौचालय, किचन रूम का भी निरीक्षण किए। उन्होंने कहा हाल के सभी दीवारों पर चार्ट लगवाए। जिससे कि बच्चों को मोटिवेशन के लिए अच्छा रहेगा। सरैया पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल उमा शंकर पांडे ने उपस्थिति पंजिका, एसएमसी रजिस्टर को दिखाएं तथा निर्देशक खनिज ने प्रिंसिपल से पूछा कि कक्षा 6 में जब बच्चे आते हैं तो उनका मानक क्या होता है अपने क्या अनुभव किया है। जिस पर प्रिंसिपल ने बताया कि स्टैंडर्ड स्तर के बच्चों को हम लोग लेते हैं तथा जो मीडियम बच्चे होते हैं उनको अतिरिक्त क्लास देकर आगे बढ़ाते हैं।

# ऑटो में दिया प्रसूता ने बच्चे को जन्म, नहीं मिली एंबुलेंस

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। मामला क्षेत्र के गांव अद्दूपुर का है। यहां के निवासी रामभजन की पत्नी अनीता दूसरी बार गर्भवती हुई थी। आज वह प्रसव पीड़ा से परेशान होने लगी। तो परिजनों की सूचना पर क्षेत्रीय आशा शकुंतला प्रसूता के घर पहुंची। यहां से आशा ने प्रसूता को अस्पताल तक ले जाने के लिए फोन द्वारा एंबुलेंस उपलब्ध कराने की सूचना दी। आशा के अनुसार एंबुलेंस समय से नहीं पहुंची। तो प्रसूता को ऑटो से अस्पताल लाया जा रहा था। किंतु रास्ते में ही प्रसव पीड़ा और तेज हो गई। इसे



देखते हुए थोड़े से ही प्रयास में प्रसूता को सुरक्षित प्रसव करा दिया गया। और इसके बाद जच्चा. बच्चा दोनों को लाकर सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती करा दिया गया है। उसके अनुसार जच्चा. बच्चा दोनों सही सलामत बताए जा रहे हैं। एंबुलेंस के समय से ना पहुंचने का आशा ने आरोप लगाया। लेकिन उसी के बताए अनुसार एंबुलेंस को सूचना तब दी गई जब प्रसव का समय बिल्कुल निकट आ गया थाए और प्रसूता प्रसव पीड़ा से परेशान हो रही थी। आशा के बताए अनुसार एंबुलेंस को सूचना देते समय कहा गया कि जल्द ही एंबुलेंस उपलब्ध हो जाएगी। थोड़ी देर इंतजार किया। इसके बाद पुन: अनुरोध किया गया तो बताया गया कि एंबुलेंस व्यस्त है। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

# कोरोना काल में मेडिकल कालेज की समर्पित सेवायें सराहनीय : डा. अनुरागी

संवाददाता। उरई, जालौन



**राजकीय** मेडिकल कालेज आडिटोरियम भवन में डा. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि आदर्श सिंह आयुक्त, झांसी मंडल, झांसी एवं जिलाधिकारी चांदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा तथा मुख्य संरक्षक प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन समारोह एवं छात्र एवं छात्राओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरे जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि कोरोना काल में राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन की चिकित्सकीय टीम, नर्सिंग टीम एवं कर्मियों की टीम ने जो सेवाभाव दिखाया है वह मरीजों के फीडबैक में स्पष्ट झलकता है। उन्होनें कोरोना काल में मेडिकल कालेज की समर्पित सेवाओं की सराहना भी की। मंडलायुक्त आदर्श सिंह ने समस्त उपस्थित सदस्यों, छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन अपने आप में गरिमामयी प्रोफेशन है। नर्सिंग

**● ज्यादा ज्ञान हासिल कर प्रदेश में अपना और संस्थान का नाम करें रौशन -मंडलायुक्त**

सेवाओं के माध्यम से इससे जुड़े हुए कर्मियों का देश दुनिया में नाम हो रहा है। फ्लोरेंस नाइटेंगल का नाम क्रीमियन युद्ध में अपनी समर्पित सेवायें सैनिकों को प्रदान करने के कारण जग विख्यात हो गया। आप सभी को एक स्वर्णिम अवसर मिला है, आप इस संस्थान से ज्यादा से ज्यादा ज्ञान हासिल कर सकते है और प्रदेश में अपना और संस्थान का नाम रौशन कर सकते है।

जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार नर्सिंग संवर्ग से जुड़े कार्मिकों नें अपनी समर्पित सेवाओं से आमजनमानस की जान बचाई है वह अभूतपूर्व है। नर्सिंग सेवाओं ने देश और दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। नर्सिंग सेवाओं के लिए अभूतपूर्व योगदान हेतु कई कार्मिकों को नई पहचान मिली है। राजकीय मेडिकल कालेज, में कार्यरत सुमन दुबे कार्यवाहक मैट्रन को फ्लोरेंस नाइटेंगल राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया है।

मुख्य संरक्षक प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ ने कहा कि हर व्यक्ति को अपना कार्य पूरे समर्पित भाव से करना चाहिए। हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि इस दुनिया में उसकी उपस्थिति को सम्मान एवं पहचान मिले। वह भी सम्मान प्राप्त करने का पूरा अधिकारी है, लेकिन इसके लिए समर्पित दया भाव से कार्य करने की आवश्यकता है।

# श्री चित्रकूट धाम 84 कोसीय परिक्रमा का हुआ शुभारंभ



**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ीगुफा) से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दस दिवसीय श्री चित्रकूट धाम चौरासी कोसीय परिक्रमा शुरु हुई। देश के विभिन्न प्रान्तों से आये साधु, संत, महन्त एवं श्रद्धालु बढ़-चढ़ के सम्मिलित हुए। शनिवार को यह परिक्रमा प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से प्रारंभ होकर द्वादशी तक चलती है। इस वर्ष लगभग 900 यात्री इस परिक्रमा में शामिल हुए। जो पैदल चलकर भगवान राम की विहार स्थली श्री चित्रकूट धाम के चारो ओर कुल 84 कोस यात्रा कर वापस रघुवीर मन्दिर पधारेंगे। परिक्रमा का आरंभ रघुवीर मन्दिर से चित्रकूट के पूज्य संतों एवं श्री सदगुरु ट्रस्ट रघुवीर मन्दिर कर कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान पूर्वक पूजन के साथ रवाना किया। यह परिक्रमा रघुवीर मन्दिर से स्फटिक शिला, टाठी घाट, सती अनुसूइया आश्रम, गुप्त गोदावरी, मड़फा पहाड़, भरतकूप, कर्वी, गणेश बाग, कोटतीर्थ देवांगना, हनुमान धारा, रामघाट होते हुए पुन: रघुवीर मन्दिर पधारेगी जहां सभी यात्रियों का स्वागत सत्कार एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# किसान पशुपालन को बनायें आमदनी का जरिया : रवीन्द्र सिंह

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

**बुन्देलखण्ड** पैकेज के अन्तर्गत दुधारू पशु संतति प्रदर्शनी का भव्य उदघाटन अपर निदेशक बांदा डॉ. रवीन्द्र सिंह राठौर, उप निदेशक पशुपालन डॉ. मनोज अवस्थी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। पशु प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की उत्कृष्ट नस्ल की गायें-भैंसें आकर्षण का केन्द्र रहीं ।

ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान में दुधारू पशु संतति प्रदर्शनी बाएफ इस्टीट्यूट फार सस्टेनेबल लाइवलीहुड एण्ड डेवलपमेंटस के तत्वाधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपनिदेशक पशुपालन मण्डल बांदा डॉ मनोज अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसान कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार की

**● नांदिन कुर्मियान में दुधारू पशु संतति प्रदर्शनी का भव्य आयोजन**

महत्वाकांक्षी योजनाएं बुन्देल खण्ड के पशुपालकों को विशेष छूट पर बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध करा रही है। ताकि किसान भेड़ ,बकरी ,सूकर आदि प्रकार के पशु पालकर लाखों रुपये की आमदनी बढ़ा सकते हैं। इस योजना का लाभ पशुपालक माह मार्च तक ही उठा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बुन्देल खण्ड में अन्ना पशु अभिशाप है गर्मी आते ही पशुपालक अपने जानवरों को छोड़ देते है और देशी बछड़ों से अक्सर गायें गर्भ जनित हो जाती है। जिससे अच्छी नस्ल की बछिया नही पैदा होती है। अनुपयोगी बछड़े पैदा हो जाते हैं। साथ ही देशी नस्ल की बछिया दूध भी औसतन बहुत कम देती है और अन्ना प्रथा से किसान काफी परेशान भी हो रहा है। ऐसी दशा में अपने जानवरों को कतई अन्ना नही छोड़ना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर निदेशक पशुपालन डॉ रवीन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि पशुपालक अपनी गायों का कृत्रिम गर्भाधान करायें। जिससे अच्छी नस्ल की 90 प्रतिशत बछिया पैदा होगी और अनुपयोगी बछड़ो पर चारे दाने के रुप में होने वाले खर्चों को बचाया जा सकता है। बाएफ केन्द्रों पर भैस व भारतीय नस्ल की गायों का सार्टेड सीमेन उपलब्ध है। पशुपालकों द्वारा बुलाये जाने पर बाएफ के केन्द्राधिकारी घर पहुंच कर मात्र सौ रुपये पर ही कृत्रिम गर्भाधान करेंगे। इस तकनीक द्वारा कम समय में अधिक बछिया प्राप्त कर अधिक दुग्धोत्पादन कर सकते हैं।

# नाबालिग की हत्या कर अधजला शव खेत में फेंका

**राठ,** हमीरपुर। राठ क्षेत्र के औड़ेरा गांव में पिता पुत्र ने नाबालिग युवती को अगवा करने के बाद उसकी हत्या कर शव को पूरी तरह जलाने का प्रयास किया, पुलिस ने अधजला शव आज गांव के खेत से बरामद किया है, पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गांव की घनश्याम की सोलह वर्षीय लड़की 12 फरवरी को अचानक गायब हो गयी, 16 फरवरी को घनश्याम कुशवाहा अपनी पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने राठ थाने गया मगर पुलिस ने उसे डाट कर भगा दिया,तभी पीड़ित पुलिस उच्चाधिकारियों के चौखट में चक्कर लगाता रहा मगर उसकी पीड़ा किसी ने नही सुनी आज गांव के बाहर खेत में युवती की सड़ी गली व अधजली लाश बरामद हुई है।

# अज्ञात शव की शिनाख्त कराकर पुलिस ने हत्याकांड से उठाया पर्दा

संवाददाता। फतेहपुर

**बीती** नौ फरवरी को औंग थाना क्षेत्र के थानपुर रोड पर मिले अज्ञात हत्यायुक्त शव की पुलिस ने शिनाख्त कराते हुए हत्याकांड से पर्दा उठा दिया है। इस मामले में पुलिस ने हत्यारे को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। औंग थाने में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिंदकी के सीओ परशुराम त्रिपाठी ने बताया कि नौ द्धत्त्रवरी को औंग थाना क्षेत्र के थानपुर रोड पर एक अज्ञात युवक का हत्यायुक्त शव मिला था। जिसका मुकदमा थाने पर दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई थी। प्रयास करके पुलिस ने शव की शिनाख्त सुनील यादव के रूप में की गई थी। पुलिस ने हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए अभियुक्त अजय शंकर यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव निवासी ग्राम रसूपुर थाना औंग को अभयपुर पुल से कानपुर की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। अजय ने बताया कि आठ फरवरी को वह और मृतक सुनील यादव रात नौ बजे शराब पीने के लिए अपनी ओमनी गाड़ी संख्या यूपी-78डीसी/5481 से निकले थे। आशापुर देशी ठेका की दुकान से शराब लेकर दोनों ने गाड़ी में बैठकर शराब पी। मृतक सुनील ने और शराब पीने के लिए कहा तो उसके पास पैसे नहीं थे। परचून की दुकान वाले आकाश के मोबाइल पर पेटीएम से अपने बेटे से कहकर 90 रूपये डलवाये और उस पैसे से शराब और चखना लेकर गाड़ी में बैठकर दोबारा शराब पी। शराब पीने के दौरान मृतक सुनील ने गांवदारी की पुरानी बात शुरू कर दी और गाली-गलौज देने लगा। जिससे दोनों के बीच तकरार हो गई।

हाईवे किनारे आकर उसने गाड़ी रोक कर मृतक को धक्का दे दिया जिससे वह नीचे गिरकर घायल हो गया। वह काफी नशे में था और होश में नहीं था।

जिससे वह घबरा गया और गाड़ी में उसे लादकर थानपुर रोड पर गांव से दो सौ-तीन सौ मीटर पहले ही सुनसान जगह में गाड़ी रोक कर पेचकस से उसके सिर व चेहरे पर कई जगह वार कर दिये और चेहरा बिगाड़ दिया। हत्या करने से पहले उसने पैंट व शर्ट भी उतारकर गाड़ी में रख ली। हड़बड़ाहट में गाड़ी मोड़कर भागते समय मृतक सुनील का स्वेटर व उसका गमछा घटनास्थल पर छूट गया।

### अपराध से घृणा करो अपराधी से नहीं विषयक गोष्ठी में किया जागरूक

**फतेहपुर।** जिला अपराध निरोधक समिति समिति द्वारा शहर क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज में अपराध से घृणा करो अपराधी से नहीं विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति का विस्तार कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी सदर अवधेश निगम एवं क्षेत्राधिकारी थरियाव दिनेश मिश्रा मौजूद रहे। समिति के सचिव बिपिन बिहारी शरण ने समिति का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाते हुए परिचय पत्र वितरित किए। श्री शरण ने उप जिलाधिकारी सदर अवधेश निगम एवं क्षेत्राधिकारी दिनेश मिश्रा को अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक देकर सम्मानित किया। गोष्ठी में उप जिलाधिकारी सदर ने अवधेश निगम ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस के साथ अपराध निरोधक समिति जनता के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए के सेतु का काम करती है।

# अमेरिका ने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए

● रूस-यूक्रेन युद्ध का एक साल

भाषा। वाशिंगटन



रूस-यूक्रेन युद्ध का एक साल पूरा होने पर शुक्रवार को अमेरिका ने रूसी बैंकों, कंपनियों और नागरिकों पर नए प्रतिबंध लगाए। यहां जारी एक बयान के मुताबिक, अमेरिकी वित्त विभाग की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबंध कार्वाई में रूस के धातु और खनन क्षेत्र को भी लक्षित किया गया है। जी-7 सहयोगी देशों के समन्वय के साथ लिए गए इस फैसले का मकसद 250 लोगों और कंपनियों, शस्त्र डीलरों पर कार्वाई के साथ ही बैंकों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना है। वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने एक बयान में कहा, हमारे प्रतिबंधों का अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रभाव पड़ा है, जिसके चलते रूस को अपने हथियारों की खेप और अलग-थलग पड़ी अर्थव्यवस्था में भरपाई के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इसमें कहा गया, जी-7 सहयोगियों के साथ मिलकर की गई आज कार्वाई यह दर्शाती है कि जब तक जरूरत पड़ेगी, हम यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे।

### जी-7 शिखर सम्मेलन: जापान रूस पर नए प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखेगा

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शुक्रवार को कहा कि वह यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का एक प्रस्ताव सात देशों के समूह जी-7 को सौंपने की योजना बना रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का आज एक साल पूरा हो गया है। किशिदा ऑनलाइन ढंग से आयोजित किए जाने वाले जी-7 सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। किशिदा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह रूस को सैन्य सहायता प्रदान करना बंद करने के लिए अन्य देशों का आह्वान करेंगे। यथास्थिति में एकतरफा बदलाव की बिल्कुल अनुमति नहीं देने के लिए, हमें कानून के शासन के आधार पर शांति और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बहाल करने के वास्ते यूक्रेन का समर्थन और रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाना चाहिए।

### पोलैंड ने यूक्रेन को पहला लेपर्ड टैंक सौंपा

कीव। पोलैंड के प्रधानमंत्री मैत्यूज मोराविक ने शुक्रवार को कीव की यात्रा के दौरान यूक्रेन को लेपर्ड टैंक सौंपा। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने बताया आक्रमण का एक साल पूरा होने के मौके पर यह टैंक दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि वह खुश हैं कि पोलैंड, यूक्रेन को आधुनिक टैंक देने वाला पहला देश है। पोलैंड ने यूक्रेन को जर्मनी में निर्मित 14 लेपर्ड 2 टैंक देने की प्रतिबद्धता जताई है और अन्य यूरोपीय देशों से भी ऐसा करने का अनुरोध किया है।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने युद्ध की वर्षगांठ पर जीत का संकल्प लिया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 2023 में जीत के लिए पूरी ताकत झोंकने का संकल्प लिया और कहा कि देश पर 24 फरवरी, 2022की तारीख हमारे जीवन का सबसे लंबा दिन था, जब रूस ने देश पर आक्रमण किया था। यह ऐसा युद्ध है जिसका अभी कोई समाधान नजर नहीं आ रहा। जेलेंस्की ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि यह युद्ध द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा और घातक युद्ध है। उन्होंने इसे रूस द्वारा फैलाया गया आतंक करार दिया। हमें नहीं पता कि कल क्या होगा, लेकिन हम स्पष्ट रूप से समझते हैं कि प्रत्एक कल के लिए आपको लड़ने की जरूरत है...और हम लड़े हैं। यूक्रेनवासियों ने खुद को अजेय साबित किया है। उन्होंने बीते वर्ष को दर्द, दुख, विश्वास और एकता का वर्ष कहा। हम जानते हैं कि 2023 हमारी जीत का वर्ष होगा। यूक्रेनवासियों ने युद्ध में मारे गए हजारों लोगों की याद में मोमबत्ती जुलूस और शोक सभाओं का आयोजन किया, विशेष रूप से पूर्वी यूक्रेन में जहां लड़ाई में हर समय मृतकों की संख्या बढ़ रही है।

# कबाड़ बन चुके रूसी टैंक, खोपड़ी व मौन रहकर मनाई गई यूक्रेन युद्ध की बरसी

भाषा। लिस्बन

**रूस द्वारा** यूक्रेन पर किए गए हमले को एक साल शुक्रवार को पूरा हो गया और इस अवसर पर दुनियाभर में अलग-अलग तरीके से इस दिन को याद किया गया। जर्मनी के बर्लिन में रूस के कबाड़ बन चुके टैंक को प्रदर्शित किया गया, तो बेलग्रेड में खूनी रंग के केक पर खोपड़ी की आकृति रख युद्ध की विभिषिका के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित कराने की कोशिश की गई। जर्मनी की राजधानी में रूसी दूतावास इमारत के सामने जंग खा चुके टी-72 टैंक को प्रदर्शित किया गया जो 24 फरवरी 2022 को शुरू हुए युद्ध के शुरुआती दिनों में कीव इलाके में फंस गया था। एक निजी समूह इस टैंक को बर्लिन लेकर आया है और उसने बताया कि यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के सैन्य इतिहास संग्रहालय ने इसे प्रदर्शित करने के लिए दिया है। इस प्रदर्शिनी को आयोजित करने वालों में शामिल बर्लिन स्टोरी ग्रुप के सदस्य वीलैंड गीबेल ने कहा, पूरी दुनिया को देखना चाहिए कि जर्मनी में बहुत अधिक लोग हैं जो यूक्रेन के साथ खड़े हैं, इसलिए हमने कबाड़ हो चुके रूसी टैंक को उनके (रूसी दूतावास के) सामने खड़ा किया है। सर्बिया की सरकार के रूस से अच्छे संबंध है और उसने मॉस्को के खिलाफ पश्चिमी देशों के प्रतिबंध में शामिल होने से इनकार कर दिया है। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में पुलिस को युद्ध विरोधी समूह को रोकना पड़ा जो रूसी दूतावास की ओर मार्च कर रहा था। युद्ध विरोधी समूह के कार्यकर्ता यूक्रेन युद्ध के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर जनसंहार का मुकदमा चलाने की अपनी मांग दूतावास तक पहुंचाना चाहते थे। उन्होंने बेलग्रेड में रूसी दूतावास के करीब रास्ते पर युद्ध के खिलाफ एक केक छोड़ा जिसका रंग खूनी था और उसके ऊपर खोपड़ी की आकृति बनी हुई थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने आधिकारिक आवास सह कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट से बाहर आए और उन्होंने यूक्रेन के राजदूत और ब्रिटेन में प्रशिक्षित किए जा रहे यूक्रेन के कुछ सैनिकों के साथ युद्ध में मारे गए लोगों की याद में मौन रखा। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने एक संदेश जारी कर यूक्रेन की जनता के उल्लेखनीय साहस और जुझारूपन की प्रशंसा की। मॉस्को में यूक्रेन युद्ध की बरसी मनाने के लिए शुक्रवार को कोई विशेष आयोजन नहीं किया गया और रूसवासियों ने लंबी छुट्टी मनाई। अधिकारियों द्वारा विरोध की किसी भी आवाज को दबाने के तहत पुलिस कुछ इलाकों में कार्यकर्ताओं के घरों में गई और किसी तरह का प्रदर्शन करने के खिलाफ चेतावनी दी। यूक्रेन युद्ध की बरसी एशिया में भी मनाई गई। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल और जापान की राजधानी तोक्यो में शांति रैली निकाली गई। थाईलैंड में रह रहे यूक्रेनियाई नागरिक बैंकॉक स्थित अपने दूतावास के सामने जमा हुए। करीब 50 लोग यूक्रेन के ध्वज के रंग के कपड़े पहनकर आए थे और उन्होंने राष्ट्रगान गया।

**Public Notice**

This is to inform General Public that a matter was published on 19.02.2023 regarding mortgage of the Entire Ground Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Property No. A-219, area measuring 193.33 Sq. yds. i.e 160.09 Sq. mtrs. Situated in the Layout plan of The CPED Co-Operative House Building Society Ltd, known as Lok Vihar, Pitampura, Delhi through Mrs. Kusum Agarwal whereas inadvertently mentioned as "Property No. A-219" instead of "Property No. B-219" Now, Mrs. Kusum Agarwal is mortgaging the above said property with HDFC Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE to Appear/Attend Proceedings of DLM&SFC-LDH**

Through this Publication This is for Constructive Notice for respondent **M/S HENNA TECHNOLOGIES** having registered office at **B-59 C, SECTOR-60, NOIDA, UTTAR PRADESH-201301** to appear in person or through authorized representative before the District Level Micro & Small facilitation Council Ludhiana, District Industries Centre, Ludhiana on Dated **18-04-2023** regarding claim reference petition submitted by claimant **M/S BEDI STEEL ROLLING MILLS PVT. LTD.** U/s 18(1) of MSMED Act 2006 bearing reference: **MSEFC/DIC/09/21/1649.** If respondent still fails or omits to appear as above then arbitration proceedings shall be conducted as per section 23 & 25 of Arbitration and Conciliation Act and award shall also be passed on the basis of evidence before it.

**Member Secretary cum General Manager**
**District Industries Centre Industrial Estate,**
**Ludhiana Ph No:- 0161-2540695**
**Email Id:- dicludhiana5@gmail.com, Ludhiana.msefc@gmail.com**

### श्रीलंका में नौ मार्च को नहीं होंगे स्थानीय निकाय चुनाव : निर्वाचन आयोग

**कोलंबो।** श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से घोषणा की कि स्थानीय निकाय चुनाव निर्धारित तिथि के अनुसार नौ मार्च को नही होंगे और अब तीन मार्च को नई तारीख अधिसूचित की जाएगी। आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका की शीर्ष अदालत ने चुनाव कराने के खिलाफ एक याचिका की सुनवाई बृहस्पतिवार को मई तक स्थगित कर दी थी।

### पाकिस्तान की अदालत ने गृह मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने अपने सार्वजनिक भाषणों के दौरान कथित रूप से न्यायपालिका को धमकाने और सरकारी अधिकारियों को अपनी वैध जिम्मेदारियो को पूरा करने से रोकने के लिए गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। सनाउल्लाह (68) के खिलाफ मामला अगस्त 2022 मे दर्ज किया गया था। डॉन अखबार ने प्राथमिकी के हवाले से कहा है कि पिछले साल और 2021 मे अपने सार्वजनिक भाषणो के दौरान, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता ने न्यायपालिका को अपना काम करने से रोकने और पंजाब पुलिस अधिकारियो के बच्चो को मारने की धमकी दी।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन अगले सप्ताह एशिया की यात्रा करेंगे

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र मे भाग लेने और चीन के शीर्ष राजनयिको के साथ हालिया बैठक के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह मध्य एवं दक्षिण एशिया की यात्रा करेंगे। चीन और रूस से बढ़ते तनाव के बीच ब्लिंकन की यह यात्रा होने जा रही है। विदेश विभाग ने बृहस्पतिवार देर रात घोषणा की कि जी-20 देशो के विदेश मंत्रियो की बैठक मे हिस्सा लेने के लिए भारत जाने से पहले ब्लिंकन कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे।

# लोक अदालत ने पुतिन के खिलाफ अभियोग की पुष्टि की



भाषा। हेग (नीदरलैंड)

**कानूनी शक्तियों** से रहित एक लोक अदालत ने यूक्रेन में आक्रमण के अपराध के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ दोषारोपण की पुष्टि करने के साथ ही उनकी गिरफ्तारी का आह्वान किया है।यह प्रतीकात्मक निर्णय शुक्रवार को ऐसे समय आया जब यूक्रेन पर रूस के अवैध आक्रमण की शुरुआत को एक वर्ष पूरा हो गया।हेग में एक हफ्ते की सुनवाई के बाद, तीन अंतरराष्ट्रीय कानूनी विशेषज्ञों वाली एक पीठ ने आदेश जारी किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने के वास्ते हर आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया कि कानूनी शक्तियों वाली एक अदालत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अभियोग चलाए।

## जी-7 के नेता रूस के खिलाफ प्रवर्तन समन्वय तंत्र स्थापित करेंगे

**वाशिंगटन।** यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे होने पर जी-7 देशों के नेता रूस के खिलाफ अमेरिका की अध्यक्षता में प्रवर्तन समन्वय तंत्र की स्थापना की घोषणा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध और इसके लिए रूस को जवाबदेह ठहराने के सामूहिक प्रयास पर चर्चा के लिए जी-7 नेताओं के साथ डिजिटल तरीके से बैठक की मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा रूस के खिलाफ जी-7 के कदमो के लिए नेता एक प्रवर्तन समन्वय तंत्र की स्थापना का समर्थन करेंगे, जिसकी अध्यक्षता पहले वर्ष में अमेरिका करेगा। जी-7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। बैठक के दौरान रूस के ऊर्जा, खनन, वित्तीय, रक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों के खिलाफ आर्थिक दबाव उपायो को लागू करने की नई प्रतिबद्धताओं का भी जी-7 नेताओं द्वारा समर्थन किया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अहमद गफूर ने ग्राम कैराना हलका नंबर 03 सीमा से बाहर नगर पालिका परिषद कैराना, परगना और तहसील कैराना जिला शामली, यूपी, में स्थित एक आवासीय प्लॉट एरिया परिमाप 200 वर्ग गज, खसरा नंबर 10787 में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 20.08.2014, दस्तावेज सं. 10442, खंड सं. 3751 और वसीयत दिनांक 28.09.2017, दस्तावेज सं. 407, खंड सं. 111 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि फुरकान और अहमद गफूर, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संपत्ति पर ऋण ले रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7,बेसमेंट,प्लॉट नंबर सी 78,सेक्टर 2,नोएडा यूपी 201301,ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

### ब्रिटिश-भारतीय स्कूली छात्र युद्धग्रस्त यूक्रेनवासियों के लिए स्टेशनरी लेकर पोलैंड गया

भाषा। लंदन

**धन संचय** करने के लिए पुरस्कार विजेता भारतीय मूल का एक 10-वर्षीय स्कूली छात्र रूस के आक्रमण से विस्थापित हुए यूक्रेनी बच्चों के लिए ब्रिटेन में एकत्रित किताबें और अन्य स्टेशनरी उत्पाद सौंपने के लिए अपने माता-पिता के साथ पोलैंड गया है। उत्तरी इंग्लैंड के ग्रेटर मैनचेस्टर में बोल्टन का मिलन पॉल कुमार शुक्रवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के एक साल पूरे होने से पहले इस सप्ताह के शुरू में पोलैंड के शहर क्राको पहुंचा।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि योगेन्द्र सिंह/दीपक सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00003201640 तथा पता यूनिट नंबर बी–1303, "जेएनसी ग्रीनवुड्स" स्थित प्लॉट नंबर 3, जी.एच.–1, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएनसी कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 28 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./–

**PROPERTY FOR SALE**

The Prime property is for sale situated at Khasra No.100 measuring 1-17-9 Bigha, Mauza Jagjitnagar, Pargana Dharath, Sub Tehsil Krishnagarh, Teh. Kasauli, Distt. Solan, Himachal Pradesh , having beautiful location adjacent to a popular hotel. Interested persons may contact Youth Hostels Association of India at 9599204729, 011-45999004 and email : info@yhaindia.org

# भारत और अमेरिका रक्षा सह-निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसर : ओआरएफ अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका स्थित** एक थिंक टैंक ने भारत-अमेरिका रक्षा सह-निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसरों के मद्देनजर कहा कि दोनों देशों की कंपनियों के बीच अधिक रक्षा उद्योग साझेदारी वाणिज्यिक और नियामक कारकों पर निर्भर है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (अमेरिका) ने बृहस्पतिवार को जारी सटीक लक्ष्य: अमेरिका-भारत रक्षा उद्योग साझेदारी को तेज करना नामक रिपोर्ट में कहा कि भारत में अनुमानित मांग सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालीन निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए मजबूत कारोबारी आधार की आवश्यकता है। ओआरएफ (अमेरिका) ने रिपोर्ट में कहा, अमेरिका-भारत रक्षा उद्योग साझेदारी में कई कारकों को देखते हुए तेजी लाई जा सकती है जिसमें यूक्रेन में युद्ध के कारण पैदा हुई तत्काल परिस्थितियों समेत सहायक घरेलू नीतियां और अनुकूल भू-राजनीतिक स्थिति शामिल है। इसने कहा कि 2023 की शुरुआत में अहम तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर अमेरिका-भारत पहल शुरू होने से द्विपक्षीय रक्षा उद्योग सहयोग को बड़ी गति मिली है। रिपोर्ट में कहा गया, ए परिस्थितियां भारत-अमेरिका रक्षा सह-निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा करती हैं। लेकिन इसके लिए, सरकार से सरकार के स्तर पर शानदार राजनीतिक प्रगति को कारोबार से कारोबार स्तर तक ठोस परिणाम में बदलने की आवश्यकता होगी।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि विवेक कुमार/सुमन (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00003024502 तथा पता यूनिट नंबर बी–1304, "जेएनसी ग्रीनवुड्स" स्थित प्लॉट नंबर 3, जी.एच.–1, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएनसी कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 24 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./–

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि धीरेन्द्र वर्मा/स्नेहलता वर्मा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002974099 तथा पता यूनिट नंबर बी–801, "जेएनसी ग्रीनवुड्स" स्थित प्लॉट नंबर 3, जी.एच.–1, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएनसी कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 28 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./–

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सिद्धार्थ तलवार/सारिका तलवार (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002882293 तथा पता फ्लैट नंबर 831, 8वां तल, गौड़ सिटी मॉल, गौड़ सिटी, वन सिक्स्थ एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच 01, सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि गौड़सन्स हाई-टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 28 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./–

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि रहीस अहमद/उसमान (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00003073846 तथा पता यूनिट नंबर बी–1104, "जेएनसी ग्रीनवुड्स" स्थित प्लॉट नंबर 3, जी.एच.–1, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जेएनसी कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 28 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./–

# हानिकारक नही, कुछ आक्रामक प्रजातियां लाभदायक

● देशी पारिस्थितिक तंत्र को फलने-फूलने में मदद भी कर सकती है



भाषा। ओटावा

**आक्रामक प्रजातियां** देशी जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र को खतरे में डालती हैं या नहीं, यह वर्षों से शोधकर्ताओं के बीच बहस का विषय रहा है। आक्रामक प्रजातियों ने देशी प्रजातियों के विलुप्त होने का कारण बनने के साथ ही पारिस्थितिक तंत्र के कामकाज को भी बदल दिया है। लेकिन सभी प्रजातियां जो नए क्षेत्रों में पेश की जाती हैं वे आक्रामक नहीं होतीं – अर्थात वे नकारात्मक प्रभाव नहीं डालती हैं। इसके बावजूद, सभी गैर-देशी प्रजातियों को हानिकारक के रूप में चिह्नित किया गया है। इस तरह की सोच ने संरक्षण प्रबंधन कार्यों को आम तौर पर प्राकृतिक परिदृश्यों को बहाल करने के लक्ष्य के साथ गैर-देशी प्रजातियों के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करने का कारण बना दिया है। इसने गैर-देशी प्रजातियों के नकारात्मक परिणामों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान का नेतृत्व किया है। और इसने पर्यावरण की स्थिति का वर्णन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले जैव विविधता संकेतकों के रूप में इन प्रजातियों की भूमिका को सामने आने से रोक दिया है। सामूहिक रूप से, इसने इस विचार को कायम रखा है कि देशी प्रजातियाँ अच्छी होती हैं और गैर-देशी प्रजातियाँ खराब होती हैं। लेकिन क्या होगा अगर हम गैर-देशी प्रजातियों के बारे में गलत हैं? कुछ गैर-देशी प्रजातियां अच्छी होती हैं यह ठीक है कि हमें गैर-देशी प्रजातियों से सावधान रहना जारी रखना चाहिए, विशेष रूप से जिनका अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## गैर-देशी प्रजातियों का प्रबंधन

10 से अधिक वर्षों से गैर-देशी प्रजातियो पर शोध करने वाले पारिस्थितिकीविदो के रूप मे, हम मानते है कि गैर-देशी प्रजातियो की नकारात्मक धारणा और उनके प्रबंधन के लिए एकतरफा आक्रामक दृष्टिकोण प्रमुख वैज्ञानिको, संरक्षणकर्ताओं और नीति निर्माताओ को इन प्रजातियो की सकारात्मक भूमिकाओ को कम आंकने के लिए प्रेरित कर सकता है। गैर-देशी प्रजातियो को नियंत्रित करना महंगा, समय लेने वाला और लंबी अवधि मे अप्रभावी हो सकता है। देशी प्रजातियो पर तटस्थ या सकारात्मक प्रभाव डालने वाली गैर-देशी प्रजातियो को खत्म करने के लिए पैसा, समय और प्रयास खर्च करना व्यर्थ है क्योंकि उन सीमित संसाधनो को बेहतर उपयोग मे लाया जा सकता है।कुछ क्षेत्रो और शहरो मे, गैर-देशी प्रजातियाँ सभी प्रजातियो के आधे से अधिक है। कल्पना कीजिए कि इन स्थानो मे सभी गैर-देशी प्रजातियो को नियंत्रित करने के लिए किस पैमाने के प्रयास की आवश्यकता होगी।

**MOULIN COMMERCIAL LIMITED**
**CIN:** L74899DL1982PLC067811
**Regd. Off.:** 1, Anand Gram, Aya Nagar, Mehrauli, Gurgaon Road, New Delhi-110047
**E-Mail:** info@vinylgroup.com **Telephone No.:** 91-124-4301035 **Website:** www.moulin.co.in

Notice is hereby given that the Extra Ordinary General meeting ("EGM") of the members of **MOULIN COMMERCIAL LIMITED** ("the Company") will be held on **Monday, 20th Day of March, 2023** at 3:00 p.m. (IST) at the Registered Office of the Company at 1, ANAND GRAM, AYA NAGAR, MEHRAULI, GURGAON ROAD, NEW DELHI-110047 to transact the business mentioned in the Notice of said EGM which has been dispatched to the Members on **24th February, 2023.**

The notice of EGM has been sent to those members whose names are entered in the Register of Members as on cut-off date i.e. 20th February, 2023 and the same is also available on the website of the Company at www.moulin.co.in.

Further, Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 the register of members and transfer book will remain closed from **Monday, 13th March, 2023** to **Sunday, 19th March, 2023** (both days inclusive) for the purpose of the EGM.

1. The cut-off date to determine eligibility to cast votes is Monday, 20th February, 2023.
2. Facility for voting through ballot paper shall also be made available at the EGM.
3. Notice of EGM is available on company's website www.moulin.co.in.
4. A person, whose name recorded in the register of members maintained by the depositories as on Monday, 20th February, 2022, shall be entitled to vote.
5. In case you have any queries or issues regarding EGM, kindly contact Mr. Ashish Gupta, Managing Director of the Company at: info@vinylgroup.com, 91-124-4301035.

**BY ORDER OF THE BOARD**
**FOR MOULIN COMMERCIAL LIMITED**
**SD/-**
**ASHISH GUPTA**
**(Managing Director)**
**DIN: 00115090**

**PLACE: NEW DELHI**
**DATE: 24.02.2023**

**परिशिष्ट IV-A**
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **31.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLNOI00360992** के लिए **रु. 32,58,334/- (रुपए बत्तीस लाख अट्ठावन हजार तीन सौ चौंतीस मात्र)** के लिए **21.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.02.2023** से प्रभावी जो **परवेज आलम** और **बुशरा रहमान** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 24,10,000/- (रुपए चौबीस लाख दस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**ईएमडी**) **रु. 2,41,000/- (रुपए दो लाख इकतालीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**फ्लैट नं. यूजी 2, ऊपरी तल मंजिल, फ्रंट साइड मिडल प्लॉट नं.11, विक्रम एन्क्लेव, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
अधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**दिनांक: 22.02.2023**
**स्थान: साहिबाबाद**

**Form No. 3**
**[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
**First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis, Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302015**
**Case No.: OA/506/2021**

**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**
**Exh. No.: 7571**

**ICICI BANK LIMITED**
**V/S**
**SANJEEV KUMAR JAIN**

To,
**(1) SANJEEV KUMAR JAIN,**
D/W/S/O-DHARAM CHAND JAIN PLOT NO. 52/145, FIRST FLOOR, SHIPRA PATH MANSAROVAR, JAIPUR JAIPUR, RAJASTHAN- 302020
**Also At.**
FLAT NO. 1702, 16TH FLOOR, TOWER B, UNIVERSAL AURA SECTOR 82, GURGAON, HARYANA- 122002
**(2) POONAM JAIN** D/O RAJENDRA KUMAR JAIN PLOT NO. 52/145, 1ST FLOOR, SHIPRA PATH MANSAROVAR JAIPUR, RAJASTHAN- 302020
**Also At.**
FLAT NO. 1702, 16TH FLOOR, TOWER B, UNIVERSAL AURA SECTOR 82, GURGAON, HARYANA

**SUMMONS**

WHEREAS, **OA/506/2021** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **02/02/2023.**
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 7102838/-** (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **10/03/2023** at **10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: **09/02/2023.**

**Signature of the Officer Authorised to issue summons.**
**Assistant Registrar**
**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**

# कांग्रेस ने की आदिवासियों व नायकों की उपेक्षा

**● मोदी सरकार जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए 89 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है**



**भाषा।** सतना

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए 89 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने पिछली कांग्रेस नीत सरकारों पर आदिवासी समुदाय और उसके नायकों की उपेक्षा का आरोप भी लगाया। शाह ने मध्य प्रदेश के सतना में शबरी माता जयंती के मौके पर कोल महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा, ऊपर मोदी जी, नीचे शिवराज जी, मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार हर गरीब के जीवन में सुख पहुंचाने के लिए संकल्पित है। मैं कहना चाहूंगा इसी साल चुनाव आने वाले है और चुनाव में फिर भाजपा सरकार बनाना है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि सभी लोग भाजपा की सरकार को चुनेंगे, कमल के बटन को दबा कर मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) को चुनेंगे तो दोनों हाथ उठाइए और बोलिए भारत माता की जय। मालूम हो कि मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और अनुसूचित जनजाति मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनजातीय समुदायों के विकास के लिए 24,000 करोड़ रुपए खर्च करती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह आंकड़ा बढ़कर 89,000 करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में एक बड़े समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने कभी जनजातीय समुदाय के किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाने के बारे में नहीं सोचा था, जबकि मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि शीर्ष पद एक गरीब आदिवासी परिवार की महिला को मिले। द्रौपदी मुर्मू ने पिछले साल 25 जुलाई को भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। वह जनजातीय समुदाय से पहली और देश के शीर्ष पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं। शाह ने शंकर शाह और रघुनाथ शाह को समर्पित एक स्मारक बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कदम का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जनजातीय समुदाय के लोगों के सम्मान में स्मारक का निर्माण कर रही है। कोल जनजाति से जुड़े कोल गढ़ी को 3.5 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा।

कमलनाथ के नेतृत्व वाली राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसने चौहान द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया था। कमलनाथ सरकार दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक मध्य प्रदेश में सत्ता में थी। शाह ने कहा कि मोदी सरकार पांच किलो अनाज मुफ्त देने, तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को घर देने, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज और 10 करोड़ घरों में शौचालय मुहैया कराकर जनजातियों, अनुसूचित जातियों, गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में आदिवासियों को भाजपा को वोट देना चाहिए ताकि उनके लिए विकास के और कार्य पूरे किए जा सकें। सतना मध्य प्रदेश के विंध्य के सात जिलों में से एक है, और भाजपा ने इस क्षेत्र में 2018 के विधानसभा चुनाव में 30 में से 24 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस वक्त सत्ता में आई कांग्रेस को महज छह सीटें मिली थीं और चार जिलों में उसका खाता भी नहीं खुल सका था। भाजपा के लिए चिंता की बात यह है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आप ने इस क्षेत्र में पैठ बना रही है। आप ने सिंगरौली में महापौर का चुनाव जीता और पिछले साल हुए स्थानीय निकाय चुनावों में अच्छा खासा वोट हासिल किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश भाजपा प्रमुख वी डी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## वंशवाद की राजनीति पर तंज कसने से पहले एदियुरप्पा को देखें अमित शाहः कुमारस्वामी

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने जनता दल (सेक्युलर) में वंशवाद की राजनीति पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करने को लेकर शुक्रवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। जद(एस) के वरिष्ठ नेता कुमारस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई में वंशवाद की राजनीति की ओर इंगित किया जहां पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा और उनके पुत्र भाजपा में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर हैं। बेंगलुरु में बृहस्पतिवार को विचार-विमर्श वाले एक सत्र में शाह ने कहा था कि जद (एस) वंशवादी पार्टी है। शाह ने तंज कसा था, आपको उनके परिवार में ऐसा एक व्यक्ति नहीं मिलेगा जो चुनाव नहीं लड़ता हो। सभी चुनाव लड़ना और कर्नाटक का नेतृत्व करना चाहते हैं। मुझे समझ नहीं आता है कि आखिरकार नेतृत्व करता कौन है। शिवमोगा जिले के तीरतहाल्ली में कुमारस्वामी ने पत्रकारों से कहा, हमारे घर और हमारा घर कौन चलाता है इसकी चिंता करने के लिए हमें अमित शाह को सम्मानित करना चाहिए। उन्हें एदियुरप्पा से भी एकबार पूछना चाहिए... संभवत: उनके (एदियुरप्पा) पास उत्तर होगा। कुमारस्वामी ने शाह पर एदियुरप्पा को बगल में रखकर लोगों को उपदेश देने का आरोप लगाया। जद(एस) नेता ने कहा, एदियुरप्पा के दो बेटे हैं और दोनों राजनीति में हैं। ऐसे में उनका परिवार और चला रहा है। कुमारस्वामी ने शाह के उस बयान पर भी आपत्ति जताई कि जद(एस) को पड़ने वाला हर वोट कांग्रेस के खाते में जाएगा। राज्य में विधानसभा चुनाव मई में होने हैं।

## माओवादी बताकर वसूली करने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार

**झारग्राम (प.बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम जिले में माओवादी बताकर लोगों से कथित तौर पर वसूली करने के लिए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक कारोबारी ने शिकायत दर्ज कराई कि माओवादियों ने उसे धमकी दी और मोटी रकम देने को कहा। पहले इस मामले के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनसे पूछताछ करने के बाद बेलपहाड़ी इलाके से सात और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों पर अपने आप को माओवादी बताकर लोगों से वसूली करने का एक गिरोह चलाने का आरोप है। इन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां सात लोगों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया, बाकी दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 386 (वसूली) और 34 (साझा मंशा को आगे बढ़ाने में कई लोगों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

# भिंडरावाले 2.0 : पंजाब में काफी सक्रिय है खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह

**अमृतसर।** अमृतपाल सिंह केवल खालिस्तान समर्थक है या वह असल में भिंडरावाले 2.0 है? सफेद चोला और गहरे नीले रंग की पगड़ी पहने तथा अक्सर हथियारबंद समर्थकों के साथ घिरे रहने वाला कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल कुछ समय से पंजाब में काफी सक्रिय है। अमृतसर शहर के बाहरी इलाके में अजनाला में सैकड़ों हथियारबंद लोगों द्वारा एक थाने में घुसने की घटना के केंद्र में रहा 29 वर्षीय अमृतपाल वह नाम है जिसने केंद्र और राज्य, दोनों सरकार को निशाने पर लिया है। उसने सत्ता प्रतिष्ठान को झुकने और एक प्रमुख सहयोगी को रिहा करने के लिए मजबूर किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी दी। बृहस्पतिवार को अमृतपाल के कुछ समर्थकों ने हथियार लहराए, अवरोधक तोड़ दिए तथा अजनाला में एक थाने पर धावा बोल दिया, जहां अपहरण के एक मामले में आरोपी लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान को रिहा करने की मांग की गई। अधिकारियों के मुताबिक, झड़प के दौरान कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। रूपनगर जिले के चमकौर साहिब निवासी बरिंदर सिंह को कथित रूप से अगवा करने और पिटाई करने के आरोप में अमृतपाल सिंह और उसके 30 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। दुबई में रह चुके अमृतपाल सिंह को हाल में अभिनेता और कार्यकर्ता दीप सिद्धू द्वारा स्थापित संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख नियुक्त किया गया था। सिद्धू की पिछले साल फरवरी में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। यह कार्यक्रम मारे गए आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाले के पैतृक गांव मोगा जिले के रोड में आयोजित किया गया था। इससे पहले अमृतपाल सिंह अपने परिवार के ट्रांसपोर्ट के कारोबार में काम करता था। सिंह को उस संगठन का प्रमुख बनाया गया जिसे सिद्धू ने पंजाब के अधिकारों की रक्षा करने और सामाजिक मुद्दों को उठाने के नाम पर बनाया था। भिंडरावाले का अनुयाई होने का दावा करने वाले अमृतपाल सिंह ने पिछले कुछ हफ्तों के दौरान कुछ विवादित भाषण दिए हैं। अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला सिंह मारे गए आतंकी भिंडरावाले की तरह हथियारबंद लोगों के साथ घूमता है। अमृतपाल के कुछ समर्थक उसे भिंडरावाले 2.0 कहते हैं। उसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को हाल में कथित तौर पर धमकी दी थी, जिसमें कहा गया था कि उनका हश्र पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसा होगा। इस महीने की शुरुआत में, सिंह ने अपने पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में एक सादे समारोह में ब्रिटेन में रहने वाली अनिवासी भारतीय (एनआरआई) किरणदीप कौर से शादी की।

# उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार के विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) छोड़ने और एक नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल (आरएलजेडी) बनाने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

कुशवाहा ने बिहार विधानमंडल का पांच सप्ताह चलने वाला बजट सत्र शुरू होने से कुछ दिन पहले विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने के बाद कुशवाहा ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष किया। कुशवाहा ने ट्वीट किया, मुख्यमंत्री जी, ‘त्वदीयं वस्तु तुभ्यमेव समर्पए (इसका अर्थ है तुम्हारी दी गई चीज तुम्हें ही समर्पित कर रहा हूं)। आज मैंने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा सौंप दिया। मन अब हल्का है। चक्रव्यूह से बाहर आ जाने की सुखद अनुभूति हो रही है। याचना का परित्याग कर रण के रास्ते पर निकल पड़ा हूं। कुशवाहा के जद(यू) छोड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके साहस के लिए उनकी प्रशंसा की है। कुशवाहा 2021 में अपनी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का विलय करके जद (यू) में लौट आए थे और उन्हें पार्टी के संसदीय बोर्ड का प्रमुख बनाया गया था। जल्द ही, वह विधान परिषद के लिए मनोनीत कर दिए गए थे। कुशवाहा के इस्तीफे के फैसले की रविशंकर प्रसाद और संजय जायसवाल जैसे भाजपा के नेताओं ने प्रशंसा की है, जिनका मानना है कि परिषद का मनोनीत सदस्य होने के नाते जद (यू) छोड़ने के बाद भी उन्हें अयोग्यता का सामना नहीं करना पड़ सकता था।

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु साइकिल सवार महिला रिकॉर्ड

**कन्याकुमारी (तमिलनाडु)।** भारत की पहली महिला एकल साइकिल चालक प्रीति मस्के शुक्रवार को 12 राज्यों में लगभग 3,676 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में तय कर कन्याकुमारी के तट पर पहुंची। अंगदान के नेक कार्य के लिए जागरूकता के प्रसार के लिए यह यात्रा पूरी करने के बाद मस्के ने कहा कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से गुजरी यह यात्रा कठिन ही नही, बेहद चुनौतीपूर्ण थी। करीब 6.25 बजे स्वामी विवेकानंद और तिरुवल्लुवर के जुड़वां स्मारकों पर पहुंची। उनके क्रू चीफ आनंद कंसल बताया, प्रीति मस्के श्रीनगर से कन्याकुमारी तक लगभग 11 दिनों में 3,676 किलोमीटर की दूरी तय करके एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास कर रही हैं। वह दिन में लगभग 19-20 घंटे लगातार साइकिल चलाती है। वह कम से कम विश्राम करती है और एक दिन में तीन घंटे से अधिक की नीद नही लेती। कंसल ने बताया कि पुणे की 46 वर्षीय प्रीति ने 12 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लाल चौक के क्लॉक टॉवर से यात्रा शुरू की। इस सबसे तेज महिला साइकिल चालक ने 12 राज्यों - जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उप्र, मप्र, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु को पार करने में 11 दिन, 22 घंटे और 21 मिनट का समय लिया।

### 1,275 स्टेशन पर रंगीन, दिव्यांगजन अनुकूल संकेतक लगाएगा

**नई दिल्ली।** रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण के लिए अधिसूचित 1,200 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर भी मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन पर लगे रंगीन और दिव्यांग अनुकूल संकेतकों को लगाने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला प्रयास है जिससे न केवल स्टेशनों का कायाकल्प होगा बल्कि उसके डिजाइन में एकरूपता भी आएगी। मध्य रेलवे ने सीएसएमटी को अंतरराष्ट्रीय रूप देने तथा इस विश्व धरोहर स्थल स्टेशन को अलग स्वरूप प्रदान करने के लिए नए संकेतक बोर्ड और पहचानसूचक बोर्ड लगाने का फैसला किया है। विविध रंगों और बड़े-बड़े अक्षरों वाले ए बोर्ड दूर से भी देखे जा सकते हैं। स्टेशन पर दृष्टिबाधित लोगों की विभिन्न सुविधाओं की सूचना तथा स्थान का पता लगाने में मदद करने के लिए विभिन्न स्थानों पर ब्रेल लिपि में संकेतक भी लगाए गए है।

### नाबालिग बेटी के उत्पीड़न को लेकर व्यक्ति को 10 वर्ष की सजा

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने एक व्यक्ति को उसकी नाबालिग बेटी के यौन उत्पीड़न के लिए 10 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने साथ ही यह भी कहा कि अपरिपक्व आयु की लड़कियों के साथ यौन गतिविधियों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है तथा किसी भरोसे वाले व्यक्ति द्वारा ऐसा अपराध करने से बच्चे का जीवन को सकारात्मक रूप से देखने की धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 509 तथा यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश सीमा जाधव के 23 फरवरी के आदेश का विवरण शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, व्यक्ति 2013 और 2017 के बीच लड़की का तब यौन उत्पीड़न करता था, जब उसकी मां काम के लिए बाहर जाती थी।

### पंचभूत लोकोत्सव 20 से

**मुंबई।** कोल्हापुर के कनेरी मठ में 20 से 26 फरवरी तक मनाए जाने वाले पंचभूत लोकोत्सव में राज्य और केंद्र सरकारों के मंत्री, 25 राज्यों के श्रद्धालु, 50 देशों के प्रतिनिधि, हजारों साधु-संत और पांच लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। यह कडसिद्धेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में मनाया जाता है। त्योहार जागरूकता के लिए किए गए विभिन्न पर्यावरण अनुकूल कार्यक्रमों को देखेंगे। मेले में प्रतिदिन पांच से सात लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। यह महोत्सव 50 देशों की भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय दर्जा प्रदान करेगा। इसके अलावा, 4000 डॉक्टरों की अपेक्षित भागीदारी के साथ आयुर्वेदिक डॉक्टरों का 3 दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. अप्पासाहेब धर्माधिकारी सहित देश भर के संत 23 फरवरी को प्रवचन देंगे। उत्सव के दौरान सात दिनों तक देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संतोष पाटिल, ट्रस्टी, श्री क्षेत्र सिद्धगिरि कनेरी मठ ने कहा कि 28 राज्यों और 50 देशों के कृषि, विज्ञान, पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों के भक्त और विशेषज्ञ सात दिनों तक उत्सव में भाग ले रहे हैं। 4000 से अधिक वैद्य, 10,00 से अधिक संत इसमें भाग ले रहे हैं।

### एनजीटी ने अलकनंदा प्रदूषण के लिए समिति गठित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने गंगा की दो ऊपरी धाराओ मे से एक अलकनंदा नदी के बिना शोधित अपशिष्ट और ठोस कचरे की वजह से प्रदूषित होने का दावा करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट बनाने के एक समिति गठित की है। याचिका मे दावा किया गया है कि बद्रीनाथ मे जल मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के ठीक से काम नही करने की वजह से बिना शोधन वाले सीवेज को नदी मे बहाया जा रहा है, जिसकी वजह से प्रदूषण हो रहा है। बद्रीनाथ धाम पर धार्मिक अनुष्ठानो के दौरान अर्पित सामग्री सहित ठोस कचरा भी बिना वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करित किए सीधे नदी मे बहाया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश में ट्रक ने दो खड़ी बसों को टक्कर मारी, छह की मौत दो घायल

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** में रीवा और सतना जिलों की सीमा पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी दो बसों को टक्कर मार दी जिससे छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजोरा ने बताया कि घायलों को रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हादसे में हताहत हुए लोग सतना शहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संबोधित कोल महाकुंभ सभा में भाग लेने के बाद बसों से लौट रहे थे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित सीधी और रीवा जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और दोनों बसों के सभी यात्रियों को निकाल लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी सतना से घटनास्थल पर पहुंचे।

## जमानत संबंधी निचली अदालत से स्पष्टीकरण मांगने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी जिसमें निचली अदालत के न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगा गया था कि एक आरोपी को जमानत क्यों दी गई। ऐसे आदेश जिला न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी और एक आपराधिक मामले में आरोपी तोताराम को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह जमानत देने के लिए एक उपयुक्त मामला है क्योंकि कथित अपराधों में अधिकतम सजा के रूप में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान नहीं है और इसके अलावा, अन्य आरोपियों को पहले भी ऐसी ही राहत दी जा चुकी है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, प्रथम दृष्टया, उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित जिला अदालत के न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगने का कोई औचित्य नहीं था। इस तरह के आदेश जमानत आवेदनों पर विचार करने में जिला न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं।

## पठान के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था : आशा पारेख

**मुंबई।** सेंसर बोर्ड की पूर्व प्रमुख और दिग्गज सिने अभिनेत्री आशा पारेख ने शुक्रवार को कहा कि पठान फिल्म के रिलीज होने से पहले उसे लेकर जो कुछ हुआ वह गलत था। फिल्म के एक गाने बेशरम रंग में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की ड्रेस पहनी थी, जिसकी वजह से कुछ संगठनों की ओर से फिल्म को चुनौती का सामना करना पड़ा था। एबीपी आईडियाज ऑफ इंडिया 2023 समिट में 80 वर्षीय अभिनेत्री से पठान विवाद पर प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया गया था। इसे एक विवादित प्रश्न करार देते हुए पारेख ने कहा, पहली बात यह कि जब विवाद पैदा हुआ उस वक्त पठान पर सेंसर नहीं लगा था और यह गाना यूट्यूब पर आ चुका था। उन्होंने कहा अगर आप सब (विरोध करने वाले) अपनी ओर से सेंसरशिप कर रहे हैं तो बोर्ड की क्या जरूरत है।



बीरभूमि में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महर्षि देवेन्द्र नाथ टैगोर के पूजा स्थल छटीमतला में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# चाईबासा में नक्सलियों के आइईडी विस्फोट में महिला घायल

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा जिले में शुक्रवार को देशी बम (आईईडी) विस्फोट एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने कहा कि संदेह है कि यह विस्फोट माओवादियों ने किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो इलाके में जब 55 वर्षीया जेमा बहान्दा जलावन की लकड़ियां चुनने रांकूबुरु जंगल गई तब यह घटना घटी। उसे चाईबासा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, माओवादी सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाने के लिए देशी बमों का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। बेतहाशा में वे अब निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बना रहे है। जिले में पिछले एक महीने से चल रहा नक्सली विरोधी अभियान अबतक प्रभावी रहा है। सौ से अधिक देशी बमों का पता चला है एवं कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है या फिर उन्होंने आत्मसमर्पण किया है। तीन दिन पहले गोइलकेरा के मेरालगादा में एक देशी बम विस्फोट में 23 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी पोस्ट डालने वाला शिक्षक निलंबित

**बनिहाल/जम्मू।** सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाला पोस्ट डालने पर सरकारी स्कूल के एक शिक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए चन्द्रकोट के स्कूली शिक्षक जोगिन्दर सिंह सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में फेसबुक पर चार पेज चला रहे थे। सिंह इन पन्नों पर सरकार की नीतियों की आलोचना कर रहे थे और सरकार-विरोधी पोस्ट डालते थे। जिला मजिस्ट्रेट ने सिंह को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ जांच का आदेश दिया है।

## शीजान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई 27 फरवरी तक स्थगित

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में पालघर जिले की एक अदालत ने तुनिषा शर्मा आत्महत्या मामले में गिरफ्तार टेलीविजन अभिनेता शीजान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई 27 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी है। अधिवक्ता संजय मोरे ने कहा कि उन्हें विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्हें अभी मामले के कागजात मिले हैं, इसलिए उन्हें और समय चाहिए। इसके बाद वसई के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एम देशपांडे ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। खान के वकील शरद राय ने कहा कि जमानत अर्जी में उल्लेख किया गया है कि चूंकि आरोप पत्र (16 फरवरी को) दायर किया जा चुका है और जांच पूरी हो चुकी है, इसलिए अभिनेता को रिहा किया जा सकता है। शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार खान अब न्यायिक हिरासत में हैं।

## महाराष्ट्र के कसबा, चिंचवड विस सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार समाप्त, मुख्यमंत्री ने किया रोड शो

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले की कसबा और चिंचवड विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान शुक्रवार शाम छह बजे समाप्त हो गया और अब 26 फरवरी को मतदान होगा। कसबा और चिंचवड विधानसभा सीट पर उप चुनाव भाजपा के विधायक मुक्ता तिलक और लक्ष्मण जगताप के निधन की वजह से आवश्यक हो गया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कसबा से गठबंधन प्रत्याशी हेमंत रासने के पक्ष में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राज्य सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल और अन्य नेताओं के साथ रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने रासने की जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ रहा है। चुनाव प्रचार को सांप्रदायिक रंग देने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की रैली में कांग्रेस पार्षद ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## एसटी आयोग ने सम्मन के बावजूद पेश नही होने पर चन्द्रपुर जिलाधिकारी के खिलाफ वारंट जारी किया

**नागपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने सम्मन जारी किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं होने पर पूर्वी महाराष्ट्र में स्थित चन्द्रपुर के डीएम के खिलाफ वारंट जारी किया है। डीएम 6 फरवरी को किन्हीं अपरिहार्य कारणों से आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके, वह अब आयोग के समक्ष उपस्थिति होकर उसे तथ्यों से अवगत कराएंगे। एनसीएसटी ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को 21 फरवरी को लिखे पत्र में कहा है कि कलेक्टर को एक फरवरी को सम्मन जारी किया गया था लेकिन वह आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। डीएम को जिस मामले में उपस्थित होने को कहा गया था वह विनोद खोबरागड़े द्वारा राजुरा तहसील के कुसुम्बी गांव में आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत से जुड़ा है।

## विमानों को आपातकालीन स्थिति में उतारने, उड़ानों में देरी की जांच के लिए आयोग गठित करें : भाकपा सांसद

**नई दिल्ली।** भाकपा सांसद बिनॉय विश्वम ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आग्रह किया है कि हाल के दिनों में उड़ान भरने में देरी और आपातकालीन स्थिति में विमान उतरने के मामले में चिंताजनक वृद्धि की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया जाए। केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में, राज्यसभा सदस्य ने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों के कारण सैकड़ों विमानों के समय पर उड़ान भरने में विफल रहने के मद्देनजर कई खबरें आई हैं। पत्र में कहा, मैं पिछले छह महीनों में उड़ान भरने में देरी और आपातकालीन स्थिति में विमान उतरने के मामले में चिंताजनक वृद्धि पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं, जो यात्रा जरूरतों और यात्रियों की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंता पैदा करता है। एयर इंडिया की कालीकट-दम्माम उड़ान के त्रिवेंद्रम में आपात स्थिति में उतरने के समय उसमें 176 यात्री सवार थे।

# महाराष्ट्र : उद्धव से मिले आप नेता केजरीवाल और मान

**भाषा।** मुंबई,

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से यहां बांद्रा स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। केजरीवाल जब मातोश्री गए तो उस समय उनके साथ उनकी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा भी थे। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि ठाकरे भविष्य के सभी चुनाव जीतेंगे। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन के सवाल पर केजरीवाल ने कहा, चुनावों की घोषणा होने पर आपको पता चल जाएगा। इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि क्योंकि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता वाले गुट को शिवसेना नाम और धनुष-बाण चिन्ह आवंटित किया था। पिछले साल जून में शिंदे के विद्रोह ने शिवसेना को विभाजित कर दिया था और ठाकरे की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिरा दिया था। शिंदे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद से मुख्यमंत्री बने थे। आप ने कहा है कि वह बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव लड़ेगी, जो पिछले साल की शुरुआत से लंबित हैं। अविभाजित शिवसेना ने कई वर्षों तक देश की सबसे अमीर महानगरपालिका का नेतृत्व किया है, जबकि आप ने हाल में दिल्ली नगर निगम पर नियंत्रण प्राप्त किया है। ठाकरे और केजरीवाल दोनों ही भाजपा के कटु आलोचक हैं।

# कमिंस नहीं खेलेंगे, स्मिथ करेंगे टीम का नेतृत्व

## पारिवारिक आपात स्थिति की वजह से स्वदेश लौटे

भाषा। नई दिल्ली

**आस्ट्रेलियाई क**प्तान पैट कमिंस ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से हटने का फैसला किया है जिससे उप कप्तान स्टीव स्मिथ एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले मुकाबले में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी संभालेंगे।
आस्ट्रेलिया को पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में तीन दिन में छह विकेट से हार मिली थी जिसके बाद कमिंस स्वदेश लौट गए थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, पारिवारिक आपात स्थिति के कारण पैट कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया लौट गए थे और यह तेज गेंदबाज अगले हफ्ते तीसरे मैच के दौरान अपने घर पर ही रहेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान की मां बीमार हैं और पैलिएटिव केयर (प्रशामक उपचार) में हैं। उम्मीद है कि कमिंस तीसरे टेस्ट से पहले वापस आकर टीम से जुड़ जाएंगे लेकिन ऐसी भी संभावना हो सकती है कि वह चौथे टेस्ट में नहीं खेलें। कमिंस के टिम पेन से कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 2021 में स्मिथ को उप कप्तान बनाया था और तब से वह टेस्ट में तीसरी दफा आस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। दूसरे टेस्ट के बाद स्मिथ अपनी पत्नी के साथ दुबई गए थे और गुरूवार की शाम दिल्ली में आस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े थे। वहीं आल राउंडर कैमरन ग्रीन तीसरा टेस्ट खेलने के लिए फिट हैं और उनके होल्कर स्टेडियम में तीसरे टेस्ट में खेलने की संभावना है। ग्रीन की ऊंगली में फ्रेक्चर था जिससे आस्ट्रेलियाई टीम का संयोजन पहले दो टेस्ट मैचों में बिगड़ गया था। ग्रीन की वापसी से आस्ट्रेलिया को दूसरा सीम गेंदबाजी विकल्प मिल जाएगा। कमिंस दिल्ली में एकमात्र तेज गेंदबाज थे।
ग्रीन ने शुक्रवार को दिल्ली में पत्रकारों से कहा, जब आप आल राउंडर के तौर पर टीम में शामिल होगे तो इससे आप शायद टीम के संतुलन में थोड़ी मदद कर सकते हो। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में चयनकर्ता कैसा चयन करते हैं। सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के भी उपलब्ध होने की उम्मीद है और वह अंतिम एकादश में कमिंस की जगह ले सकते हैं।



### कमिंस को लंबे समय तक कप्तान नहीं देखना चाहते हैं हीली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली नहीं चाहते कि पैट कमिंस लंबे समय तक कप्तानी का बोझ उठाते रहें क्योंकि उनका मानना है कि इस अत्यधिक दबाव वाली भूमिका से उनके खेल पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। हीली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज अपनी गेंदबाजी पर ध्यान केंद्रित करें और एक तेज गेंदबाज के तौर पर ही अपने करियर का अंत करे। कमिंस नवंबर 2021 से ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान हैं और पिछले साल से वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे हैं। यही नहीं वह टी20 टीम की कप्तानी हासिल करने की दौड़ में भी सबसे आगे हैं। हीली ने सेन रेडियो से कहा, मैं नहीं चाहता कि वह लंबे समय तक कप्तानी का बोझ उठाए रखे। मैं चाहता हूं कि वह एक तेज गेंदबाज के रूप में अपने करियर का अंत करे।

# नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही नियम तोड़ रहा : एमसीसी

भाषा। लंदन

## गेंदबाज विलेन नहीं

**मेरिलबोन क्रिकेट** क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज पर आगे खड़े बल्लेबाज को रन आउट करने के लिए विलेन नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही। डब्ल्यूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर संयम बनाए रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) नियम बना चुका है कि इसे रन आउट माना जाएगा। खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा के बिग बैश लीग मैच में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े टॉम रोजर्स को रन आउट करने का प्रयास की घटना के बाद नियम के शब्दों पर स्पष्टीकरण जारी किया था।

## हॉकी इंडिया की योजना अंडर-17, अंडर-19 स्तर क्षेत्रीय टूर्नामेंट शुरू कराने की

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि जमीनी स्तर पर खेल के विकास की मुहिम में हॉकी इंडिया देश भर में सब-जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) वर्गों में क्षेत्रीय स्तर के टूर्नामेंट शुरू करने की योजना बना रहा है। देश के लिए 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की महत्ता दोहराते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर एक क्षेत्रीय प्रणाली के शुरू किए जाने की जरूरत है ताकि उभरते हुए खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने को मिलें। पूर्व भारतीय कप्तान टिर्की ने हॉकी इंडिया की पोडकास्ट सीरीज हॉकी पे चर्चा में कहा, किसी भी खेल के विकास के लिए उन्हें जमीनीं स्तर पर विकसित करना अहम है। मजबूत नींव से अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं और मजबूत सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय टीमें बनती हैं।

## सफेद गेंद की क्रिकेट पर ध्यान, भारत ए के शैडो टूर बहाल हो सकते हैं वनडे विश्व कप के बाद

भाषा। नई दिल्ली

**अभी ध्यान** घरेलू धरती पर होने वाले 2023 वनडे विश्व कप पर लगा है तो भारत ए टीम के साथ होने वाले शैडो टूर को साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक इंतजार करना होगा। यह शैडो टूर का विचार राहुल द्रविड़ के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख बनने के बाद शुरू हुआ। शैडो टूर वो होते हैं जिसमें भारत ए की टीम उसी देश का दौरा करती है जिसमें सीनियर टेस्ट टीम को बाद में दौरा करना होता है। पिछले साल दिसंबर में भारत ए टीम ने बांग्लादेश का दौरा किया था जिसके बाद टेस्ट टीम को दो मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इस साल डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा विश्व कप तक ध्यान वनडे पर होगा। इसलिए लाल गेंद के मैचों के लिए ए टीम के दौरे नवंबर के बाद ही हो सकते हैं। दिसंबर-जनवरी में भारत अगले डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट दौरा करेगा। पूरी संभावना है कि भारत ए का शैडो टूर इससे पहले बहाल हो जाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के बाद और वनडे विश्व कप से पहले भारतीय टीम केवल तीन टेस्ट मैच खेलेगी जिसमें ओवल में एक संभावित डब्ल्यूटीसी फाइनल और जुलाई-अगस्त में अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए वेस्टइंडीज में दो टेस्ट शामिल हैं।

### चीमा इंडियन ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**गुरुग्राम।** अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां दूसरे दौर मे एक अंडर 71 का स्कोर बनाया जिससे वह हीरो इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे भारतीय खिलाड़ियो मे सर्वश्रेष्ठ और कुल संयुक्त दूसरे स्थान पर है। जर्मनी के यानिक पॉल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होने दूसरे दौर मे तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह पांच शॉट की बढ़त पर है।

### हाईकोर्ट ने दो युवा कबड्डी खिलाड़ियों को अनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन दो युवा कबड्डी खिलाड़ियों को ईरान मे होने वाली जूनियर विश्व कबड्डी चैम्पियनशिप (लड़को) मे भाग लेने की अनुमति दी जिन्हे अधिकारियो ने मामूली चोटों के कारण बाहर कर दिया था। अब अदालत के फैसले से उन्हें टूर्नामेंट मे भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल गया है।

### सिरीकिट कप : अवनी ने खिताब जीता, भारत दूसरे स्थान पर रहा

**मनीला (फिलीपींस)।** अवनी प्रशांत शुक्रवार को क्वीन सिरीकिट कप मे जीत हासिल करने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी जिससे उन्होने भारतीय टीम को भी टूर्नामेंट के 43 साल के इतिहास मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मे मदद की। पहले तीन दिन 68, 66 और 70 के कार्ड खेलने वाली अवनी का कुल स्कोर 16 अंडर का रहा जिससे वह न्यूजीलैंड की फियोना जु से 10 स्ट्रोक्स आगे रही जिन्होने छह अंडर का कुल स्कोर बनाया।

### चित्रावेल, एल्ड्रिन और तूर हिस्सा लेंगे इंडियन ओपन में

**विजयनगर।** प्रवीण चित्रावेल, जेस्विन एल्ड्रिन और तेजिंदरपाल सिंह तूर एक मार्च से यहां शुरू होने वाले इंडियन ओपन - थ्रो और कूद स्पर्धा के दूसरे चरण मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। घरेलू एथलेटिक्स सत्र अभी आरंभ ही हुआ है तो इंडियन ओपन पहली बड़ी प्रतियोगिता होगी जिसमे एशियाई और ओलंपिक खेलो के संभावित खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ खुद की काबिलियत का प्रदर्शन करना चाहेंगे।

### अखिल भारतीय अंतर साइ ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे प्रशिक्षु

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 21 केंद्रो के कुल 265 ताइक्वांडो खिलाड़ी शुक्रवार से यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर मे शुरू हो रही अखिल भारतीय अंतर साइ ताइक्वांडो चैम्पियनशिप मे हिस्सा लेंगे। ए खिलाड़ी लखनऊ, बेंगलुरू, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम मे स्थित साइ के चार राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र तथा साइ के 17 प्रशिक्षु केंद्र का हिस्सा है।

### जिला यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 27 फरवरी को लखनऊ जिला यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चैंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों का जन्म साल 2006 से 2007 के मध्य होना चाहिए। इच्छुक एथलीटों को चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अपने आधार कार्ड के साथ चैंपियनशिप के दिन सुबह 7 बजे संपर्क करना होगा।

# भारत की महिला टीम के लगातार नॉकआउट में बाहर होने से उठे सवाल

## फिर से वही कहानी

भाषा। नई दिल्ली



**तरीका अलग** हो सकता है लेकिन कहानी वही है। लंदन, मेलबर्न, बर्मिंघम और अब केपटाउन में वही कहानी दोहराई गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ट्रॉफी तक पहुंचने से पहले ही नॉकआउट में बाहर हो गई। दक्षिण अफ्रीका में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों जीत की स्थिति में होने के बावजूद पांच रन की हार ने भारतीय महिला टीम को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वनडे विश्वकप 2017 के फाइनल में पहुंचने से भारत ने महिला क्रिकेट में क्रांति ला दी थी। उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब इससे एक कदम आगे बढ़ेगी और ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत को चुनौती देगी, लेकिन छह साल बाद भी कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारत गुरुवार को केपटाउन में जीत की दहलीज पर पहुंच गया था लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर के रन आउट होने से पूरी कहानी बदल गई और टीम को ऐसी हार मिली जिसे खिलाड़ी वर्षों तक नहीं भुला पाएंगे। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जबकि भारत नॉकआउट में बाहर हो गया हो। वनडे विश्व कप 2017 में वह फाइनल में इंग्लैंड से हार गया था। इसके बाद 2018 में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में फिर से इंग्लैंड उसके सामने रोड़ा बना था। भारतीय टीम पिछले टी-20 विश्व कप के मेलबर्न में खेले गए फाइनल और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक मैच में भी हार गई थी। इन दोनों अवसरों पर उसे आस्ट्रेलिया ने पराजित किया। वर्तमान विश्वकप के लीग चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन असंगत रहा था लेकिन सेमीफाइनल में वह जीत की स्थिति में थी। लचर क्षेत्ररक्षण और औसत गेंदबाजी के बावजूद हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स की बल्लेबाजी से भारत जीत की स्थिति में था। ऐसे में सवाल उठता है कि भारतीय टीम इस तरह के दबाव वाले मैचों में अनुकूल परिणाम क्यों हासिल नहीं करती। क्या यह टीम के चयन से जुड़ा कोई मुद्दा है या फिटनेस जिसके कारण क्षेत्ररक्षण बेहद खराब रहा। या फिर टीम की रणनीति या कुछ और। गुरुवार को भारत का क्षेत्ररक्षण बेहद खराब रहा और क्षेत्ररक्षण कोच शुभादीप घोष को कई सवालों के जवाब देने होंगे।

# इस हार से उबरने में न जाने कितने दिन और लगेंगे : हरमनप्रीत



भाषा। केपटाउन

**आस्ट्रेलिया से** बीती रात आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मनोबल तोड़ने वाली शिकस्त से निराश भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नहीं जानती कि वह जीत के करीब पहुंचकर हार की ग्लानि से कब उबर पाएंगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान दूसरा रन पूरा करने की कोशिश में हरमनप्रीत रन आउट हो गईं। उनका बल्ला अटक गया था और उनका असमय आउट होना खेल का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ जिससे टीम महज पांच रन से हार गई। हरमनप्रीत बुखार और डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी होना) के बावजूद इस नॉकआउट मैच में खेलने उतरीं और उन्होंने 34 गेंद में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, खुद पर काबू कर पाना बहुत मुश्किल है। नहीं जानती। लेकिन मैं अब भी हैंगओवर में हूं। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वह अपने आंसुओं को छुपाने के लिए काला चश्मा लगाए थीं। इस भारतीय टीम को कई मैचों में करीबी हार का सामना करना पड़ा है, टीम 2017 में इंग्लैंड से वनडे विश्व कप फाइनल गंवा बैठी थी और 2022 में बर्मिंघम में आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी उन्हें करीबी हार मिली थी।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में

## इंग्लैंड पर रोमांचक जीत

## मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से

भाषा। केपटाउन



**सलामी बल्लेबाज** लौरा वूलफार्ट और ताजमिन ब्रिट्ज के अर्धशतकों के बाद अयाबोंगा खाका और शबनीम इस्माइल की धारदार गेंदबाजी की मदद से मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां एक रोमांचक मुकाबले में खिताब के प्रबल दावेदार इंग्लैंड को छह रन से हराकर पहली बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जिसने गुरुवार को पहले सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से पराजित किया था। वूलफार्ट ने 44 गेंदों पर 53 रन बनाए जबकि ब्रिट्ज ने 55 गेंदों पर 68 रन की आकर्षक पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की जिससे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 164 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम आठ विकेट पर 158 रन ही बना पाई। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खाका ने 29 रन देकर चार और इस्माइल ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। डैनी वायट (30 गेंदों पर 34 रन) और सोफिया डंकले (16 गेंदों पर 28 रन) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़कर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका की मुख्य गेंदबाज इस्माइल ने डंकले को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी और इसके एक गेंद बाद युवा बल्लेबाज एलिस कैप्सी (00) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। वायट की पारी का अंत अयाबोंगा खाका ने किया। उन्होंने अपनी पारी में डंकले के समान छह चौके लगाए। इन तीनों बल्लेबाजों के कैच ब्रिट्ज ने लिए। नैट साइवर ब्रंट (34 गेंद पर 40 रन, पांच चौके) और कप्तान हीथर नाइट (25 गेंद पर 31 रन, दो छक्के) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड पर हालांकि दबाव बढ़ता गया और बीच में उसने आठ रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए जिससे वह बैकफुट पर चला गया। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी और नाइट क्रीज पर थी। इस्माइल ने हालांकि बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने तीसरी गेंद पर नाइट को बोल्ड करके इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस ओवर में केवल छह रन दिए। इससे पहले वूलफार्ट ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। एक्लेस्टोन ने वूलफार्ट को चार्लोट डीन के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उनकी साथी सलामी बल्लेबाज ब्रिट्ज ने अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उनका लेग स्पिनर सराह ग्लेन पर लगाया गया छक्का आकर्षक था।

### भारतीय टीम जल्द ही महिला क्रिकेट पर दबदबा बनाएगी: जेमिमा

**केपटाउन।** जेमिमा रोड्रिग्स महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार से काफी निराश हैं लेकिन शीर्ष क्रम की यह बल्लेबाज सकारात्मक चीजों पर ध्यान देना चाहती हैं और उन्हें लगता है कि उनकी टीम निकट भविष्य में खेल में दबदबा बनाएगी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय महिला टीम ने काफी तेजी से प्रगति की है लेकिन कोई बड़ी ट्राफी नहीं जीत पाई है। उन्हें 2017 में वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड से हार मिली, 2020 टी20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से पराजय झेलनी पड़ी और बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी आस्ट्रेलियाई टीम विजई रही।

# अंकित गुलिया कांस्य पदक की दौड़ में

## रैंकिंग सीरीज कुश्ती : साजन भानवाला बाहर

भाषा। एलेक्जेंड्रिया



**अंकित गुलिया** रेपेचेज राउंड जीतने के बाद यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए हैं लेकिन साजन भानवाला समेत भारत के अन्य ग्रीको रोमन पहलवानों ने शुक्रवार को यहां निराशाजनक प्रदर्शन किया। गुलिया ने 72 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले में किर्गिस्तान के नूरझीगिट केनेशबेक उलु के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। भारत की तरफ से पदक के दावेदार साजन भानवाला 77 किग्रा भार वर्ग में हालांकि निराशाजनक तरीके से बाहर हो गए। उन्हें पहले दौर में तुर्की के यूनुस एमरे बसर से तकनीकी श्रेष्ठता से हार का सामना करना पड़ा। आशु 67 किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक के प्लेऑफ में किर्गिस्तान के रज्जाक बेउशेकीव से हार गए, जबकि रोहित दहिया 82 किग्रा वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर से आगे नहीं बढ़ सके। उन्हें स्वीडन के क्रिस्टोफर जकारियास बर्ग ने हराया। सुनील कुमार 87 किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक के प्लेऑफ में स्वीडन के एलेक्स केसिडिस से हार गए, जबकि नरेंद्र चीमा को 97 किग्रा भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के मार्कस रैगिंगर से हार का सामना करना पड़ा। नवीन 130 किग्रा वर्ग में चीन के लिंगझे मेंग से हार गए। महिलाओं के वर्ग में सीतो (57 किग्रा) को बुल्गारिया की इवेलिना जॉर्जीवा निकोलोवा से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सुमित्रा (62 किग्रा) बुल्गारिया की मिमी हिस्ट्रोवा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं।

# ब्रुक और रूट के शतक, इंग्लैंड अच्छी स्थिति में



भाषा। वेलिंगटन

**इंग्लैंड ने** हैरी ब्रुक (184 रन) और जो रूट (101 रन) के शतक और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 294 रन की नाबाद साझेदारी से शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 315 रन बना लिए। इंग्लैंड ने टॉस गंवा दिया था, उसने तीन विकेट भी जल्दी खो दिए थे और दिन का खेल भी केवल 65 ओवर बाद खत्म करना पड़ा। लेकिन इन सबके बावजूद इंग्लैंड ने मैच में और श्रृंखला में नियंत्रण बना लिया है। ब्रुक ने अभी तक टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बना लिया है, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ 153 रन की पारी थी और पिछले पांच टेस्ट में यह उनका चौथा शतक है। उनके नाम तीन अर्धशतक भी हैं और केवल नौ टेस्ट पारियों में वह 807 रन बना चुके हैं जो टेस्ट क्रिकेट में करियर के इस पड़ाव में किसी अन्य खिलाड़ी की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। इस उपलब्धि में उनके पीछे हेनरी सुटक्लिफ, एवर्टन वीक्स, फ्रैंक वॉरेल और सुनील गावस्कर जैसे खिलाड़ी हैं।

# शीर्ष पहलवानों से मंत्रालय खफा

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने से नाराज

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय देश के शीर्ष पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और इसके अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के साथ चल रहे उनके गतिरोध के कारण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने से नाराज है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक और संगिता मोर सहित शीर्ष पहलवानों ने जगरेब और अलेक्सजांद्रिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि एक जांच पैनल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहा है। बृज भूषण लंबित जांच के कारण अपने पद से अलग हो गए हैं। पहलवानों के इस कदम से सरकार नाराज है जो पहलवानों को तैयारियों और ट्रेनिंग के लिए टारगेट ओलंपिक्स पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अंतर्गत वित्तीय सहायता मुहैया कराती है।

# अनिरूद्ध-प्रशांत युगल के फाइनल में



भाषा। बेंगलुरू

**अनिरूद्ध चंद्रशेखर** और एन विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को यहां अर्जुन खाडे और मैक्स नेयूक्राइस्ट की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6 (1) 4-6 10-2 से हराकर बेंगलुरू ओपन के युगल फाइनल में प्रवेश किया। सुमित नागल के गुरूवार को एकल स्पर्धा से बाहर होने के बाद भारतीय खिलाड़ियों में से टूर्नामेंट में केवल अनिरूद्ध और प्रशांत ही बचे हैं। अब दोनों शनिवार को फाइनल खेलेंगे। एकल क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के हमद मेदजेडोविच ने शीर्ष वरीय ताइपे के चुन सिन सेंग को 6-। 6-2 से हराकर उलटफेर किया और अब वह शनिवार को सेमीफाइनल में मैक्स पर्सेल से भिड़ेंगे। पर्सेल ने इटली के लुका नार्डी को 6-2 6-0 से पराजित किया।

## रियो ओपन : अल्काराज ने फोगनिनी को हराया

**रियो डी जिनेरियो।** गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे अनुभवी फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नही दिखा सके लेकिन क्वार्टरफाइनल मे पहुंचने मे सफल रहे। शीर्ष वरीय अल्काराज ने गुरुवार को इटली के 35 साल के खिलाड़ी की चुनौती से उबरते हुए दो घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले मे 6-7, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। अमेरिकी ओपन चैम्पियन का सामना अब सर्बियाई खिलाड़ियों लास्लो जेरे और दुसान लाजोविच के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। स्पेन के 19 वर्षीय अल्काराज चोट के कारण चार महीनो तक बाहर रहने के बाद वापसी मे यहां अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे है।

## गॉफ दुबई चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में, स्वियातेक से होगी भिड़ंत, सबालेंका हारी

***दुबई।*** अमेरिका की 18 वर्षीय कोको गॉफ ने हमवतन मैडिसन कीज को 6-2, 7-5 से हराकर दुबई चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया जहां उनका सामना शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक से होगा। कैरोलिना प्लिसकोवा ने बीमार होने के कारण अपने मुकाबले से हटने का फैसला किया जिससे तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्वियातेक को अंतिम चार मे वॉकओवर मिला। पांचवी वरीयता प्राप्त गॉफ ने हमवतन कीज की गलतियों का फायदा उठाया जिन्होंने 51 अनफोर्स्ड गलतियां की। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेंका को 0-6, 7-6,6-। से हराकर उलटफेर किया। सबालेंका आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन है जो क्रेजसिकोवा पर बढ़त बनाने के बावजूद हार गई। वही अब 2021 फ्रेंच ओपन चैम्पियन क्रेजसिकोवा का सामना सेमीफाइनल मे अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा जिन्हें कैरोलिना मुचोवा के पेट मे चोट के कारण हटने से वॉकओवर मिला।

# सिंधू ने कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ा

भाषा। नई दिल्ली

**ओलंपिक में** दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू अपने कोच पार्क ताए सांग से अलग हो गई है। दक्षिण कोरिया के कोच ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए भारतीय खिलाड़ी के हाल के निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि यह भारतीय खिलाड़ी बदलाव चाहती थी। पार्क ताए सांग के रहते हुए सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। चोट के कारण पांच महीने तक बाहर रहने के बाद सिंधू जब कोर्ट पर लौटी तो उन्हें अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। वह मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन में पहले दौर में बाहर हो गई थी। दुबई में एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तथा अपने से कम रैंकिंग वाली गाओ फांग जी और मलेशिया के वोंग लिंग चिंग से हार गई थी।